# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 2 अप्रैल, 2026 | वर्ष -01 | अंक-46 | पृष्ठ -14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## सरकार युवाओं को नौकरी व रोजगार प्रदान करने को संकल्पित : नीतीश

### मुख्यमंत्री ने बिपार्ड स्किल पार्क के दक्षता भवन का किया निरीक्षण

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को वाल्मी पटना स्थित बिपार्ड स्किल पार्क के दक्षता भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्किल पार्क में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तृत अवलोकन किया। साथ ही, प्रशिक्षुओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही आवासीय एवं मेस सुविधाओं का भी निराक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस दौरान सीएम ने विभिन्न क्लास रूम में अध्ययन कर रहे प्रशिक्षुओं से बातचीत की तथा उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आप लोग मन लगाकर अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें। सरकार युवाओं को नौकरी एवं रोजगार प्रदान के



लिए संकल्पित है। बिहार के युवाओं को रोजगार और तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। सीएम ने हिमाद्री छात्रावास का भी जायजा लिया, साथ ही अन्य छात्रावासों की व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पूरे परिसर को व्यवस्थित रखें और यहां प्रशिक्षण पाने वाले प्रशिक्षुओं की सुविधाओं का ख्याल रखें। ज्ञातव्य है कि बिपार्ड स्किल पार्क, पटना परिसर में सरकारी कर्मियों के प्रशिक्षण के राज्य के युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से 6 प्रमुख कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें सिस्टम्स एप्लीकेशंस एंड प्रोडक्ट्स सिस्को सर्टिफाइड नेटवर्क एसोसिएट, जेरियाट्रिक केयर गिवर, फैशन डिजाइनिंग. कॉमिस तथा असिस्टेंट बेकिंग टेक्नीशियन शामिल हैं। इन सभी पाठ्यक्रम के प्रशिक्षुओं को बिपार्ड द्वारा निःशुल्क आवास, भोजन, प्रशिक्षण किट एवं वर्दी आदि उपलब्ध कराई जाती हैं। अब तक सरकारी कर्मियों के अतिरिक्त कुल 667 युवा प्रशिक्षुओं को क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जिनमें से 204 प्रशिक्षुओं को देश-विदेश में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। निरीक्षण के दौरान मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव सह बिपार्ड के महानिदेशक डॉ. बी. राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि व डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के सचिव कौशल किशोर, डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम, एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लोस : अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल पास

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने बुधवार को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) बिल, 2026 पास कर दिया है। इस बिल के जरिए अमरावती को आंध्र प्रदेश की एकमात्र और स्थायी राजधानी का कानूनी दर्जा मिलेगा। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह बिल पेश किया था। इस पर एक घंटे से ज्यादा बहस हुई, जिसके बाद इसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। इसके अलावा आज लोकसभा से जन विश्वास बिल और राज्यसभा से CAPF बिल भी पास हो गया। इससे पहले बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने विदेशों से चंदा मिलने वाले विदेशी अंशदान संशोधन बिल (FCRA) को लेकर हंगामा किया। उन्होंने FCRA बिल वापस लो के नारे लगाए। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों से शांत रहने की अपील की, लेकिन विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर विरोध करते रहे।

### लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने दक्षिणी कमान का कार्यभार किया ग्रहण

**जयपुर।** लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने बुधवार एक अप्रैल को जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिणी कमान के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ का स्थान लिया है, जिन्होंने आज उप सेना प्रमुख का पदभार संभाला है। डिफेंस पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन ने जानकारी दी कि नेशनल डिफेंस एकेडमी के पूर्व कैडेट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने जून 1988 में महार रेजिमेंट में कमीशन लिया। लगभग चार दशकों के विशिष्ट सैन्य करियर में उन्होंने विविध संचालनात्मक परिदृश्यों में व्यापक कमांड एवं स्टाफ नियुक्तियों का दायित्व संभाला है।

### राज्यसभा में सीएपीएफ विधेयक 2026 पारित, विपक्ष ने किया वॉकआउट

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 पारित हो गया। वहीं, विपक्ष ने विधेयक को सिलेक्ट कमेटी के पास भेजने की मांग की और सदन से वॉकआउट किया। इससे पहले सदन में विधेयक पर हुई चर्चा व विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि यह विधेयक संघीय ढांचे और संविधान की भावना के विरुद्ध नहीं है।

### मध्याह्न भोजन खाने से 15 बच्चों की बिगड़ी तबीयत

**भागलपुर।** जिले के शाहजंगी गंगोटा मैदान स्थित प्राथमिक विद्यालय से बुधवार को एक बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां मिड डे मील खाने के बाद करीब 15 बच्चों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बच्चों को आनन-फानन में एंबुलेंस के जरिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

## पश्चिम एशिया संकट को लेकर पीएम ने की सीसीएस की बैठक

### रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल सहित जरूरी सामानों पर की चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 7 लोक कल्याण मार्ग पर कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की एक विशेष बैठक की, जिसमें पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच विभिन्न मंत्रालयों द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई और आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। यह इस मुद्दे पर दूसरी विशेष बैठक थी।



कैबिनेट सचिव ने बताया कि पेट्रोलियम उत्पादों, खासकर एलपीजी और एलएनजी की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए गए हैं। एलपीजी और एलएनजी अब अलग-अलग देशों से मंगाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी के दाम अभी स्थिर हैं और कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने के लिए नियमित कार्रवाई की जा रही है। पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन बढ़ाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। गर्मियों में बिजली की कमी न हो, इसके लिए गैस आधारित बिजली संयंत्रों को कुछ छूट दी गई है और थर्मल पावर स्टेशनों तक ज्यादा कोयला पहुंचाने के लिए कदम उठाए गए हैं। कृषि, नागरिक उड्डयन, शिपिंग और लॉजिस्टिक्स जैसे अन्य क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों से निपटने के उपायों पर भी चर्चा हुई। खाद की उपलब्धता बनाए रखने के लिए यूरिया उत्पादन जारी रखा जा रहा है और डीएपी/एनपीके खाद के लिए विदेशों से समन्वय किया जा रहा है। राज्यों से कहा गया है कि वे खाद की कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्ती से नजर रखें। पिछले एक महीने में खाने-पीने की चीजों की कीमतें स्थिर रही हैं। कीमतों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनाए गए हैं और राज्यों के साथ लगातार संपर्क रखा जा रहा है। सब्जियों, फलों और अन्य कृषि उत्पादों के दामों पर भी नजर रखी जा रही है। ऊर्जा, खाद और अन्य जरूरी चीजों की सप्लाई के लिए वैश्विक स्तर पर नए स्रोत तलाशे जा रहे हैं। इसके साथ ही, समुद्री मार्गों की सुरक्षा और कूटनीतिक प्रयास भी जारी हैं। प्रधानमंत्री ने आम लोगों की जरूरतों की उपलब्धता की समीक्षा की और कहा कि इस वैश्विक संकट का असर नागरिकों पर न पड़े, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों तक सही जानकारी पहुंचे, ताकि अफवाहों को रोका जा सके। अंत में, प्रधानमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे इस स्थिति से प्रभावित लोगों और क्षेत्रों की समस्याओं को कम करने के लिए हर जरूरी कदम उठाएं।

## नागपुर-मुंबई एक्सप्रेसवे पर ट्रक टेम्पो में टक्कर, आठ की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के जालना जिले में नागपुर-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बुधवार शाम तेज रफ्तार ट्रक ने एक टेम्पो को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 8 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। सभी पीड़ित मजदूर हैं। हादसा कडवांची गांव के पास तब हुआ जब महिला मजदूर एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम खत्म कर टेम्पो से घर लौट रही थीं। टेम्पो स्टार्ट होने ही वाला था कि मुंबई की ओर जा रहे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से टेम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और शव सड़क पर बिखर गए। टेम्पो में कुल 11 लोग सवार थे, जिनमें से 7 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।



**शव सड़क पर बिखरे तीन लोग घायल, ट्रक चालक गिरफ्तार**

**एक मृतक की पहचान अभी नहीं हुई :** मृतकों की पहचान अलकाबाई आडमने (45), लक्ष्मीबाई मदन (35), मीना आडमने (45), कंचन आडमने (50), ताराबाई चौधरी (60), कड़ूबाई मदन (55) और सुमन आडमने (70) के रूप में हुई है। एक मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं में मामला दर्ज किया है। महाराष्ट्र की पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों और घायलों को आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया है महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आठ लोगों की मौत अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

## नालंदा भगदड़ मामले में चार पुजारी गिरफ्तार

**अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष समेत 40 पर प्राथिमिकी दर्ज**

**नालंदा/पटना (एनएसबी)।** जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र स्थित मधड़ा शीतला मंदिर में मंगलवार को हुए दर्दनाक भगदड़ में 8 लोगों की मौत के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में चार पुजारियों निरंजन कुमार, अनुज पांडेय, मिथिलेश पंडित और विवेकानंद को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, दीपनगर थाना में अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष समेत कुल 40 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें 20 नामजद और 20 अज्ञात शामिल हैं। यह हादसा उस समय हुआ जब चैत्र माह के अंतिम मंगलवार के अवसर पर मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। अनुमान के मुताबिक, मंदिर परिसर में करीब 20 से 25 हजार लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। लेकिन भीड़ नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने, संकरे रास्ते और अव्यवस्थित प्रवेश-निकास व्यवस्था के कारण अचानक भगदड़ मच गई। इस घटना में कई श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिनमें महिलाएं हैं, जबकि 8 लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने मंदिर प्रबंधन और प्रशासन की लापरवाही को इस हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराया है। लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी भीड़ के बावजूद सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे।

## भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद दागी एसडीपीओ को किया पदमुक्त

**पटना (एनएसबी)।** पुलिस मुख्यालय ने भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद किशनगंज के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) गौतम कुमार को तत्काल प्रभाव से उनके कर्तव्यों से मुक्त कर दिया है। उन्हें पुलिस मुख्यालय में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है और 'पोस्टिंग का इंतजार' वाले दर्जे पर रखा गया है। पुलिस मुख्यालय ने किशनगंज सदर-2 के एसडीपीओ को इस पद का अतिरिक्त प्रभार भी सौंप दिया है। यह कार्रवाई 31 मार्च को आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की ओर से अधिकारी से जुड़े छह ठिकानों पर की गई छापेमारी के बाद की गई है। इस अभियान के दौरान, अधिकारियों को कथित तौर पर गौतम कुमार, उनकी पत्नी, सास और एक महिला सहयोगी के नाम पर पंजीकृत करोड़ों रुपये की संपत्ति मिली। शुरूआती जांच के अनुसार, अधिकारी पर आरोप है कि उन्होंने अपनी सेवा अवधि के दौरान लगभग 80 करोड़ रुपये की संपत्ति जमा की है।

## ईरान ने बहरीन में अमेजन ऑफिस पर किया हमला

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने बहरीन में आज अमेरिकी कंपनी अमेजन वेब सर्विस के एक डेटा सेंटर पर हमला किया। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, हमले के बाद उस जगह पर आग लग गई। इससे पहले बहरीन के गृह मंत्रालय ने भी बताया था कि एक कंपनी की इमारत में आग लगी है, जिसे फायर ब्रिगेड की टीम बुझा रही थी।

हालांकि उस समय कंपनी का नाम नहीं बताया गया था। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब एक दिन पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गाड्र्स ने मिडिल ईस्ट में काम कर रही 18 अमेरिकी कंपनियों को निशाना बनाने की धमकी दी थी। इनमें माइक्रोसॉफ्ट, एपल, गूगल, मेटा जैसी कंपनियां शामिल हैं। वहीं डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए किसी समझौते



**माइक्रोसॉफ्ट-एपल, गूगल भी निशाने पर, ट्रम्प बोले- ईरान से डील की कोई जरूरत नहीं**

(डील) की जरूरत नहीं है। अमेरिका यह युद्ध 2 से 3 हफ्तों में खत्म कर सकता है।

## आज से ₹218 तक महंगा हुआ कॉमर्शियल सिलेंडर

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** नए वित्त वर्ष की शुरूआत कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के महंगे होने से हुई है। सरकारी तेल कंपनियों ने इसके दाम 218 रुपए तक बढ़ा दिए हैं। इसके अलावा अब रेल टिकट 8 घंटे पहले तक ही कैंसिल कर पाएंगे। आज से फास्टैग, टोल टैक्स के साथ इनकम टैक्स से जुड़े नियम मिलाकर कुल 15 बदलाव हो रहे हैं। तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर ₹218 तक महंगा कर दिया है। चेन्नई में ये सबसे महंगा 2246.50 रुपए में मिलेगा। दिल्ली में इसकी कीमत ₹2078.50 हो गई है। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च बढ़ेगा। ऐसे में वें चाय, नाश्ते और थाली महंगी कर सकते हैं।

**रेल टिकट रिफंड और टोल के नियम बदले**

## कांग्रेस सत्ता में आई तो घुसपैठियों को संरक्षण देने वाला कानून लाएगी : मोदी

### असम की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री ने किया तीखा हमला

**बिस्वनाथ (एजेंसी) ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यहां एक चुनावी जनसभा में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए कानून बनाएगी, जिसे भाजपा और उसके सहयोगी कभी लागू नहीं होने देंगे।

प्रधानमंत्री ने असम के बिस्वनाथ जिले में अपनी दूसरी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर विकास विरोधी, भ्रष्टाचार की जननी और राज्य की पहचान, सुरक्षा तथा सांस्कृतिक विरासत से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता के लिए



असमिया अस्मिता को दांव पर लगाया और घुसपैठियों को मुख्यधारा में शामिल कर राज्य को नुकसान पहुंचाया। मोदी ने कहा, ह्लपूरा देश जानता है कि कांग्रेस विकास विरोधी है और आजाद भारत में भ्रष्टाचार की जननी बन चुकी है, लेकिन असम में कांग्रेस ने ऐसे पाप किए हैं, जिनकी कीमत यहां की जनता ने चुकाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति के तहत अवैध कब्जों को बढ़ावा दिया, जिससे लाखों बीघा जमीन पर अतिक्रमण हो गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने इन अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हजारों बीघा जमीन मुक्त कराई है और राज्य की विरासत एवं पारिस्थितिकी को पुनर्स्थापित किया है। उन्होंने लाओखोवा और बुरहाचापोरी अभयारण्यों का जिक्र करते हुए कहा कि एक समय यहां से गैंडे गायब हो गए थे, लेकिन अब उनके संरक्षण के प्रयासों से वे वापस लौट रहे हैं। मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का सबसे बड़ा पाप घुसपैठियों को संरक्षण देना रहा है। अब वही कांग्रेस सत्ता में आने पर उन्हें बचाने के लिए कानून लाना चाहती है।

### विकसित भारत के निर्माण का आधार बनेगा असम का चुनाव

**गोगामुख (असम) (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यहां एक चुनावी जनसभा में असम में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की हैट्रिक का दावा किया। उन्होंने असम में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने, आदिवासी संस्कृति की सुरक्षा, बाढ़ से राहत, बुनियादी ढांचे के विस्तार और गरीब कल्याण योजनाओं को लेकर कई बड़े वादे किए। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि असम का चुनाव विकसित असम से विकसित भारत बनाने का चुनाव है। मोदी ने धेमाजी जिले के गोगामुख की चुनावी जनसभा में कहा कि जनता का उत्साह साफ संकेत दे रहा है कि इस बार राज्य में भाजपा-नीत राजग सरकार लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटेगी।

## कड़ी निगरानी के कारण 78 बालू घाट सरेंडर किए : विजय सिन्हा

**पटना (एनएसबी)।** राज्य के उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बालू घाटों को सरेंडर करने वाली कंपनियों को अब नए टेंडर में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने राज्य में कुल 78 बालू घाटों को सरेंडर करने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जिन कंपनियों ने बालू के खनन की लीज सरेंडर की है, उन्हें राज्य में बालू खनन के लिए अब निकलने वाले नए टेंडर में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं होगी। यह भी कहा कि दरअसल, ओवरलोडिंग और गैर-कानूनी बालू के खनन पर कड़ी निगरानी की वजह से उन्होंने ये घाट सरेंडर किये हैं। उन्होंने बताया कि विभाग ने कुल 12 बालू घाटों के ऑक्शन के लिए नए टेंडर जारी कर दिए हैं।



श्री सिन्हा ने बुधवार को सूचना भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि बिहारी खनन योद्धा पुरस्कार पाने वाले कुल 96 लोगों के बैंक खाते में कुल 4.90 लाख रुपये ट्रांसफर किए हैं। इस संवाददाता सम्मेलन में विभाग के निदेशक मनेश कुमार मीणा, अपर सचिव भारत भूषण प्रसाद के साथ कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## खबरें : एक नजर में

### फतुहा प्रखंड प्रमुख की कुर्सी गिरी, अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में पड़े सभी 12 मत



**फतुहा / एनएसबी ।** पिछले कई दिनों से फतुहा प्रखंड प्रमुख पद को लेकर जारी सियासी उठापटक का बुधवार को अंततः पटाक्षेप हो गया। प्रखंड प्रमुख रजनीश कुमार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर हुए मतदान के बाद उन्हें अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी है। सदन के भीतर सदस्यों के कड़े विरोध और लामबंदी को देखते हुए राजनीतिक गलियारों में पहले से ही इस बात की चर्चा तेज थी कि प्रमुख अपनी कुर्सी बचाने में सफल नहीं हो पाएंगे। हालांकि, रजनीश कुमार ने अंतिम समय तक अपनी सत्ता बरकरार रखने के लिए कई रणनीतिक हथकंडे अपनाए, लेकिन वे बहुमत का गणित साधने में पूरी तरह नाकाम रहे। बुधवार को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए बुलाई गई विशेष बैठक में प्रखंड के कुल 18 पंचायत समिति सदस्यों में से 12 सदस्य उपस्थित हुए। चौंकाने वाली बात यह रही कि खुद निवर्तमान प्रमुख रजनीश कुमार समेत उनके पक्ष के कुल छह सदस्य इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया से अनुपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता उप प्रमुख संतोष कुमार ने की, जबकि निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षक के रूप में भूमि सुधार उप समाहर्ता अभिलाषा सिन्हा विशेष रूप से मौजूद रहीं।
प्रक्रिया के तहत कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने बैठक की शुरुआत में प्रमुख पर लगाए गए भ्रष्टाचार और कार्यशैली से जुड़े आरोपों को विस्तार से पढ़कर सुनाया। इसके बाद उपस्थित सदस्यों के बीच आरोपों पर गहन चर्चा हुई और फिर गुप्त मतदान की प्रक्रिया अपनाई गई। मतदान के नतीजों ने विपक्ष की एकजुटता पर मुहर लगा दी, जहाँ मौजूद सभी 12 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में एकतरफा वोट दिया। इस तरह 12-0 के अंतर से अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया और रजनीश कुमार की कुर्सी चली गई।

इस पूरे घटनाक्रम पर जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए विशेष बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें निर्धारित समय तक 12 सदस्य उपस्थित हुए। नियम सम्मत तरीके से चर्चा के बाद गुप्त मतदान कराया गया, जिसमें सभी 12 मत प्रस्ताव के पक्ष में पाए गए। बहुमत के आधार पर अविश्वास प्रस्ताव को पारित घोषित कर दिया गया है और अब इसकी सूचना जिला प्रशासन को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजी जा रही है।

### ओलावृष्टि के कारण फसल नुकसान का भी भरपाई करे सरकार : अरुण यादव

**पटना/ एनएसबी।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से फसल क्षति पर क्षतिपूर्ति (राहत /अनुदान) का नियम में बदलाव करते हुए 33 प्रतिशत से कम हुए फसल नुकसान का भी भरपाई करे नीतीश-भाजपा सरकार। 33 प्रतिशत से ज्यादा फसल नुकसान पर ही फसल क्षतिपूर्ति हेतु सहायता राशि प्रभावित किसानों को उपलब्ध करने की बात षि मंत्री रामपाल यादव द्वारा कहा जाना किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। उन्होंने ने कहा कि पिछले दिनों बेमौसम आंधी बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण गेहूं, मक्का, केला, लीची, आम और दलहन की फसलों को काफी नुकसान पहुँचा है, जिसके कारण किसानों में मायूसी छाई हुई है।

### मध्य विद्यालय राणा विगहा में मेधावी छात्रों का सम्मान व विदाई समारोह आयोजित



**बाढ़/ एनएसबी।** स्थानीय मध्य विद्यालय राणा विगहा में बुधवार को वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा 2025-2026 में सफल विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक आमोद कुमार की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर शिक्षक प्रवेंद्र कुमार, अमृता कुमारी, ममता कुमारी, शंकर आनंद, सोरव जाना और राधा रानी ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। स्नेहा, रिया, जूली, परी, पल्लवी, राजा, आशुतोष अंतरा इत्यादि उपस्थित थीं।

### अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

बाढ़/ एनएसबी। स्थानीय मध्य विद्यालय राणा विगहा में प्रवेश से प्रगति तक, विद्यालय और अभिभावक साथ-साथ विषय पर आधारित एक भव्य अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक आमोद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शैक्षणिक विकास में अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करना और वार्षिक प्रगति साझा करना रहा । संगोष्ठी के दौरान सत्र 2025-2026 की वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। प्रधान शिक्षक आमोद कुमार ने विभिन्न कक्षाओं में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेधावी विद्यार्थी नित्या कुमारी, रघुनंदन कुमार ,भूमि कुमारी वर्ग 2 माही कुमारी लक्ष्मी कुमारी सन्वी कुमारी,वर्ग 3 देवी रानी ,ज्योति कुमारी ,माही कुमारी,वर्ग 4 अंशिका कुमारी ,बंदनी कुमारी सुरुचि कुमारी,वर्ग 5 रौनक कुमार, मनीष कुमार, वैभव कुमार,वर्ग 6 अंशिका कुमारी पूजा कुमारी ,माया कुमारी,वर्ग 7 शिवम कुमार ,लकी कुमार ,अंशु राज,वर्ग 8 राजा कुमार,स्नेहा कुमारी ,आभा कुमारी को मेधावी प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रधान शिक्षक ने कहा कि विद्यालय और अभिभावक जब एक साथ मिलकर प्रयास करते हैं, तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम में शिक्षक प्रवेंद्र कुमार, अमृता कुमारी, ममता कुमारी, मो़ सानी, राधा रानी, सोरव जाना सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

# फतुहा में सरस्वती विद्या निकेतन का शुभारंभ

### आधुनिक सुविधाओं के साथ मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लोजपा नेता सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव एवं उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि बबन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

**फतुहा (एनएसबी)।** क्षेत्र के यदुवंश नगर (सोनारू) स्थित डॉक्टर उमेश के पीछे नवनिर्मित सरस्वती विद्या निकेतन विद्यालय का बुधवार को विधिवत उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लोजपा नेता सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव एवं उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि बबन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यहाँ नर्सरी से दसवीं कक्षा तक पूर्णतः इंग्लिश मीडियम शिक्षा दी जाएगी। साथ ही छात्रों को नवोदय, नेतरहाट और सैनिक स्कूल जैसी प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं के लिए विशेष रूप से तैयार किया जाएगा। विद्यालय परिसर आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिसमें फुल्ली एसी क्लासरूम और उच्च स्तरीय हॉस्टल की व्यवस्था है। कार्यक्रम के दौरान कोआर्डिनेटर संतोष कुमार ने सभी आगत अतिथियों को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर स्कूल की डायरेक्टर पूनम कुमारी और प्रिंसिपल जुली कुमारी ने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# बीडी कॉलेज, पटना में गांधी फेलोशिप प्री-प्लेसमेंट टॉक आयोजित

दैनिक नव संदेश ब्यूरो



बीडी कॉलेज, पटना की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत का स्वागत करते प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम कुमार।

**पटना।** बीडी कॉलेज, पटना में गांधी फेलोशिप के सहयोग से एक प्रेरणादायक प्री-प्लेसमेंट टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को करियर विकल्पों, स्किल डेवलपमेंट, फेलोशिप अवसरों एवं भविष्य की तैयारी के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की थीम युवा सशक्तिकरण रही। यह आयोजन कॉलेज के सेमिनार हल में हुआ जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज भविष्य में भी छात्रों के लिए ऐसे अवसर उपलब्ध कराता रहेगा, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़े और वे अपने भविष्य को बेहतर दिशा दे सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में डा. नुजहत नाजनीं की भी विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यार्थियों को फेलोशिप के महत्व पर प्रेरक संदेश देते हुए कहा कि आज के समय में केवल डिग्री नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, व्यवहारिक ज्ञान और सामाजिक अनुभव भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को गांधी फेलोशिप जैसे अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर डा. मोहम्मद अली, जो कि पाटलीपुत्र विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट हेड एवं प्लेसमेंट सेल कोअर्डिनेटर हैं, ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। डा. अली स्वयं पूर्व गांधी फेलो रह चुके हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार गांधी फेलोशिप युवाओं को नेतृत्व, मैनेजमेंट और सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करती है। उनके अनुभवों से विद्यार्थियों को करियर और व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण सीख मिली।

कार्यक्रम में गांधी फेलोशिप प्रतिनिधि नासिर हसन ने भी छात्रों से संवाद किया तथा फेलोशिप की चयन प्रक्रिया, आवेदन प्रक्रिया एवं भविष्य की संभावनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि गाँधी आज पूरी दुनिया में प्रसांगिक है । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बीडी कॉलेज के प्लेसमेंट सेल एवं कॉलेज प्रशासन की सक्रिय भूमिका रही।

इस अवसर पर कॉलेज के एनएसएस के प्रोग्राम आफिसर विशाल विजय की भी विशेष उपस्थिति रही। साथ ही प्लेसमेंट सेल से जुड़े प्रोफेसर एवं सदस्य डा. सीमा कुमारी, डा. सुधीर कुमार, सचिन राज तथा रितिका कुमारी ने आयोजन के संचालन एवं समन्वय में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम के समापन पर डा. सुधीर कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने अतिथियों, कॉलेज प्रशासन, गांधी फेलोशिप टीम और सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक साबित हुआ, जिससे उन्हें करियर निर्माण, प्लेसमेंट तैयारी और फेलोशिप अवसरों को समझने में महत्वपूर्ण सहायता मिली।

# अब 24 घंटे में मिलेगा मृत्यु प्रमाण पत्र

दैनिक नव संदेश ब्यूरो

**पंचायत स्तर पर नई व्यवस्था लागू**

**पंचायतों में अवस्थित श्मशान घाट या कब्रिस्तान में मृतक की अंत्येष्टि के बाद मिलेगा**

**सात निश्चय-03 के सबका सम्मान जीवन आसान निश्चय तहत सुविधा**

**पटना।** सात निश्चय-03 के सबका सम्मान जीवन आसान निश्चय तहत राज्य की ग्राम पंचायतों में अवस्थित श्मशान घाट या कब्रिस्तान में मृतक की अंत्येष्टि होने पर परिजनों को 24 घंटे में मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने की तैयारी पूरी हो गई है। यह बातें बुधवार को पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार ने विभाग की समीक्षात्मक बैठक में कही। बैठक में विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति के लिए सभी जिलों के उप-विकास आयुक्त और जिला परिषदों के अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मौजूद रहे।

सचिव ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मृतक के परिजन को 24 घंटे के अंदर मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सके इसके लिए वार्ड सदस्यों को आवश्यक प्रपत्र (प्रपत्र 02 एवं प्रपत्र 08) शीघ्र प्रदान किया जाए। मृत्यु प्रमाण पत्र पंचायत सचिव द्वारा निर्गत किया जाएगा। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभाग द्वारा एक पोर्टल विकसित किया गया है जिसमें ग्राम पंचायतों में अवस्थित शवदाह गृह और कब्रिस्तान में हुई अंत्येष्टि की संख्या और निर्धारित समय सीमा के अंदर मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने की कार्यवाही का अनुश्रवण किया जाएगा।

प्रदत्त राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र समर्पण प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, सहज व तीव बनाने के के लिए विभाग द्वारा पूर्व से विकसित ई- पंचायत बिहार पोर्टल पर यूसी माड्यूल को संलग करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। शीघ्र ही इसका प्रभावी प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए पदाधिकारियों को प्रशिक्षित कर इसे लागू किया जाएगा।

### 2819 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण पूरा

राज्य की ग्राम पंचायतों में 2819 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अहस्तांतरित पंचायत सरकार भवनों का शीघ्र हस्तांतरण सुनिश्चित करते हुए इन्हें क्रियाशील करने हेतु सचिव द्वारा पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। ग्राम पंचायतों द्वारा बनाए जाने वाले पंचायत सरकार भवनों के प्राक्कलन का स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन (एलएईओ) प्राप्त कर निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ करने के लिए सचिव ने पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

### 15 दिनों के अंदर बचे हुए ग्राम पंचायतों में लगेगा स्ट्रीट सोलर लाइट

इसके साथ ही सचिव ने मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत जिन जिलों की ग्राम पंचायतों में शत- प्रतिशत सोलर स्ट्रीट लाइट्स का अधिष्ठापन नहीं हुआ है वहां 15 दिनों के अंदर कार्य पूरा करने कहा। उन्होंने जिला पंचायती राज पदाधिकारियों को राज्य की ग्राम पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाईट अधिष्ठापन का कार्य कर रही एजेंसियों के कार्यो की समीक्षा करने हेतु जिला पंचायत राज पदाधिकारियों को निदेशित किया। साथ ही यदि एजेंसी द्वारा कार्य में विलंब अथवा लापरवाही पाई जाती है तो अनुबंध के आलोक में उनपर कार्रवाई करने के लिए भी पदाधिकारियों को निदेशित किया। पंचायत सचिव के माध्यम से अधिष्ठापित सोलर स्ट्रीट लाइट का नियमित रूप से स्थल निरीक्षण सुनिश्चित करने भी कहा।

### छठे राज्य वित्त आयोग की राशि जनकल्याणकारी योजनाओं पर खर्च

15 वीं वित्त आयोग तथा छठे राज्य वित्त आयोग द्वारा प्रदत्त राशि की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त कर जनकल्याणकारी योजनाओं पर तेजी से खर्च करने के लिए भी पदाधिकारियों को निदेशित किया। बैठक में लंबित न्यायिक वाद तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र की भी समीक्षा की गई।

आहूत समीक्षात्मक बैठक में निदेशक नवीन कुमार सिंह, अपर सचिव डा आदित्य प्रकाश, अपर सचिव नजर हुसैन, संयुक्त सचिव शम्स जावेद अंसारी सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहें।

# बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष और पूर्व विधान पार्षद रणबीर नंदन ने स्थिति का जायजा लिया



बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष और पूर्व विधान पार्षद रणबीर नंदन ने मां शीतला मंदिर, मघरा (बिहारशरीफ) में कल ही हुई दुखद घटना के बाद स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

**बिहारशरीफ / एनएसबी।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष और पूर्व विधान पार्षद रणबीर नंदन ने मां शीतला मंदिर, मघरा (बिहारशरीफ) में कल ही हुई दुखद घटना के बाद स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। वहां के पुजारियों, पंडा समिति और स्थानीय श्रद्धालुओं से विस्तार से बातचीत की तथा मां शीतला की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर दिवंगत श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। यह घटना अत्यंत पीड़ादायक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि इस प्रकार की घटना भविष्य में पुनः न हो। धार्मिक न्यास पर्षद मंदिर की व्यवस्थाओं को सुचारू और सुढ़ करने के लिए आवश्यक पहल करेगा। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, शेड, भीड़ प्रबंधन और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। पंडा समिति से भी आग्रह किया गया है कि नियमित बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करें और भीड़ के अनुसार स्वयंसेवकों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। यदि आवश्यक हुआ तो न्यास पर्षद की ओर से नई समिति के गठन पर भी विचार किया जाएगा। बाद में बिहारशरीफ सदर अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और चिकित्सकों से उपचार की जानकारी ली। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। ईश्वर सभी पर अपनी पा बनाए रखें।

# राजद की टीम आज नवादा जिला के रोह में घटनास्थल का दौरा करेगी

**पटना/ एनएसबी।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि 28 मार्च, को नवादा जिला के रोह प्रखंड एवं रोह थानांतर्गत “रोह पुरानी बाजार” में सामाजिक सौहार्द एवं सद्भावना को बिगाड़ने वाली एक अप्रत्याशित अप्रिय घटना घटी। हालांकि, अमन पसंद लोगों की सजगता के कारण असामाजिक तत्वों द्वारा प्रायोजित ऐसी किसी संभावित घटना को मूर्त रूप नहीं दिया जा सका।

बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और निर्णय लिया है कि इस घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु पार्टी की ओर पूर्व मंत्री मो इसराइल मंसूरी की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय जांच समिति गठित की है। जिसमें ड उर्मिला ठाकुर, विधान पार्षद सह प्रदेश प्रवक्ता, सदस्य,मो सलमान रागीब, पूर्व विधान पार्षद, सदस्य, मधु मंजरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रवक्ता, राजद, सदस्य ,मो एजाज अहमद, प्रदेश प्रवक्ता, राजद, बिहार ,सदस्य, बबलू मालाकार, पूर्व प्रदेश महासचिव, राजद, सदस्य, उदय कुमार यादव, जिलाध्यक्ष, नवादा जिला, सदस्य, विमल कुमार राय, प्रदेश महासचिव, प्रदेश युवा राजद, सभी सदस्य , सतीश कुमार दास, माननीय पूर्व विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता, राजद, संयोजक बनाए गए हैं ।

एजाज ने बताया कि जांच समिति 2 अप्रैल, को पूर्वा 11:00 बजे पटना से घटनास्थल के लिए प्रस्थान करेगी तथा सभी संभावित बिंदुओं पर सूक्ष्म जांच-पड़ताल कर एक तथ्यात्मक प्रतिवेदन पार्टी के राज्य मुख्यालय को समर्पित करेगी।

# बंधक बनाकर नाबालिग से दुराचार, पीड़िता ने महिला थाना में की शिकायत, आरोपी पक्ष ने किया 10 लाख देकर समझौता का प्रयास

**पटना/ एनएसबी।** राजधानी के भूपतिपुर में नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया गया है। 12 वर्षीय बच्ची को बहला-फुसलाकर बंधक बनाकर दो बार रेप करने का आरोप है। नाबालिग मंगलवार को अपने परिजनों के साथ महिला थाना पर शिकायत दर्ज करने पहुंची थी, जहां आरोपी पक्ष के भी लोग पहुंच गए। थाने के बाहर और अंदर समझा बुझाकर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया गया। आरोपी के बचाव में उसकी मां और बहन भी थाने पर आई थी। समझौता के लिए 1 लाख से लेकर 10 लाख रुपए तक का प्रलोभन दिया गया। लेकिन पीड़िता अपने स्टेटमेंट पर कायम रही। पीड़िता की ओर से थाने पर लिखित शिकायत की गई। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने जिला सदर अस्पताल गर्दनीबाग में उसका मेडिकल कराया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आवेदन दिया गया है कि मसौढ़ी का रहने वाला प्रिंस कुमार (32 वर्ष) उनकी नाबालिग बेटी (12 वर्ष) को बहला फुसलाकर मीठापुर बाईपास भूपतीपुर स्थित भाड़े के कमरे में ले गया। वहां दो बार 16 मार्च और 19 मार्च को उसके साथ रेप किया। फिर बच्ची को डराया कि इस बात की जानकारी किसी को मत देना। इसके बाद मांग में सिंदूर भी भर दिया। पीड़िता के परिजनों के मुताबिक मांग में सिंदूर देखने के बाद जब बेटी से पूछा तो उसने सारी घटना की जानकारी दी। इसके बाद जब मैं आरोपी के बहन के रूम पर पूछने गई तो उल्टे उन लोगों ने मेरे साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। मुझे डराने की कोशिश की गई। पीड़िता की मां के आवेदन के आधार पर महिला थाने में केस रजिस्टर्ड किया गया है। 31 मार्च को पीड़िता की मां थाने पर बेटी को लेकर आई थी। उसने बताया कि, बहुत दिनों से वो मेरे साथ गंदी हरकत कर रहे थे। वहीं, आरोपी प्रिंस ने पुलिस के सामने लिव-इन-रिलेशन में रहने की बात कही है।

# छड़-गिट्टी का कारोबारी को गोली मारने वाले पुलिस गिरफ्त से दूर, व्यवसायिक रंजिश के बिंदु पर पुलिस का फोकस

**पटना / एनएसबी ।** शास्त्रीनागर थाना क्षेत्र में छड़ गिट्टी कारोबारी दिलीप कुमार को गोली मार कर हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस किसी बदमाश तक नहीं पहुंच सकी है। पुलिस वारदात को लेकर व्यावसायिक रंजिश और विवाद पर जांच केंद्रित के तफ्तीश कर रही है। जैसा कि पता है कि शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र स्थित जीएस अपार्टमेंट में घुसकर उन पर पांच गोलियां दागी गई। उन्हें दो गोली लगी थी। घटना मंगलवार साढ़े नौ रात को उस वक्त की है जब वह अपने घर जा रहे थे। दिलीप को एक गोली पेट में लगी है। दूसरी गोली हाथ को छूती हुई निकल गई। सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस वीडियो में देखा गया है कि 2 बदमाश हेलमेट लगाए अपार्टमेंट की सीढ़ियों के पास छिपकर बैठे हैं। जैसे ही दिलीप सीढ़िओं पर चढ़ते हैं। बदमाश पीछे से आवाज देते हैं और गोली चला देते हैं। एक गोली दिलीप के पेट में लगी है। वह अंदर की तरफ भागते हैं। बदमाश भी उनके पीछे दौड़ते हैं और 4 गोली और दिलीप को निशाना बनाकर चलाते हैं, लेकिन बदमाशों का निशाना चूक जाता है। जख्मी कारोबारी फुलबारी के जेडीयू विधायक श्याम रजक के मित्र हैं। विधायक उन्हें देखने अस्पताल भी गए थे। घटना के बाद उन्हें तुरंत रुबान हस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। कारोबारी दिलीप कुमार एमपी इंजिकन कंपनी चलाते हैं, उनका कार्यालय बोरिंग रोड चौराहा के समीप स्थित कुमार टावर में है। उनकी कंपनी बड़ी निर्माण कंपनियों को मैटेरियल सप्लाई करती है। एमपी ईनजीकौन एसपी सिंगला जैसी बड़ी-बड़ी कंपनियों में छड़ गिट्टी की सप्लाई देती है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कुछ बिल्डर से हिसाब किताब में रुपए लेनदेन को लेकर देरी चल रही थी, जिसको लेकर विवाद चल रहा था। इस बिंदु से भी पुलिस छानबीन कर रही है। आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

# बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने की हीट वेव प्रबंधन की बैठक



बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य में संभावित लू (हीट वेव) की चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

**पटना / एनएसबी।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य में संभावित लू (हीट वेव) की चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक उपाध्यक्ष डा. उदयकांत की अध्यक्षता में तथा सदस्य पीएन राय एवं कौशल किशोर मिश्र के मार्गदर्शन में की गई।

इस अवसर पर प्राधिकरण के सचिव मो. वारिस खान सहित विभिन्न हितधारक विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में स्वास्थ्य, कृषि, जल संसाधन, पेयजल, आपदा प्रबंधन, अगिशमन, पंचायत, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य आगामी महीनों में संभावित तापमान वृद्धि, जल संकट, स्वास्थ्य जोखिम तथा फसल एवं आजीविका पर पड़ने वाले प्रभावों के मद्देनजर समन्वित रणनीति तैयार करना था।

बैठक में प्रस्तुत मौसमीय विश्लेषण के अनुसार अप्रैल माह में तापमान सामान्य से थोड़ा ऊपर रहने की संभावना है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान 36 से 38 डिग्री सेल्सियस तक रहने तथा दक्षिणी बिहार के कुछ क्षेत्रों में 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुँचने की आशंका व्यक्त की गई। 17 से 23 अप्रैल के बीच पुनः तापमान वृद्धि की संभावना जताई गई। यह भी संकेत दिया गया कि मई माह में परिस्थितियाँ अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं, जिसके लिए अभी से तैयारी आवश्यक है।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी विभाग अगले 15 दिनों के भीतर अपने-अपने स्तर पर ठोस प्रगति सुनिश्चित करेंगे। अगली समीक्षा बैठक 15 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी विभागों द्वारा किए गए कार्यो की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

कार्यक्रम समन्वय एवं बैठक क संचालन वरीय शोध पदाधिकारी श्री दीपक कुमार ने किया। बैठक के अंत में यह विश्वास व्यक्त किया गया कि यदि सभी विभाग समन्वित एवं गंभीरता के साथ कार्य करें, तो लू प्रबंधन में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की जा सकती है तथा राज्य के नागरिकों को सुरक्षित रखा जा सकेगा।

### भाकपा माले का 12 वां बिहार राज्य सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बैठक

**दनियावां/ एनएसबी।** भाकपा माले के फतुहा और दनियावां प्रखंड के पार्टी कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक 1 अप्रैल 2026 को पार्टी कार्यालय फतुहा मे प्रखंड सचिव कामरेड शैलेंद्र यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला लीडिंग टीम के सदस्य मुन्ना पंडित कल्लू पासवान अवधेश कुमार सोना देवी साथ पार्टी कार्यकर्ता राजीव यादव विष्णु कुमार बिरजा पासवान सुदामा दास साधु यादव रणजीत सिंह, सुशीला देवी सुलेखा देवी कृष्णा यादव आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। राज्य सम्मेलन के लिए पुरे बिहार से करीब 800 प्रतिनिधि का चुनाव होगा, चुनाव की अधिसूचना जारी कर दिया गया है। प्रतिनिधि चुनाव के लिए नामांकन 11-12 अप्रैल को, स्कूटीनी और नाम वापसी 13 अप्रैल को और मतदान 15 अप्रैल को होगा यह सभी कार्य 10 बजे सुबह से 4 बजे शाम तक होगा जबकि मतदान सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। ये सारी चुनाव प्रक्रिया फतुहा पार्टी कार्यालय में सम्पन्न होगा।

# लूट और चोरी के 51 मोबाइल फोन के साथ चार बदमाश गिरफ्तार, लूट की मोबाइल नेपाल की सीमा पर बेच देते थे

**पटना / एनएसबी।** सचिवालय पुलिस ने राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में मोबाइल लूटने और चोरी करने वाले गिरोह के चार बदमाशों को दबोचा है। पुलिस टीम ने उनके पास से 51 मोबाइल फोन बरामद किया है। इस मामले की जानकारी सिटी एसपी मध्य दीक्षा ने पत्रकारों को दी। पुलिस के मुताबिक 30 मार्च सचिवालय थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुयी कि मोबाईल छिनतई करने वाले गिरोह के कुछ सदस्यों की गतिविधि सचिवालय हल्ट के पास देखी गयी है। उसके बाद डीएसपी सचिवालय-01 के नेतृत्व में एक टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुये नाकाबन्दी की गयी। उसी क्रम में दो संदिग्धों को एक बैंग के साथ पकड़ा गया। उक्त दोनो व्यक्तियों की तलाशी लेने पर उनके पास से 06 मोबाईल एवं उनके बैंग के अन्दर से 16 मोबाईल कुल 22 मोबाईलों को बरामद किया गया। दोनो पकड़े गये व्यक्तियों के निशानदेही पर पटना एवं पूर्वी चम्पारण के रक्सौल बाजार से भी अन्य दो व्यक्यिों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से भी कुल 33 मोबाईल मोबाईल बरामद किया गया है। इस पूरे प्रकरण में गिरफ्तार चारो अभियुक्तों द्वारा के अनुसार इस गिरोह द्वारा भारत के विभिन्न जगहों से मोबाईल छिनतई करने वाले गिरोह से मोबाईल खरीद कर रक्सौल के रास्ते नेपाल देश में बिक्री करते हैं। नेपाल देश में बिक्री करने वाले मोबाईलों में अधिकांश मोबाईल नामचीन कम्पनी का होता है। पुलिस ने जिन बदमाशों को दबोचा है उनमें रवि कुमार, -कदमकुँआ सालीमपुर अरहा थाना गोंधी मैदान, जिला-पटना, रौशन कुमार राय,-शाहपुर, वार्ड संख्या-05, थाना-महुआ जिला-वैशाली, साजन कुमार,-शीतलपट्टी पो-ढ़ाका थाना-चिरैया जिला-पूर्वी चम्पारण मोतिहारीऔर आदित्य कुमार उर्फ चन्दन उर्फ चिकू पक्स, -बेला थाना-चिरैया जिला-पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) शामिल हैं।

# सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर बेहतर बनाना प्राथमिकता : मुरारी

**केवटी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को स्थानीय विधायक ने शिक्षा व्यवस्था को सुढ़ बनाने के उद्देश्य से कई विद्यालयों का दौरा किया। इस दौरान उन्हेंने उच्च माध्यमिक विद्यालय, शेखपुरदानी में आयोजित विद्यालय प्रबंध समिति की बैठकों में भाग लिया।



बैठकों के दौरान विधायक ने विद्यालयों की शैक्षणिक स्थिति, बुनियादी सुविधाओं, छात्र उपस्थिति तथा शिक्षकों की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। विधायक ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर बेहतर बनाना प्राथमिकता है, और इसके लिए सभी संबंधित पक्षोंशिक्षक, अभिभावक एवं समिति सदस्यको मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए।

बैठक में उपस्थित समिति सदस्यों और अभिभावकों ने भी अपनी समस्याएं और

**विधायक उच्च माध्यमिक विद्यालय दानी में प्रबंध समिति की बैठक में शामिल हुए केवटी**

सुझाव विधायक के समक्ष रखे। विधायक ने आश्वासन दिया कि सभी उचित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, केवटी, विद्यालय के शिक्षकगण, प्रबंध समिति के सदस्य राममूर्ति यादव,नवल यादव, अमरजीत यादव एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सीएपीएफ विधेयक - 2026 से और मजबूत होगा सुरक्षा तंत्र : धर्मशीला

नवसंदेश ब्यूरो

**राज्यसभा में भाजपा सांसद ने रखी अपनी बात**



धर्मशीला गुप्ता।

**भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल सामान्य प्रशासन विधेयक-2026 का किया जोरदार समर्थन**

**दरभंगा।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल सामान्य प्रशासन विधेयक-2026 का जोरदार समर्थन करते हुए इसे देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक, सक्षम और समन्वित बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है।

उन्होंने कहा कि यह विधेयक केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि देश के लाखों सुरक्षा जवानों के सम्मान, उनके बेहतर भविष्य और कार्यक्षमता को सशक्त करने का माध्यम है। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि पिछले वर्षो में आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुए हैं। पारदर्शिता, तकनीकी उन्नयन और बेहतर समन्वय के कारण देश की सुरक्षा व्यवस्था पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है।

उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री की रणनीतियों की भी सराहना करते हुए कहा कि इनके प्रभावी नेतृत्व में नक्सलवाद अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2014 में जहां 126 जिले नक्सल प्रभावित थे, वहीं 2025 तक यह संख्या घटकर मात्र 11 रह गई है। इसी तरह 'रेड करिडोर' के रूप में चिन्हित 36 जिलों की संख्या सिमटकर केवल 3 रह गई है। इसे सरकार की सख्त सुरक्षा नीति और समग्र विकास ष्टिकोण का परिणाम बताते हुए उन्होंने कहा कि नक्सलवाद मुक्त भारत का सपना अब साकार होता दिख रहा है।

उन्होंने कहा कि अब तक अलग-अलग नियमों और सेवा शर्तो के कारण समन्वय में कठिनाई आती थी, लेकिन यह विधेयक सभी बलों के लिए एक समान कानूनी ढांचा प्रदान करेगा। इससे न केवल प्रशासनिक स्पष्टता बढ़ेगी बल्कि जवानों का मनोबल भी मजबूत होगा।

डॉ. गुप्ता के अनुसार, इस विधेयक में वरिष्ठ पदों पर भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों की व्यवस्थित प्रतिनियुक्ति का प्रावधान किया गया है, जिससे राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। यह आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ अभियानों में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

# दरभंगा में बने स्किल डेवलपमेंट सेंटर : सांसद



राम मोहन नायडू से मिलते सांसद ड गोपाल जी ठाकुरा।

**नागर विमानन मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक में शामिल हुए दरभंगा के सांसद**

**बोले-पर्यटन एवं हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए दरभंगा एयरपोर्ट से सी प्लेन संचालन के लिए पायलट प्रोजेक्ट पर पहल आवश्यक**

**दरभंगा (एनएसबी)।** बुधवार को नागर विमानन मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक दिल्ली स्थित मंत्रालय के सभा कक्ष में परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष भारत सरकार के नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें इस परामर्शदात्री समिति के सदस्य सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने विमान एवं विमान घटकों का विनिर्माण एवं अनुरक्षण के एजेंडा के आलोक में, दरभंगा एवं समग्र मिथिला क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु अपने दर्जनों सुझाव दिए।

परामर्शदात्री समिति की बैठक में सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा हवाई अड्डा को पूर्वी भारत के एक प्रमुख विमान अनुरक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाने का सुझाव देते हुए कहा कि इस पहल एयरलाइंस की लागत में कमी, त्वरित सेवा एवं क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सांसद डा ठाकुर दरभंगा हवाई अड्डे पर विमान एवं विमान घटक निर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए मिथिला क्षेत्र में एमएसएमई एवं निजी निवेश को प्रोत्साहित किए जाने पर जोर देते हुए कहा कि एविएशन कंपोनेंट्स निर्माण हेतु औद्योगिक क्लस्टर विकसित किया जाए, जिससे मेक इन इंडिया अभियान को मजबूत किया जा सके। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में नदियों एवं जलाशयों को ध्यान में रखते हुए सी-प्लेन संचालन की पहल के लिए चर्चा करते हुए कहा कि इस सेवा हेतु विस्तृत अध्ययन एवं पायलट प्रोजेक्ट प्रारंभ किया जाए, जिससे पर्यटन एवं कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिल सके।

सांसद डा ठाकुर ने एविएशन स्किल डेवलपमेंट सेंटर के रूप में दरभंगा में प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना पर जोर देते हुए कहा कि इस पहल से स्थानीय युवाओं को एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, ग्राउंड हैंडलिंग एवं तकनीकी कार्यो में प्रशिक्षित किया जा सकता है जिसके लिए पीपीपी मडल को बढ़ावा देकर निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए नीतिगत प्रोत्साहन प्रदान किया जाना आवश्यक है।

सांसद डा ठाकुर ने बैठक में दरभंगा हवाई अड्डा का आधुनिकीकरण, रनवे का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण, नाइट लैंडिंग सुविधा का शीघ्र प्रारंभ, आधुनिक टर्मिनल भवन एवं यात्री सुविधाओं का विस्तार उड़ान सेवाओं का विस्तार, प्रमुख महानगरों हेतु उड़ानों की संख्या में वृद्धि हैदराबाद, चेन्नई, पुणे आदि के लिए नई सीधी उड़ानें, नेपाल एवं खाड़ी देशों के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संभावनाओं पर विचार एयर कार्गो टर्मिनल की स्थापना कर इसके माध्यम से मखाना, मछली एवं अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात हेतु आधुनिक कार्गो सुविधा विकसित किए जाने का सुझाव देते हुए कहा कि बिहार विधानसभा तथा विधानपरिषद से केंद्र सरकार एवं विमानन मंत्रालय को भेजे गए प्रस्ताव के आलोक में दरभंगा एयरपोर्ट का नामकरण कवि कोकिल बाबा विद्यापति के नाम की घोषणा यथाशीघ्र किया जाय। सांसद डा ठाकुर ने बैठक में दरभंगा एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग सुविधा का शीघ्र संचालन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के रूप में विकास विमान प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना मैथिली भाषा में उद्घोषणा सहित विभिन्न विषयों पर अपना सुझाव देते हुए कहा कि दरभंगा एवं मिथिला क्षेत्र को देश के विमानन मानचित्र पर स्थापित किए जाने के लिए केंद्र सरकार संकल्पित है।

# डॉ. विमलेश को सर्वाधिक ओपीडी परामर्श के लिए मिला प्रशस्ति पत्र

**अलीनगर (एनएसबी)।** स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय ने अलीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमलेश प्रकाश को फरवरी 2026 में सर्वाधिक ओपीडी परामर्श देने के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री ने डॉ. विमलेश प्रकाश के अथक परिश्रम, अनुशासन और उत्ष्ट चिकित्सीय सेवा की खुले शब्दों में सराहना की। उन्होंने कहा कि बढ़ती हुई रोगी संख्या के बीच संवेदनशीलता, समर्पण और दक्षता के साथ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना वाकई सराहनीय कार्य है।

डॉ. विमलेश प्रकाश का कार्य उनके पेशेवर दायित्वों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता और संस्था की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में उनके योगदान का परिचायक है। मरीजों के प्रति उनकी सुलभ उपलब्धता, चिकित्सकीय परामर्श की उच्च गुणवत्ता और समयबद्ध सेवा ने स्वास्थ्य केंद्र की प्रतिष्ठा को और भी उंचा किया है।मंत्री श्री मंगल पांडेय ने ड़ विमलेश प्रकाश को हार्दिक बधाई एवं नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ड़ विमलेश भविष्य में भी इसी समर्पण, उर्जा और निष्ठा के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को नई उंचाइयों तक पहुंचाते रहेंगे।



डॉ. विमलेश प्रकाश।

**स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने अलीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमलेश प्रकाश को किया सम्मानित**

# बुनियाद केंद्र पर लगेगा नेत्र जांच शिविर

**बेनीपुर (एनएसबी)।** स्थानीय बुनियादी केंद्र पर नवचारी प्रयोग के तहत दृष्टि दोष से ग्रसित लोगों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 6 अप्रैल से शुरू हो रहे इस शिविर में मुफ्त आंखों की जांच, इलाज और चश्मा वितरण किया जाएगा। यह शिविर 6 मई तक चलेगा, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा।

उक्त जानकारी देते हुए बुनियादी केंद्र के प्रबंधक अबू नसर ने बताया कि केंद्र पर आने वाले सभी लाभार्थियों की आंखों की स्क्रीनिंग की जाएगी। स्क्रीनिंग में दृष्टि दोष पाए जाने पर तत्काल मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा और आवश्यक चश्मा भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा, ष्यह नवचारी प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों की समस्या से जूझ रहे लोगों को सस्ता और सुगम इलाज उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखता है। बिहार सरकार के नवचारी प्रयोगों के तहत यह केंद्र सामाजिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। क्षेत्र में दृष्टि दोष एक बड़ी समस्या बनी हुई है। खासकर किसान, बुजुर्ग और स्कूली बच्चे आंखों की कमजोरी से प्रभावित हैं, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या प्रभावित होती है। इस शिविर से सैकड़ों लोग लाभान्वित होंगे। अबू नसर ने अपील की कि क्षेत्रवासी अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। उन्होंने कहा, कोई भी व्यक्ति बिना देरी के केंद्र पहुंचे। जांच पूरी तरह निःशुल्क है और चश्मा भी मुफ्त मिलेगा।

# 4 को बहुउदेशीय भवन में दरभंगा जिला फुटपाथ विक्रेता मजदूर संघ का जिला सम्मेलन सह सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**दरभंगा (एनएसबी)।** 4 अप्रैल शनिवार को हराही तालाब के निकट स्थित बहुउदेशीय भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम दरभंगा जिला फुटपाथ विक्रेता मजदूर संघ के जिला सम्मेलन सह सम्मान समारोह को लेकर संघ की ओर से तैयारी चल रही है। इस कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए संघ के मुख्य संरक्षक आर के दत्ता ने एवं कार्यकारी अध्यक्ष दरभंगा कारी गामी ने बताया के उपरोक्तविषयक संदर्भ मे साग्रह पूर्वक सूचित करना है कि आगामी शनिवार 4 अप्रैल को सुबह 11 बजे दिन से स्थानीय हराही तालाब के पश्चिम भाग स्थित बहुउद्देशीय भवन में होने जा रही है।आयोजित समारोह में दरभंगा जिला फुटपाथ विक्रेता मजदुर संघ का चौथा जिला सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में नासवी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, चन्द्र प्रकाश सिंह, विधायक,ड मुरारी मोहन झा,विधायक ईश्वर मंडल, महापौर, उप महापौर, पार्षण सहित कई राष्ट्रीय व प्रादेशिक मजदूर नेतागण सहित कई लोगो को आमंत्रित किया।

# मूल्य आधारित राजनीति ही भाजपा का मूल ध्येय

**दरभंगा (एनएसबी)।** सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और एकात्म मानवदर्शन के साथ पंचनिष्ठा एवं मूल्य आधारित राजनीति ही हमारा मूल ध्येय है। भाजपा सिर्फ सत्ता की राजनीति नहीं करती ये विचार पर चलने वाली राजनीतिक पार्टी है। हम भारत माता की जय और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत को आत्मसात करने वाली पार्टी के कार्यकर्ता है। हमारा सैद्धांतिक अधिष्ठान यही है।

आज दरभंगा के जाले विधानसभा के मंडल प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को इस विषय पर प्रशिक्षण देते हुए बिहार संस्त शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी प्रशिक्षण विभाग के प्रदेश संयोजक व बिहार संस्त शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय कुमार झा ने कार्यकर्ताओं को इस विषय का महत्व समझाया। श्री झा ने कहा कि प्रशिक्षण सेकार्यकर्ताओं में नई उर्जा का संचार होता है और प्रशिक्षण समय-समय पर हमें सही दिशा में काम करने का अवसर प्रदान करता है जिससे हम सभी कार्यकर्ता नई उर्जा उत्साह के साथ अपने पार्टी के लक्ष्य को पूरा करने में अपना पूरा योगदान दे सके। उन्होंने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जिस विचार यात्रा व संकल्पना को लेकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चले उसी यात्रा पर चलते हुए आज नरेंद्र मोदी विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

# ओलावृष्टि से नुकसान की भरपाई के लिए किसानों ने उठायी मांग

**बहादुरपुर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में बेमौसम बारिश और आंधी तूफान ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान की भरपाई को लेकर विदेह किसान मजदूर संघर्ष समिति के द्वारा फसल मुआवजा की मांग को लेकर किसानों के बीच पहुंच कर किया विचार विमर्श किया गया। विदेह किसान मजदूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह एवं सचिव गंगा प्रसाद साहू के नेतृत्व में जिले में हुई बेमौसम बारिश ओलावृष्टि और आंधी तूफान से हुए फसल क्षति को लेकर किसानों के बीच पहुंच कर फसल क्षति का आकलन किया गया।

अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि जिले में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि आंधी तूफान से गेहूं और मक्के की फसल के साथ-साथ दलहन और तिलहन की फसल को भारी नुकसान हुआ है।किसान परेशान है सरकार के द्वारा अब तक इतनी बड़ी क्षति का आकलन नहीं किया जाना सरकारी उदासीनता को दर्शाता है।सरकार के द्वारा किसानों को फसल छाती का आकलन कर उचित मुआवजा नहीं दिया जाता है तो विदेह किसान मजदूर संघर्ष समिति किसानों और मजदूर के साथ मिलकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

**मांग की पूर्ति नहीं होने पर विदेह किसान मजदूर संघर्ष समिति ने दी आंदोलन की चेतावनी**

विदेह किसान मजदूर संघर्ष समिति के सचिव गंगा प्रसाद साहू ने भी किसानों के फसल नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कृषि विभाग के द्वारा अब तक हुए बेमौसम बारिश ओलावृष्टि और आंधी तूफान से जो फसल नुकसान हुआ है।इसका जांच नही किया जाना षि विभाग के उदासीनता को दर्शाता है।षि मंत्री के द्वारा षि विभाग के पदाधिकारी को सिर्फ एक पत्र भेज कर फसल क्षति के नुकसान का आकलन करने का आदेश दिया गया,लेकिन जमीन पर षि विभाग के कोई भी पदाधिकारी अब तक फसल नुकसान का आकलन करने नहीं पहुंचे हैं।जो कहीं ना कहीं षि विभाग के उपर सवालिया निशान खड़ा होता है। कृषि विभाग की लापरवाही शुरू से ही सामने आ रही है।एक तरफ रवि फसल के समय घटिया किस्म का बीज दे कर किसानों के साथ धोखा किया। किसान किसी तरह अपनी खेती दोबारा किया लेकिन वर्तमान में बेमौसम बारिश ओलावृष्टि और आंधी तूफान से जो नुकसान हुआ है।उसकी भरपाई सरकार के द्वारा जरूर होनी चाहिए।अगर षि विभाग अभिलंब जिले के किसानों का फसल क्षति का आकलन कर मुआवजे की राशि का भुगतान नहीं करती है तो विदेह किसान मजदूर संघर्ष समिति आंदोलन करने पर मजबूर होगी।

# जिलाधिकारी ने पीएनजी का विस्तार करने में तेजी लाने के दिए निर्देश

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत और डिलीवरी में हो रही देरी के बीच शहरवासियों के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) बड़ी राहत बनकर उभरी है। अब पाइपलाइन के जरिए सीधे घरों की रसोई तक गैस पहुंचने लगी है, जिससे उपभोक्ताओं को सिलेंडर बुकिंग, इंतजार और खत्म होने की चिंता से मुक्ति मिल रही है। जिलाधिकारी द्वारा पाइपलाइन एजेंसियों के साथ बैठक कर इस व्यवस्था को तेजी से विस्तार देने का सख्त निर्देश दिया है।

शहर के करीब 25 वार्डो में पीएनजी नेटवर्क बिछाकर गैस आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। ज्ञातव्य हो कि अबतक 14,500 से अधिक घरों में कनेक्शन चालू हो चुके हैं। इसका सीधा फायदा यह हुआ है कि इन परिवारों को अब सिलेंडर की उपलब्धता या रिफिल की परेशानी नहीं झेलनी पड़ रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पीएनजी आने से रसोई व्यवस्था अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित हो गई है। पीएनजी के प्रति लोगों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 100 से अधिक नए घरों में कनेक्शन जोड़े जा रहे हैं। संबंधित एजेंसी द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए शहर के अधिकाधिक इलाकों को कवर किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने

**मुजफ्फरपुर के 25 वार्डों के 14,500 से अधिक घरों में पीएनजी से की जा रही गैस की आपूर्ति**

जल्द से जल्द अधिकाधिक घरों तक पाइप्ड गैस की सुविधा पहुंचाने का निर्देश दिया है, ताकि किसी को भी गैस संकट का सामना न करना पड़े। आने वाले महीनों के लिए भी महत्वाकांक्षी योजना तैयार की गई है। अगले 2 से 3 महीनों के भीतर 5 हजार से अधिक नए कनेक्शन चालू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शेष वार्डो में पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से जारी है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए संबंधित एजेंसियों को कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शहर के सभी पात्र उपभोक्ताओं तक समयबद्ध तरीके से पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। पाइपलाइन बिछाने के दौरान गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी या सुरक्षा संबंधी समस्या उत्पन्न न हो।

कनेक्शन लेने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा से जुड़ सकें। उन्होंने एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक विलंब या असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वे पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए आगे आएं और सुरक्षित उर्जा के इस विकल्प को अपनाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि पीएनजी व्यवस्था के विस्तार से न केवल गैस संकट की समस्या दूर होगी, बल्कि शहर में स्वच्छ, सुरक्षित और सस्ती उर्जा की उपलब्धता भी सुनिश्चित होगी।

# मनियारी में नौ दिवसीय श्रीमद्भभागवत कथा, सामूहिक उपनयन और 51 कन्या विवाह का आयोजन 19 से

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मनियारी थाना क्षेत्र स्थित महंथ मनियारी में 19 अप्रैल 2026 से आयोजित होने वाले नौ दिवसीय ह्लश्री श्री 108 शिवशक्ति महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस नौ दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन यज्ञ की पूणार्हुति के पश्चात सामूहिक उपनयन और 51 कन्याओं का विवाह भी संपन्न कराया जाएगा। यह जानकारी अयोध्या से पधारे राजीव लोचन शरण जी महाराज ने आयोजित प्रेस कन्फ्रेंस में दी। उन्होंने इस नौ दिवसीय आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 19 अप्रैल को कलश यात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं अग्नि स्थापना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। 20 अप्रैल से श्रीमद्भभागवत कथा प्रारंभ होगी, जिसका समापन 26 अप्रैल को कथा विसर्जन के साथ किया जाएगा। वहीं 27 अप्रैल को यज्ञ की पूणार्हुति के साथ सामूहिक उपनयन संस्कार एवं 51 कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जाएगा। इस आयोजन में यज्ञ पुरोहित पंडित गणेश झा रहेंगे। जबकि यज्ञकर्ता अभिषेक मिश्रा सहित अन्य लोग होंगे। इस अवसर पर यज्ञ के आयोजकों ने जिले के श्रद्धालु भक्तों से सपरिवार इस महायज्ञ में भाग लेने की अपील की। मौके पर यज्ञ संरक्षक भारत भूषण बंसल, विपुल शर्मा, रमेश कुमार चौधरी, आचार्य अलख निरंजन शास्त्री, गणेश झा, नवल किशोर ठाकुर, भारत कुमार सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

# यूपीएस में भाजपा के जिला महामंत्री का किया गया भव्य स्वागत

**बिरौल (एनएसबी)।** सुपौल बाजार स्थित स्थानीय उषा पब्लिक स्कूल (यूपीएस), बिरौल में मंगलवार को एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के दरभंगा पूर्वी जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, प्रथम हस्पिटल बिरौल के संस्थापक डॉ. राजेश झा और गुरुकुल क्लासेज बिरौल के निदेशक केशव चौधरी विद्यालय प्रांगण पहुंचे। विद्यालय के चेयरमैन अशोक कुमार झा ने मिथिला की गौरवशाली परंपरा के अनुसार सभी आगत अतिथियों को पाग और चादर प्रदान कर उनका भव्य स्वागत व अभिनंदन किया।



कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विद्यालय का भ्रमण कर वहां की शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भाजपा जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि उषा पब्लिक स्कूल की उत्कृष्ट विधि-व्यवस्था और अनुशासित शैक्षणिक माहौल देखकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई है। उन्होंने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना की। वहीं बिरौल के चिकित्सक डॉ. राजेश झा ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अलख जगाने के लिए ऐसे आधुनिक और सुसज्जित शिक्षण संस्थानों की महती आवश्यकता है। गुरुकुल क्लासेज के निदेशक केशव चौधरी ने विद्यालय के निदेशक अभिषेक आनंद की उर्जा और विजन की तारीफ करते हुए संस्थान के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। इस गरिमामय अवसर पर विद्यालय के संचालक, निदेशक और प्राचार्य सहित कैलाश मुखिया, मिथुन यादव, कौशल झा समेत दर्जनों लोग एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीणों ने जबरिया महंथ को मुँह में कालिख पोत घुमाया, पुलिस को शिकायत का इंतजार

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के कबीर मठ शेरपुर के कथित महंथ के मुँह में कालिख और मोबील पोत गांव में घुमाने का मामला प्रकाश में आया है। इससे संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार, प्रखंड स्थित राम जानकी ठाकुरवाड़ी शेरपुर के महंथ स्मृति शेष राम सुमिरन दास के जीवन काल में ही इस मठ के महंथ के रूप में आत्माराम को ग्रामीणों के बीच पूरे विधि विधान के साथ महंथ बना दिया गया था। लेकिन हाल ही में कुछ लोगों के कहने पर भगवान दास महंथ बनने और ताज पोसी के लिए आ धमके। जिसका स्थानीय लोगो ने खुल कर विरोध किया और उन्हें चले जाने की बात कही। लेकिन बुधवार को अचानक महंथ के रूप में भगवान दस की महंथ रूप में ताजपोशी की खबर ग्रामीणों में फैलते ही ग्रामीण उग्र हो गए और उनके मुँह में कालिख और मोबील पोत कर गांव में घुमाया। इस घटना ने क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाझ्रपरिचर्चा का दौर चल पड़ा है। उधर पूछे जाने पर थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि, मुझे भी वायरल वीडियो और मामले की जानकारी मिली है। किन्तु इस सम्बन्ध में किसी पक्ष ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। महंत को कालिख पोतकर घुमाना कानूनन अपराध है। मामले की छानबीन की जा रही है।



### लापता युवक का शव मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश, जम कर काटा बवाल, आगजनी कर जताया रोष

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के हानपुर थाना क्षेत्र के मरांची उजागर वार्ड संख्या 09 के पूर्व वार्ड सदस्य अकलू साह (राज मिस्त्री) के पौत्र एवं शंकर साउण्ड सर्विस के संचालक शंकर साह के पुत्र 19 वर्षीय राकेश कुमार 30 मार्च सोमवार के देर संध्या से लापता था। उसकी मोटर साइकिल और कपड़े सकरपुरा स्थित भारद्वाज कॉलेज के निकट अवस्थित बांसवाड़ी से मंगलवार को देर संध्या पुलिस ने लावारिस हालत में बरामद किया। देर रात्रि तक स्थानीय लोग एवं पुलिस कर्मी मृतक की तलाश करते रहे, लेकिन राकेश कुमार का कुछ पता नहीं चला। पुनः बुधवार 01 अप्रैल को अहले सुबह से परिजन एवं स्थानीय लोगों ने भारद्वाज कॉलेज के इर्द गिर्द खोजबीन करने लगे। इसी क्रम में रजवा रोड निरंकारी भवन से इमली चौक के बायपास के रास्ते में एक बाउंड्रीवाल के भीतर से राकेश कुमार का शव क्षत-विक्षत हालत में बरामद किया गया। बताया जाता है कि अपराधियों ने राकेश धारदार हथियार पेट एवं गर्दन को बुरी तरह से काट कर नृशंस कर दी। शव मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। परिजन ने शव को रखकर हसनपुर बाजार के सुभाष चौक को जाम कर दिया। वे हत्यारे की जल्द से जल्द गिरफ़्तारी व कठोर सजा की मांग कर रहे थे। समाचार प्रेषण तक पुलिस लोगों को समझा के प्रयास में जुटी थी।



### एसडीओ ने किया बाजार समिति गोदाम का निरीक्षण

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बुधवार को बाजार समिति स्थित गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोदाम में भंडारण व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा मानकों सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि, गोदाम में अनाज के सुरक्षित भंडारण, नियमित सफाई एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि अनाज सुरक्षित और उपयोगी रहें और किसी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न रहे। साथ ही, उन्होंने गोदाम परिसर में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने एवं कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। श्री कुमार के नेतृत्व में प्रशासन द्वारा क्षेत्र में व्यवस्था में सुधार एवं पारदर्शिता लाने का कार्य निरंतर जारी है। निश्चित ही यह कदम आमजन के हित में महत्वपूर्ण साबित होगा।



### मैट्रिक परीक्षा की 10वीं टॉपर आदित्री हर्ष को डॉ. मनोज ने किया सम्मानित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2026 में 481 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर दसवां स्थान तथा जिला स्तर पर पांचवां स्थान हासिल करने वाली आदित्री हर्ष को श्री रामचंद्र सेवा ट्रस्ट के संस्थापक सह सुप्रसिद्ध समाजसेवी चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने, ताजपुर प्रखंड अंतर्गत मुरादपुर बंगरा गांव स्थित उनके आवास पर जाकर अंगवस्त्र एवं 5001 नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान बधाई और शुभकामना व्यक्त करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि, आदित्री की यह उपलब्धि पूरे समाज के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। वे शिक्षा, खेल, विज्ञान और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा कौशल का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि, वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम, नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास अत्यंत आवश्यक हैं। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि इसके लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण जरूरी है। इस मौके पर आदित्री के पिता राजीव कुमार, माता किरण कुमारी तथा मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार बबलू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



### वाहन चेकिंग में पुलिस को मिली बड़ी सफलता दो युवक को हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** सिंघिया थाना अंतर्गत मूसेपुर स्कूल के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली जब हथियार के साथ दो युवक पकड़े गए। रोसडा. सर्किल इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने सिंघिया थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार युवकों की पहचान मूसेपुर निवासी बैजनाथ पासवान के पुत्र संतोष पासवान तथा जीबूडिहुली निवासी अमिताभ बच्चन पासवान के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि, वाहन चेकिंग के दौरान संदेह के आधार पर दोनों की गहन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान संतोष के पास से पिस्टल की एक मैगजीन, एक जिंदा कारतूस लोड किया हुआ पिस्टल, दो आधार कार्ड और एक वोटर आईडी कार्ड बरामद किए गए। वहीं अमिताभ के पास से एक पिस्टल, दो मोबाइल फोन और एक बाइक जब्त की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मौके पर थाना अध्यक्ष श्याम कुमार मेहता सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### रात्रि गश्ती के दौरान 405 लीटर प्रतिबंधित शराब बरामद, चालक व खलासी गिरफ्तार

**समस्तीपुर (एनएसबी)।**जिले के शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत हथौड़ी थाना क्षेत्र के गलगल चौक पर मंगलवार देर रात पुलिस ने गश्ती के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया। इस दौरान चालक और खलासी को गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद शराब की कुल मात्रा लगभग 405 लीटर बताई जा रही है, जिसमें 45 कार्टन और करीब 540 बोतल विदेशी शराब शामिल हैं। इस बाबत जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष मौसम ने बताया कि, उनके नेतृत्व में एएसआई प्रियंका कुमारी व पुलिस बल की टीम रात्रि गश्ती पर थी। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर गलगल चौक के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में समस्तीपुर से बहेरी की ओर जा रहे एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रोका गया।

# किसी भी आवश्यक वस्तु की किल्लत बर्दाश्त नहीं की जाएगी : डॉ. विजयलक्ष्मी

**अपर मुख्य सचिव ने की महत्वपूर्ण सेवाओं एवं विकास योजनाओं की समीक्षा**


गार्ड ऑफ ऑनर लेते अपर मुख्य सचिव।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बुधवार को समाहरणालय सभागार में अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग-सह-प्रभारी सचिव, समस्तीपुर डॉ. विजयलक्ष्मी, की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने एल.पी.जी. सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति, प्रवासी श्रमिकों के हित और विभिन्न विभागीय योजनाओं की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा की एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एलपीजी सहित पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता को लेकर जिला में एल.पी.जी. के स्टॉक, बैकलाग और वेटिंग टाइम की समीक्षा करते हुए डॉ. विजयलक्ष्मी ने निर्देश दिया कि, उपभोक्ताओं को रिफिल के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े, इसे सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, डीजल और पेट्रोल की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इस दौरान जिले में पी.एन.जी. पाइपलाइन बिछाने और इसके कार्यान्वयन की तैयारियों पर चर्चा की। साथ ही बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने का भी निर्देश दिया ताकि शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ ईंधन की पहुंच सुलभ हो सके। इसके अलावा उन्होंने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत खाद्य पदार्थों की कीमतों की सख्त निगरानी के निर्देश देते हुए मुनाफाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए नियमित छापेमारी और बाजार अनुश्रवण करने को कहा ताकि आम जनता को उचित दर पर सामग्री मिल सके। प्रवासी मजदूरों के हितों की सुरक्षा और उनके कौशल मैपिंग पर जोर दिया गया। सरकारी आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों के संचालन की स्थिति का जायजा लिया गया। 'दीदी की रसोई' के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने और इसे सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान आगामी सीजन को देखते हुए उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा की गई। जिसमें प्रभारी सचिव ने पिछले वर्षों के विक्रय प्रतिवेदन के आधार पर खाद की मांग और आपूर्ति का संतुलन बनाए रखने का निर्देश दिया ताकि किसानों को परेशानी न हो। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को सक्रिय रहने का निर्देश देते हुए डॉ. विजयलक्ष्मी ने कहा कि, दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जनता से सीधा संवाद स्थापित करें। सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक खबरों का तत्काल खंडन करने और जिला कंट्रोल रूम को 24७7 प्रभावी ढंग से संचालित करने का आदेश दिया। इस क्रम में उन्होंने कहा कि, "प्रशासन का मुख्य उद्देश्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी सेवाओं का लाभ पहुँचाना है। किसी भी आवश्यक वस्तु की किल्लत बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी।"

बैठक के अंत में जिला के अन्य विभिन्न विभागों की कार्यप्रगति की भी समीक्षा की गई। मौके पर प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता राजस्व ब्रजेश कुमार, सहित सभी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## युवाओं की रुचि और पसंद को पसंद आएंगे रॉयल इनफील्ड की गोरिल्ला-450 के नए वेरिएंट, शोरूम के निदेशक ने किया लोकार्पण


नए वेरिएंट का लोकार्पण करते शो रूम निदेशक व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** मंगलवार को रॉयल इनफील्ड के गोरिल्ला 450 के नए वेरिएंट के लोकार्पण के साथ 2025झ26 सत्र का समापन किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक मनीष सिंह ने उपस्थित कर्मियों को बधाई देते हुए बताया कि इस नए वेरिएंट में युवाओं की पसंद और उनके रुचि का खास ख्याल रखा गया है। इसलिए यह नई पीढ़ी को खूब पसंद आने वाली है। सत्रांत उत्सव के दौरान उन्होंने कहा कि, हमने इस सत्र में रिकॉर्ड 2210 बुलेट बाइक की बिक्री कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इतना ही नहीं करीब 200 से अधिक लोगों ने विभिन्न मॉडल की बुकिंग करा रखी है। यह पूरे उत्तर बिहार में सबसे अधिक है। यह उपलब्धि आप सभी लोगों के समर्पित और सामूहिक प्रयास का परिणाम है। वहीं प्रबंधक मनीष झा ने नए वेरिएंट को लेकर बताया कि, रॉयल एनफील्ड ने की नई गुरिल्ला 450 (2026 मॉडल) की शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत ₹2.49 लाख (एपेक्स वेरिएंट) है। यह बाइक 452सीसी लिक्विड कूल शेरपा इंजन, 40 ढर पावर, 17-इंच व्हील्स और बेहतर एग्रेसिव लुक के साथ आती है। इसकी टेस्ट राइड, बुकिंग, डिलेवरी शुरू है। श्री झा ने बताया कि, यह बाइक 3 नए वेरिएंट्स यथा एपेक्स, डैश, और फ्लैश में उपलब्ध है। डिलीवरी और टेस्ट राइड शुरू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि, इसका 452ू का लिक्विड-कूल्ड 'शेरपा' इंजन, जो 40 ढर की पावर और 40 ठे का टॉर्क जनरेट करता है। इसका अपेक्षाकृत ज्यादा एग्रेसिव और रोडस्टर लुक, जो सीधे तौर पर ट्रायम्फ स्पीड 400 को टक्कर देगा। राइड-बाय-वायर तकनीक के साथ 6-स्पीड गियरबॉक्स, असिस्ट और स्लिप क्लच और बेहतर ग्रिप के लिए 17-इंच के नए व्रेडेस्टीन सेंटुरो रळ टायर रफ़्तार की दीवानी नई पीढ़ी को सुरक्षा प्रदान करेगी। राइड-बाय-वायर, दो राइडिंग मोड (इको और परफॉर्मेंस), और शानदार टीएफटी डिस्प्ले भी उन्हें आकर्षित करेगी। इसका इंजन 8,000 १स्त्रे पर 40 पीएस (39.47 बीएचपी) की पावर और 5,500 १स्त्रे पर 40 एनएम का टॉर्क उत्पन्न करता है। मौके पर विक्रय प्रबंधक दीपक कुमार, सर्विस मैनेजर अभिषेक कुमार, यशवंत कुमार, अनिकेत कुमार, अभिजीत कुमार, मनोज झा, विजय कुमार, डॉली कुमारी, मानवी कुमारी, माधवी कुमारी, आयुषी कुमारी, कुंदन कुमार, विमलेंदु झा, प्रिंस कुमार, मनीष राय, इत्यादि।

## विद्यापति इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन को बी.एससी. नर्सिंग केलिए मिली मान्यता

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** अब विद्यार्थियों को नर्सिंग शिक्षा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।एस.के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित विद्यापति इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन को बी.एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम की मान्यता मिल गई है। इस उपलब्धि से संस्थान के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। संस्थान प्रबंधन के अनुसार, सभी आवश्यक मापदंडों एवं अधोसंरचना को पूर्ण करने के बाद यह मान्यता प्राप्त हुई है। संस्थान में आधुनिक लैब, अनुभवी शिक्षकों की टीम तथा बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है, जिससे छात्रों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन एस. के. मंडल ने अपने संदेश में कहा, ह्लयह हमारे ग्रुप के लिए गर्व का क्षण है। हमारा उद्देश्य है कि हम हाशिए पर पड़े वर्ग के छात्रों को भी अपेक्षाकृत न्यूनतम शुल्क पर उत्कृष्ट नर्सिंग शिक्षा प्रदान कर उन्हें एक कुशल एवं संवेदनशील स्वास्थ्यकर्मी के रूप में तैयार करें। हम भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रतिबद्ध हैं।ह्व श्री मंडल ने इच्छुक छात्रझ्रछात्राओं से अपील करते हुए कहा कि, संस्थान नए सत्र में नामांकन हेतु कार्यालय अवधि में संस्थान से संपर्क कर सकते हैं।




## टला हादसा : गड्ढे में गिरी स्कूल बस, चालक जख्मी

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के घटहो-विद्यापतिनगर मुख्य पथ स्थित गढ़सिसई पंचायत के मठ के समीप बुधवार की सुबह एक बड़ा हादसा टल गया, जब एक स्कूली बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। हालांकि बस में बच्चे सवार नहीं थे, बावजूद इसके दुर्घटना के बाद अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो, गलोरिया हाई स्कूल की बस विद्यार्थियों को स्कूल छोड़ने के बाद विद्यापतिनगर की ओर जा रही थी। इसी दौरान अचानक बस का ब्रेक फेल हो गया, जिससे चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस सड़क से नीचे उतरकर गड्ढे में जा गिरी। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बस के चालक और खलासी को सुरक्षित बाहर निकाला। इस हादसे में चालक को हल्की चोट लगने की बात कही गई है। उधर, इस घटना के बाद स्कूल बस से अपने बच्चों को विद्यालय भेजने वाले अभिभावकों में डर और दहशत का माहौल बना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकांश निजी विद्यालयों में बच्चों को ढोने के लिए जर्जर एवं पुराने वाहनों का इस्तेमाल किया जाता है। वाहनों की नियमित जांच नहीं होने के कारण हादसे की आशंका बनी रहती हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच सख्ती से कराने की मांग की है। उधर, घटना के बाद कुछ देर के लिए मार्ग पर आवागमन भी प्रभावित रहा।



## जन सुराज पार्टी का संगठन विस्तार, समस्तीपुर, रोसड़ा, बेगूसराय ब वैशाली के प्रभारी बने संजय सिंह, सत्यनारायण जिलाध्यक्ष, तो साधना महिला प्रकोष्ठ की बनी अध्यक्ष

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बुधवार को समस्तीपुर जिले में जन सुराज पार्टी के संगठन विस्तार केलिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता व संचालन में तथा प्रदेश महामंत्री सरवर अली की मौजूदगी में सम्पन्न इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने जिला पदाधिकारियों की घोषणा की। शहर के हरपुर एलौथ स्थित जन सुराज पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित इस बैठक में श्री भारती ने संगठन और पार्टी को मजबूत बनाने के विभिन्न उपायों पर चर्चा की और महत्वपूर्ण सुझाव दिए। नव चयनित पदाधिकारियों की सूची के अनुसार संजय कुमार सिंह को संगठन जिला समस्तीपुर व रोसड़ा सहित वैशाली एवं बेगूसराय का प्रभारी बनाया गया है। वहीं सत्यनारायण सहनी को जिलाध्यक्ष, निरंजन ठाकुर को जिला महामंत्री एवं राज कमल को कोषाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि, साधना पासवान को महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, राहुल कुमार को युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष और श्याम किशोर चौधरी को किसान प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा, मनोज तिवारी को बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष, पप्पू गुप्ता को व्यावसायिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष, जितेंद्र प्रसाद को ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष, रामप्रवेश चौरसिया को कपूर्री मंच अध्यक्ष, इंद्र प्रसाद राम को अंबेडकर मंच अध्यक्ष व मों. खालिद को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी ने मों जुबैर और संध्या भारती को मुख्य प्रवक्ता के रूप में जिम्मेदारी दी है। जिले की सलाहकार समिति में हरेंन्द्र पासवान, विष्णुदेव महतो, डॉ उमा भारती, हरेंद्र कुमार और मो. जफर इमाम को शामिल किया गया है। पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने कहा कि नई टीम संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जन सुराज की विचारधारा को आम लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और नए प्राथमिक सदस्यों को जोड़ने का आह्वान किया। इन प्राथमिक सदस्यों की सहमति के बाद पंचायत समिति का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम में जन सुराज के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## नहीं रहे राजद नेता रम्भू, लोगों ने जताया शोक


राजद नेता का फाइल चित्र।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के विशनपुर निवासी सह राजद प्रखंड महासचिव रंजीत कुमार रंभू नहीं रहे। पटना के एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांसे ली। विगत 02 महीने से वे कैंसर का ईलाज महावीर कैंसर संस्थान , पटना में करा रहे थे। उनके अंतिम यात्रा में विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता तथा सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे ' उनके निधन पर पूर्व विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि, उनके निधन से वे बेहद मर्माहत है। एक लोकप्रिय समाजसेवी, मिलनसार व्यक्तित्व, सामाजिक सदभाव के प्रतीक एवं चर्चित राजद नेता के रूप में रंभू सदैव याद आते रहेंगे ' उनके निधन पर शोक संदेश देने वालों में पूर्व विधान पार्षद सह राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती, विनोद कुमार राय, मोङ्क रजीउल इस्लाम रिज्जू, जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, अजय कुमार, लोजपा नेता नीरज भारद्वाज, अधिवक्ता मोङ्क शाहिद हुसैन, रेलवे ट्रेड यूनियन नेता एस.के.निराला, राकेश कुशवाहा, रामविनोद पासवान, जयशंकर ठाकुर, ठाकुर रामानुजम, नीलू शर्मा, भूषण ठाकुर, अवधेश ठाकुर, कपिलेश्वर शर्मा, सुबोध ठाकुर, शरद ठाकुर, डॉक्टर मोहन ठाकुर, प्रिंस कुमार, हरेंद्र कुमार, नंदन यादव, राजा ठाकुर, ज्योतिष महतो, संजय शर्मा, मनोज कुमार राय, जयलाल राय, प्रमोद कुमार पप्पू, रामलौलिन राय, राजेश साह, मोङ्क बशीर अहमद, मोङ्क आसिफ इकबाल, दिग्विजय ठाकुर, लप्पू ठाकुर, संदीप सरकार, मोङ्क परवेज आलम, प्रभु नारायण राय, रामलौलिन राय, राकेश कुमार पाण्डेय, राजेन्द्र सिंह, डॉ. रामपुकार कुशवाहा, सुनील सिंह, मोङ्क चांद, सैयद फैसल आलम मन्नू, राकेश मिश्र, अशोक कुमार राय, डॉक्टर उत्तम राय आदि शामिल हैं।

## शिक्षक सम्मान समारोह के साथ स्थानांतरित व सेवानिवृत शिक्षिकाओं को दी गई विदाई

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में सेवानिवृत शिक्षिका किरण कुमारी को समारोह पूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह का संचालन शिक्षक विनय सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका विमला कुमारी ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ इंदिरा कुमारी के स्वागत गान और समापन विद्यालय की छात्राओं के द्वारा विदाई गीत से किया गया। इस अवसर पर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बेला पंचरुखी के प्रधानाध्यापक महिपाल सिंह, रूपनारायणपुर बेला मुखिया




निरंजन कुमार साह, कार्यकारी सरपंच मुखलाल राम, शिक्षक नेता बैजू राय,जय कुमार, शिव शंकर प्रसाद, मऊ बाजितपुर उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमजद हुसैन, बीवी शकीला रहमान, शत्रुघ्न कुमार, आदि ने किरण कुमारी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय से स्थानांतरित शिक्षिका कुमारी रेणु एवं रासदा फररूख को भी अंग वस्त्र व उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक संजीव कुमार झा, रूपेश कुमार, मंगलेश कुमार, कैलाश राम, विमल कुमार साह, मो.सैफुल्लाह, दिवाकर कुमार, विभा कुमारी, सपना कुमारी, नीलम कुमारी, नीरज कुमार कर्ण, मो सबीर, सुधा कुमारी, अर्चना कुमारी, शबनम कुमारी, कामिनी कुमारी, प्रवीण कुमार, अंजुमन शाहीन, खुशबू राय, कोमल पाण्डेय, कैलाश सदा के अलावा बाल संसद, मीना मंच, यूथ क्लब के सदस्य, मध्य एवं उच्च विद्यालय की सभी शिक्षक शिक्षिका, छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और एकात्म मानवदर्शन के साथ पंचनिष्ठा एवं मूल्य आधारित राजनीति ही हमारा मूल ध्येय : मृत्युंजय झा

**मधुबनी /एनएसबी।** भाजपा सिर्फ सत्ता की राजनीति नहीं करती ये विचार पर चलने वाली राजनीतिक पार्टी है। हम भारत माता की जय और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत को आत्मसात करने वाली पार्टी के कार्यकर्ता है। हमारा सैद्धांतिक अधिष्ठान यही है। आज दरभंगा के जाले विधानसभा के मंडल प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकताओं को इस विषय पर प्रशिक्षण देते हुए बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी प्रशिक्षण विभाग के प्रदेश संयोजक व बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय कुमार झा ने कार्यकताओं को इस विषय का महत्व समझाया। श्री झा ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है और प्रशिक्षण समय-समय पर हमें सही दिशा में काम करने का अवसर प्रदान करता है जिससे हम सभी कार्यकर्ता नई ऊर्जा उत्साह के साथ अपने पार्टी के लक्ष्य को पूरा करने में अपना पूरा योगदान दे सके।उन्होंने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जिस विचार यात्रा व संकल्पना को लेकर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चले उसी यात्रा पर चलते हुए आज माननीय नरेंद्र मोदी विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं! इस प्रशिक्षण वर्ग में जाले विधानसभा के विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्री जीवेश मिश्रा भी उपस्थित रहे।




### उच्च माध्यमिक विद्यालय परसौनी उत्तर में हाइजीन किट का वितरण



**बिस्फी/एनएसबी।** प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय परसौनी उत्तर में सोमवार को बालिकाओं के बीच व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हाइजीन किट का वितरण किया गया.इस अवसर पर एडलोसेंस कार्यक्रम में प्रशिक्षित शिक्षिका शोभा कुमारी ने बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि स्वच्छता से कई प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है तथा किशोरावस्था में विशेष रूप से स्वच्छता का ध्यान रखना आवश्यक है.कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार झा ने किया गया. इस अवसर पर विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बालिकाओं को स्वच्छता अपनाने, नियमित रूप से विद्यालय आने तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया.कार्यक्रम के अंत में बालिकाओं के बीच हाइजीन किट का वितरण किया गया. इस कार्यक्रम से छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्होंने इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया. मौके पर रेनू कुमारी प्रदीप रंजन झा सहित कई लोग उपस्थित थे!

### नियोजित शिक्षक से बने विशिष्ट शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र



**बिस्फी/एनएसबी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन के सभागार में सक्षमता परीक्षा तीन एवं चार में उत्तीर्ण शिक्षकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया. प्रखंड क्षेत्र के कुल 36 शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में नियुक्ति पत्र दी गई. बीपीआरओ सह बीईओ शेखर कुमार, चहुटा अंचल बीईओ महेश पासवान की उपस्थिति में सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया. शिक्षकों को नियुक्ति पत्र आधार कार्ड एवं साक्षमता प्रवेश पत्र की छाया प्रति की जांच करने के बाद दी गई. इस मौके पर उन्होंने बताया कि सभी शिक्षकों को ससमय विद्यालयों में योगदान देने का निर्देश दिया गया है.वही सोमवार को एक नई शुरूआत एक नया गौरव के साथ मध्य विद्यालय जफरा मे विद्यालय प्रधानाध्यापक शमशाद अहमद की उपस्थिति में मोहम्मद अजीमुल्लाह ने एक 'विशिष्ट शिक्षक' के रूप में योगदान किया. विद्यालय प्रधान ने कहा कि शिक्षा के प्रति आपका समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणादायक है.अपने विद्यालयों में योगदान दिया. इस मौके पर बीआरसी अनिल कुमार ,राम कुमार गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे!

### एसडीओ ने किया विद्यापति जन्म स्थल का निरीक्षण. दिए कई दिशा



**बिस्फी/एनएसबी।** अनुमंडल पदाधिकारी सारंग पाणी पांडेय ने सोमवार को विद्यापति जन्म स्थली डीह पर पर्यटन विभाग के द्वारा बनाए जा रहे कवि कोकिल विद्यापति जन्म स्थली डीह को भव्य रूप से विकसित करने को लेकर स्थल पर चल रहे कार्य को निरीक्षण किए.वही ग्रामीणों के द्वारा मधुबनी जिला पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर रास्ते के मांग को लेकर आवेदन दिया गया था. जिसको लेकिन एसडीओ ने निरीक्षण किया. मौके पर एसडीओ शारंग पाणी पांडेय ने कहा कि सरकार के के द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के साथ सबका विकास सबका साथ के तहत लोगों को आवागमन के लिए रास्ता भी जरूरी हैं. उन्होंने कहा कि इस पर विचार विमर्श कर रास्ते के समस्या को जल्द निपटा ली जाएगी. इस मौके पर राकेश कुमार यादव के साथ कई पदाधिकारी उपस्थित थे.

### चार लेबर कोड कानून के विरोध सीटू ने मनाया काला दिवस

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार राज्य निर्माण कामगार यूनियन सीटू जिला कमिटी के तत्वावधान में मजदूर पड़ाव पूरब बाजार हटिया गाछी मे बुधवार को केंद्र सरकार के द्वारा चार लेबर कोड कानून लागु किये जाने के विरोध मे सेकड़ो की संख्या मजदूरों ने कलाई और माथे पर काला पट्टी बांध कर काला दिवस के रुप मे मनाया।वही मजदूरों ने आक्रोश जताते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी करते हुए कहा चार लेबर कोड रद्द करने की बात कही। वही इससे पहले यूनियन नेता नसीमउद्दीन, दुखी शर्मा, नसीम मिस्त्री,असलम मिस्त्री, शमद सलाम के संयुक्त नेतृत्व मे सम्बोधित करते हुए जिला सचिव नसीम उद्दीन ने कहा आजादी से पहले मजदूरों को कल कारखाने फैक्ट्री मे भेड़ बकरी की तरह काम कराया जाता था।साथ ही मजदूरी भी सही ढंग से नहीं दिया जाता था। तभी बदतर की जिंदगी जी रहे मजदूरों ने संगठित होकर संघर्ष तेज कर अपना हक अधिकार के लिए पुरे विश्व स्तर पर मजदूरों की लड़ाई हुई।सैकड़ो मजदूर इस संघर्ष मे शहीद भी हुए तब जा कर 1926 मे श्रम संगठन एक्ट बना। इसी आधार पर आजादी के बाद मजदूरों का 44 कानून बना ।इसी हक अधिकार को मजदूर किसान विरोधी केंद्र की भाजपा सरकार रद्द कर 4 चार लेबर कोड कानून लागु कर मेहनतकशों मजदूरों किसानों का शोषण दोहन करने का कानून बना है।जब तक चार लेबर कोड विल वापस नहीं होगा ।तब तक आंदोलन को धारदार बना कर संघर्ष तेज किया जाएगा। इस काला दिवस मे सीटू से जुड़े सदस्य रंजीत शर्मा, इशाक मंसूरी,शमद अली,मंजूर, अरविंद राम,नौशाद, इनामूल, मनोज शर्मा,मुर्शिद आलम,जब्बार कासिम, गोविन्द राम सहित बड़ी संख्या मे श्रमिक मौजूद रहे।



# बिहार विधान सभा में मधुबनी (36) के विधायक की बढ़ती भूमिका



**मधुबनी /एनएसबी।** मधुबनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक माधव आनंद की बिहार विधान सभा में भूमिका निरंतर सशक्त होती जा रही है। बिहार विधान सभा अध्यक्ष, डॉ. प्रेम कुमार द्वारा माधव आनंद को शून्यकाल समिति का सभापति नियुक्त किया गया है' जो उनकी सक्रियता, नेतृत्व क्षमता एवं जनहित के मुद्दों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है। शून्यकाल समिति बिहार विधान सभा की अत्यंत महत्वपूर्ण समितियों में से एक मानी जाती है' जहाँ जनसरोकार से जुड़े तात्कालिक एवं महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया जाता है। इस समिति का सभापति बनाया जाना, विधानसभा के भीतर उनकी प्रभावशाली उपस्थिति और विश्वास का द्योतक है। इसके अतिरिक्त, अध्यक्ष द्वारा माधव आनंद को सामान्य प्रयोजन समिति का सदस्य भी नियुक्त किया गया है। यह समिति विधानसभा के कार्य संचालन एवं प्रशासनिक विषयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। माधव आनंद की इन महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों से यह स्पष्ट है कि वे न केवल अपने विधानसभा क्षेत्र मधुबनी (36) के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत हैं, बल्कि बिहार के व्यापक जनहित के मुद्दों को भी मजबूती से उठाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।इन महत्वपूर्ण नियुक्तियों से माधव आनंद के समर्थकों एवं कार्यकताओं में हर्ष का वातावरण है। विशेष रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकताओं ने इसे गौरव का विषय बताते हुए उनके नेतृत्व में पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है।यह नियुक्तियाँ उनके राजनीतिक अनुभव, जनसमर्पण और प्रभावशाली नेतृत्व का सम्मान हैं।

## भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त विचार : प्रभांशु झा




कार्यक्रम को संबोधित करते।

**मधुबनी/एनएसबी।** बासोपट्टी स्थित सामुदायिक भवन में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' के अंतर्गत खजौली विधानसभा के बासोपट्टी उत्तरी एवं दक्षिणी मंडल के संयुक्त प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र का सफलतापूर्वक उद्घाटन भाजपा मधुबनी के जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा द्वारा किया गया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लभारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त विचार और जनआंदोलन है। हमारे कार्यकर्ता ही इस विचारधारा के वास्तविक वाहक हैं। प्रशिक्षण वर्ग हमें न केवल संगठन की नीतियों और सिद्धांतों की गहराई से समझ प्रदान करता है, बल्कि हमें समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता के साथ पहुंचने की प्रेरणा भी देता है।ह्वउन्होंने आगे कहा कि ह्लआज का कार्यकर्ता जितना वैचारिक रूप से सुदृढ़ और संगठनात्मक रूप से दक्ष होगा, उतनी ही मजबूती से हम ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्व के संकल्प को धरातल पर उतार पाएंगे। हमें अपने आचरण, अनुशासन और कार्यशैली से समाज में विश्वास स्थापित करना है और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए निरंतर कार्य करना है। कार्यक्रम में उपस्थित समर्पित कार्यकताओं के उत्साह, ऊर्जा एवं संगठन के प्रति उनकी अटूट निष्ठा ने यह सिद्ध कर दिया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से कार्यकताओं को न केवल संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों की जानकारी दी जा रही है, बल्कि जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी और अधिक मजबूत किया जा रहा है।

## एलपीजी, पेट्रोल-डीजल एवं आवश्यक वस्तुओं की समीक्षा की,प्रमंडलीय आयुक्त



बैठक करते आयुक्त।

**मधुबनी /एनएसबी।** प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में एलपीजी गैस, पेट्रोल-डीजल, पीएनजी, आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं प्रवासी श्रमिकों की स्थिति को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से आपूर्ति व्यवस्था, मूल्य नियंत्रण, जनसंचार, उर्वरक उपलब्धता एवं कालाबाजारी रोकथाम आदि पर विस्तृत जानकारी दी।जिले में एलपीजी आपूर्ति सामान्य पाई गई। 103 गैस एजेंसियों के माध्यम से लगभग 10.37 लाख उपभोक्ताओं को सेवा दी जा रही है। मार्च माह में 4.27 लाख बुकिंग के विरुद्ध 3.86 लाख सिलेंडर की आपूर्ति की गई तथा वर्तमान में 47 हजार सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। आयुक्त ने लंबित बुकिंग के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया।आयुक्त ने विशेष रूप से बॉर्डर एरिया के पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसियों पर सख्त निगरानी रखने का निर्देश दिया, ताकि किसी प्रकार की अवैध गतिविधि या कालाबाजारी न हो।आयुक्त ने शहरी एवं औद्योगिक विकास को ध्यान में रखते हुए इंडस्ट्रीयल एरिया को पीएनजी नेटवर्क से जोड़ने का निर्देश दिया।

प्रमंडलीय आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जिले में एलपीजी, पेट्रोल-डीजल एवं आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सामान्य है। सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए गए है।उक्त बैठक में जिलाधिकारी आनंद शर्मा,पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार,नगर आयुक्त उमेश कुमार भारती,एसडीओ चंदन झा, डीएसओ दीपक कुमार सहित संबंधित तेल कंपनियों के मैनेजर,एलपीजी वितरक आदि उपस्थित थे।

## भारत की जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु एसडीओ ने किया बैठक



बैठक करते एसडीएम।

**बेनीपट्टी/एनएसबी।** भारत की जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु एसडीओ बेनीपट्टी शारंग पाणि पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में सभी चार्ज पदाधिकारी एवं फिल्ड प्रशिक्षकों की बैठक आहूत की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए एसडीओ ने भारत की जनगणना के महत्व एवं इसके क्रियान्वयन पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला पदाधिकारी, मधुबनी के निदेशानुसार 6. से 17. अप्रैल तक सभी पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों को फिल्ड ट्रेनर के द्वारा चार्जवार बैच बनाकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। बेनीपट्टी अनुमंडल के लिए यह प्रशिक्षण श्री लीलाधर +2 उच्च विद्यालय बेनीपट्टी एवं परियोजना बालिका +2 उच्च विद्यालय बेनीपट्टी में आयोजित की जायेगी। इस कार्त हेतु जिलाधिकारी मधुबनी द्वारा दोनो विद्यालय के सभी कमरा, परिसर उपस्कर सहित उक्त अवधि के लिए अधिकृत कर लिया गया है। सम्पूर्ण बेनीपट्टी अनुमंडल से कुल 2506 प्रगणक एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें 2141 प्रगणक और 365 पर्यवेक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इन्हें 32 फिल्ड प्रशिक्षकों द्वारा तीन-तीन दिन प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। यस सम्पूर्ण प्रशिक्षण कार्य संबंधित चार्ज ऑफिसर अपने निगरानी में सम्पन्न करायेंगे तथा इसका समग्र अनुश्रवण अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा। प्रशिक्षण ऑडियो विजुअल माध्यम से दिया जायेगा जो पूर्वाह्न 9:30 बजे से प्रारंभ होगा एवं अपराह्न 6:00 बजे तक चलेगा। विदित हो कि इस बार जनगणना पूर्ण रूप से पेपरलेस होगा, इसके लिए मोबाइल एप का प्रयोग किया जायेगा। प्रशिक्षण के तुरंत बाद स्वगणना प्रारंभ किया जायेगा जिसमे सभी अपना गणना एप के माध्यम से करेंगे तथा प्रगणक जब घर पर आयेगें तो उन्हें स्वगणना संबंधी आईडी उन्हें देना होगा, बांकी का कार्य प्रगणक द्वारा किया जायेगा। आज के इस बैठक मे सभी प्रखंड के चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा नगर पंचायत बेनीपट्टी के चार्ज पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, सभी फिल्ड प्रशिक्षक, चारो प्रखंड एवं अनुमंडल मे जनगणना कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मी उपस्थित थे।

## कालबद्ध प्रोन्नति को लेकर प्रखंड शिक्षकों की बनी अंतिम सूची



**खजौली/एनएसबी।** प्रखंड के 100 प्रखंड शिक्षकों के कालबद्ध प्रोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। प्रखंड नियोजन इकाई खजौली की बुधवार को प्रखंड कार्यालय खजौली के सभागार में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रखंड नियोजन समिति के अध्यक्ष सह प्रमुख कुमारी उषा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कालबद्ध प्रोन्नति को लेकर प्रखंड शिक्षकों की बनी अंतिम सूची को प्रखंड नियोजन समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। ज्ञात हो की निकाय शिक्षकों को 12 वर्षों की संतोषजनक सेवा उपरांत कालबद्ध प्रोन्नति दिए जाने का विभागीय प्रावधान है। इसी आलोक में शिक्षकों को यह प्रोन्नति दी गई है। वहीं 107 पंचायत शिक्षकों की कालबद्ध प्रोन्नति को लेकर बनी अंतिम सूची को प्रखंड नियोजन समिति द्वारा पंचायत नियोजन समिति को हस्तगत कराने का निर्णय लिया। इधर प्रखंड शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति दिए जाने से प्रखंड के शिक्षकों में हर्ष है। शिक्षकों ने इसके लिए प्रखंड नियोजन समिति के अध्यक्ष सह प्रमुख कुमारी उषा, नियोजन समिति के सदस्य सचिव सह बीडीओ लवली कुमारी को धन्यवाद दिया है। वहीं प्रोन्नति प्राप्त कई शिक्षकों का कहना था कि विभागीय उदासीनता के कारण शिक्षकों को 12 वर्षों में मिलने वाली प्रोन्नति 20 से 22 वर्षों में मिल रही है। इस मौके पर समिति सदस्य सह बीईओ मधुकान्त प्रसाद, सदस्य सह एमओ प्रणव प्रकाश, सदस्य सह पंसस मनोज कुमार झा, प्रधान सहायक रमेश कुमार, शिक्षक सत्यम कुमार, सरोज कुमार आदि उपस्थित थे।

## जयनगर के नो-मेंस लैंड से हटाया गया दशकों पुराना अतिक्रमण



**जयनगर/एनएसबी।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित जयनगर-कमला इनर्वा नो-मेंस लैंड क्षेत्र में बुधवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण को हटाया। बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम, 1956 की धारा 6(1) के तहत विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए स्थानीय प्रशासन, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) की संयुक्त टीम ने बुलडोजर चलाकर अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर दिया।

सीमावर्ती इस संवेदनशील क्षेत्र में लंबे समय से अवैध कब्जे की शिकायतें मिल रही थीं। नो-मेंस लैंड जैसे प्रतिबंधित क्षेत्र में धीरे-धीरे घर, झोपड़ियां और अस्थायी दुकानें बना ली गई थीं, जिससे न केवल सीमा की सुरक्षा पर असर पड़ रहा था, बल्कि प्रशासनिक निगरानी भी चुनौतीपूर्ण हो गई थी। इस स्थिति को देखते हुए जयनगर अनुमंडल प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया।बुधवार सुबह से ही पूरे इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। एसएसबी, बिहार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में क्षेत्र को चारों ओर से घेर लिया गया, ताकि कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की बाधा उत्पन्न न हो। इसके बाद जेसीबी मशीनों की मदद से एक-एक कर अवैध निमार्णों को ध्वस्त किया जाने लगा।

प्रशासन के अनुसार, अतिक्रमणकारियों को पहले ही नोटिस जारी कर क्षेत्र खाली करने का निर्देश दिया गया था। बावजूद इसके कई लोगों ने अवैध कब्जा नहीं हटाया, जिसके बाद यह सख्त कदम उठाया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानों पर लोगों ने विरोध जताने की कोशिश की, लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी के कारण स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही और अभियान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।इस संयुक्त अभियान का नेतृत्व जयनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) राघव दयाल और अंचलाधिकारी के निर्देशन में किया गया। उनके साथ 48वीं बटालियन एसएसबी मुख्यालय जयनगर के अंतर्गत कमला कंपनी के कमांडर सहायक कमांडेंट तासी पलधन की टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही। इसके अलावा जयनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राजीव कुमार, जयनगर थाना के एसआई बलाल खान, देवधा थाना के एसआई कृष्ण कांत सहित कई अधिकारी मौके पर तैनात थे।

कार्रवाई की खास बात यह रही कि इसमें नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) और नेपाल पुलिस ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। नेपाल के इनर्वा क्षेत्र से एपीएफ की टीम दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और अपने क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाने की समानांतर कार्रवाई शुरू की। इस दौरान दोनों देशों के सुरक्षा बलों के बीच बेहतर समन्वय और आपसी सहयोग देखने को मिला, जिससे पूरा अभियान बिना किसी तनाव के सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।अधिकारियों ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नो-मेंस लैंड किसी भी प्रकार के स्थायी निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित क्षेत्र है। इसके बावजूद वर्षों से यहां अतिक्रमण बढ़ता जा रहा था, जो सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर चिंता का विषय बन गया था। इसको लेकर उच्च स्तर पर विचार-विमर्श के बाद दोनों देशों के अधिकारियों की सहमति से संयुक्त अभियान चलाया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस तरह की व्यापक कार्रवाई पहले कभी नहीं देखी गई थी। कई परिवार वर्षों से यहां रह रहे थे, जिनके आशियाने इस अभियान में ध्वस्त हो गए। हालांकि प्रभावित लोगों ने अपनी समस्याएं भी रखीं, लेकिन प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई कानून के तहत और सार्वजनिक हित में की गई है।अभियान के दौरान प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे नो-मेंस लैंड जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अतिक्रमण न करें और कानून का पालन करें। पूरे अभियान के दौरान एसएसबी, बिहार पुलिस और नेपाल एपीएफ के जवान मुस्तैद रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के कारण कहीं से किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। कार्रवाई पूरी तरह शांतिपूर्ण और नियंत्रित ढंग से संपन्न हुई।प्रशासन ने संकेत दिया है कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे और सीमा क्षेत्र को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त बनाया जाएगा। जयनगर में हुई यह कार्रवाई भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### बीआरएबीयू के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय के नेतृत्व में शोध दल ने प्लांट-बेस्ड मिल्क पर किया ऐतिहासिक अध्ययन

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** प्रख्यात खाद्य वैज्ञानिक, बीएचयू के वरिष्ठ प्रोफेसर और वर्तमान में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय शोध दल ने प्रतिष्ठित एल्सेवियर जर्नल 'फूड न्यूट्रिशन' में एक महत्वपूर्ण शोध पत्र प्रकाशित किया है। यह शोध पत्र प्लांट-बेस्ड मिल्क के प्रसंस्करण, पोषण प्रोफाइल और स्वास्थ्य प्रभावों पर केंद्रित है, जो भारत के बदलते आहार परिदृश्य में एक स्थायी समाधान के रूप में उभर रहा है। यह अध्ययन देश भर के विशेषज्ञों के बीच सहयोग पर आधारित है। रिसर्च टीम में अशोक कुमार यादव और नानम रोन्जा राजीव गांधी विश्वविद्यालय, अरुणाचल प्रदेश से, अमन राठौर और हिमांशु त्रिवेदी स्कूल ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से हैं। प्रो. राय और विकास पटेल डेयरी साइंस एंड फूड टेक्नोलॉजी विभाग, इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से हैं। शोध के प्रभाव पर चर्चा करते हुए कुलपति प्रो दिनेशचंद्र राय ने कहा कि हमारा यह व्यापक शोध ओट्स, बादाम, सोया और नारियल से प्राप्त दूध के विकल्पों का पारंपरिक गाय के दूध के साथ तुलनात्मक मूल्यांकन करता है। हालांकि इन विकल्पों में प्रोटीन की मात्रा भिन्न हो सकती है, लेकिन ये फाइबर और फाइटोस्टेरॉल, आइसोफ्लेवोन्स एवं ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे आवश्यक बायोएक्टिव यौगिकों से भरपूर हैं, जो हृदय की सुरक्षा और एंटीऑक्सीडेंट लाभ प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि एंजाइमेटिक हाइड्रोलिसिस और रणनीतिक सुदृढ़ीकरण जैसी उन्नत तकनीकों के माध्यम से खाद्य निमार्ता भारत की बड़ी लैक्टोज-इंटोलरेंट आबादी के लिए पौष्टिक और स्वादिष्ट उत्पाद विकसित कर सकते हैं। प्रो राय ने इसके व्यापक विजन पर जोर देते हुए कहा कि स्वास्थ्य के साथ-साथ यह शोध डेयरी क्षेत्र के विविधीकरण के सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों को भी रेखांकित करता है। बिहार जैसे राज्य बाजरा (मिलेट्स) और मक्का जैसी स्थानीय फसलों का उपयोग करके ग्रामीण उद्यमिता और कृषि मूल्यवर्धन को बढ़ावा दे सकते हैं। ये विकल्प केवल प्रतिस्थापन नहीं, बल्कि पूरक समाधान हैं जो पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य की जरूरतों को पूरा करते हैं। प्रो राय ने बताया कि पिछले दो वर्षों में विश्व के अग्रणी पत्रिकाओं में उनका यह 30वां अंतरराष्ट्रीय स्तर का शोध पत्र है। उनकी इस शोध सफलता पर अकादमिक जगत और पूर्व छात्र संगठनों ने हर्ष व्यक्त किया है।





### विवि मनोविज्ञान विभाग में राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन को लेकर हुई बैठक

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** विश्वविद्यालय सीनेट हॉल में भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों को लेकर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 18 अप्रैल को होगा। इस संगोष्ठी में देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से रिसर्च स्कॉलर एवं प्रोफेसर भाग लेंगे। इस आयोजन को लेकर बुधवार को विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग में तैयारी समिति की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक व विभागाध्यक्ष डॉ रजनीश कुमार गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग, विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग एवं विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान उत्तर बिहार प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 18-19 अप्रैल को सीनेट हॉल में होगा। "भारतीय ज्ञान परंपरा का बहुविषयक चरित्र : दर्शन का मनोविज्ञान, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, कला और साहित्य के साथ तादात्म्य" विषयक यह संगोष्ठी भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित होगा। राष्ट्रीय सेमिनार के संरक्षक कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय होंगे। मुख्य अतिथि के रूप में श्री के एन रघुनंदन, राष्ट्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान नई दिल्ली की गरिमामयी उपस्थित होगी। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो अंबिका दत्त शर्मा, आचार्य दर्शनशास्त्र विभाग, डॉ हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय मध्य प्रदेश सेमिनार को संबोधित करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ कैलाश शर्मा अध्यक्ष हरियाणा उच्च शिक्षा आयोग, हरियाणा एवं वक्ता के रूप में डॉ राज किशोर शर्मा, संकायाध्यक्ष रसायन शास्त्र विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली सेमिनार में अपनी बातों को रखेंगे। तैयारी समिति की इस बैठक में संयोजक व विभागाध्यक्ष डॉ रजनीश कुमार गुप्ता, सह- संयोजक व विभागाध्यक्ष विवि दर्शनशास्त्र विभाग डॉ निखिल रंजन प्रकाश, प्रो रुपाश्री जमुआर, डॉ विकास कुमार, डॉ तूलिका सिंह, डॉ सुनीता कुमारी डॉ रितु कुमारी, डॉ किरण कुमारी ठाकुर, डॉ अफरोज, डॉ अरुण कुमार, डॉ विजय कुमार एवं डॉ ललित किशोर उपस्थित थे।



### हनुमान नगर टोला में अगलगी से चार घर राख, लाखों की क्षति

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** औराई थाना क्षेत्र के धरहरवा पंचायत अंतर्गत हनुमान नगर टोला में बुधवार की संध्या भीषण अगलगी की घटना में चार घर सहित घर में रखे सभी सामान व वस्तुएं पूरी तरह जलकर राख हो गए। इस घटना में 10 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। जानकारी के अनुसार, शाम लगभग साढ़े चार बजे अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आकर मोनिफ शाह, कलाम शाह, नसीम शाह एवं शमीम शाह के घर पूरी तरह जल गए। पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि घर में रखे अनाज, कपड़े, बर्तन, फर्नीचर समेत अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया। वहीं, मुनीफ शाह एवं कलाम शाह के घर में रखा करीब 3.30 लाख रुपये नकद भी आग की भेंट चढ़ गया, जो मकान निर्माण के लिए रखा गया था। अगलगी के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन दमकल वाहन समय पर नहीं पहुंच सका, जिससे नुकसान बढ़ गया। घटना की सूचना पर मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद पूर्वे, वार्ड सदस्य व अन्य जन प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और पीड़ितों को ढांढस बंधाया। साथ ही प्रशासन से पीड़ित परिवारों को शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की गई।



### 8 माह से मानदेय नहीं मिलने से आक्रोशित आशा कार्यकताओं ने कुढ़नी सीएचसी में किया रोषपूर्ण प्रदर्शन

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** कुढ़नी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को सैकड़ों आशा कार्यकताओं ने रोषपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। आशा कार्यकर्ता पिछले आठ महीने से मानदेय का भुगतान न होने से आक्रोशित थीं। उन्होंने दोपहर एक बजे तेज धूप में सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व आशा संघ कुढ़नी प्रखंड अध्यक्ष साधना तिवारी और उपाध्यक्ष पवित्री देवी ने संयुक्त रूप से की। सभी आशा कार्यकताओं ने एकजुट होकर अपनी मांगों को उठाया और शीघ्र बकाए मानदेय के भुगतान कि मांग की। प्रदर्शन के बाद आशा कार्यकताओं ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन चिकित्सा पदाधिकारी और बीसीएम टप्पू गुप्ता को सौंपा। साथ ही अविलंब मानदेय भुगतान की मांग की। इस मामले में बीसीएम टप्पू गुप्ता ने बताया कि यह मामला उनके स्तर का नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आवेदन को संबंधित उच्च अधिकारियों के पास भेजा जा रहा है। वहीं आशा कार्यकताओं ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं, तो वे आगे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगी।

# गर्ल फ्रेंड को बुलाओ नहीं तो कूदकर दे देंगे जान, की शर्त के साथ 300 फीट ऊंची टावर पर चढ़ा युवक, 7 घंटे तक हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा

**पारु क्षेत्र के धरफरी निवासी युवक के इस खतरनाक हरकत को लेकर परेशान रही पुलिस, मौके पर सैकड़ों लोगों की जमी रही भीड़**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)** पारू थाना क्षेत्र के धरफरी वार्ड नंबर 9 का निवासी युवक अनीश कुमार अपने प्रेम प्रसंग को लेकर बुधवार को मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन के दक्षिणी गेट के समीप स्थित 3 सौ फीट से ऊंची मोबाइल टावर पर चढ़ गया औऱ प्रेमिका को बुलाने की शर्तें रखते हुए टावर से कूदकर जान देने की धमकी देने लगा। सुबह साढ़े आठ बजे से युवक के इस हरकत को लेकर शुरू हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा लगभग 7 घंटे तक चलता रहा। वही इस हाई वोल्टेज ड्रामा को लेकर मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा रही। वहीं रेल पुलिस के साथ साथ, रेलवे के अधिकारी, जिला प्रशासन, जिला पुलिस औऱ फायर ब्रिगेड की टीम 7 घंटे तक परेशान रही। काफी प्रयास के बाद युवक के माता पिता के मौके पर पहुंचने तथा पुलिस प्रशासन द्वारा युवक को, फोन तथा माइक के माध्यम से उसकी मांग पूरी करने का आश्वासन दिए जाने के बाद लगभग तीन बजे युवक टावर से नीचे उतरा। वहीं माता पिता के साथ युवक को पुलिस अपने साथ ले गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरफरी वार्ड 9 निवासी प्रभु पंडित के दो पुत्रों में बड़ा अनीश कुमार पुणे में रहकर टाइल्स दुकान में काम करता है। वह एक महीने पहले पुणे से अपने घर आया था। मंगलवार की देर शाम वह फिर से पुणे जाने के लिए घर से निकला। लेकिन बुधवार सुबह लगभग 8 बजे वह मुजफ्फरपुर जंक्शन के दक्षिणी गेट के समीप स्थित लगभग 300 फिट ऊंची मोबाइल टावर पर चढ़ गया। टावर पर चढ़ने के बाद उसने अपने परिजनों को फोन कर कहा कि जबतक उसकी प्रेमिका को जंक्शन पर नहीं बुलाया जाएगा, वह नीचे नहीं उतरेगा। उसने अपने परिजन से धमकी भरे लहजे में यह भी कहा कि अगर उसकी प्रेमिका नहीं आई तो वह टावर से कूदकर अपनी जान दे देगा। बताया जा रहा है कि अनीश का देवरिया की हीं एक लड़की से प्रेम संबंध है औऱ वह अपनी प्रेमिका से शादी करना चाहता है। वह अपनी इसी मांग को लेकर ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़कर लगातार फोन के जरिए अपने परिजनों और अन्य लोगों से संपर्क कर लड़की को बुलाने की मांग कर रहा था। इस बीच उसने स्वयं लगभग 11 बजे 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को खुद ही सारी घटना की जानकारी दी। साथ ही यह भी कहा कि अगर उसकि प्रेमिका को उसके पास नहीं लाया गया तो वह टावर से कूदकर आत्महत्या कर लेगा। उधर, जैसे हीं प्रेम में पागल युवक की इस हरकत की सूचना पुलिस को मिली। वहीं पुलिस टीम जंक्शन स्थित मोबाइल टावर की ओर भागी। जहां पहले से ही सैकड़ों की भीड़ जमा थी। इस घटना की खबर फैलते ही रेलवे पुलिस के साथ साथ रेलवे के अधिकारी, जिला प्रशासन तथा जिला पुलिस की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। टावर पर चढ़े युवक के माता पिता औऱ गांव के लोग भी मौके पर पहुंचे। पुलिस प्रशासन द्वारा तीन सौ फीट ऊंची मोबाइल टावर पर चढ़े युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम को हाइड्रोलिक वाहन के साथ मौके पर बुलाया गया। फायर बिग्रेड के लगभग दो दर्जन जवान हाइड्रोलिक वाहन की सीढ़ी के सहारे टावर के ऊपर बैठे युवक को सुरक्षित उतारने का प्रयास किया। लेकिन टावर की ऊंचाई अधिक होने के कारण हाइड्रोलिक वाहन की सीढ़ी छोटी पड़ गई। अंततः युवक को स्वयं टावर से नीचे उतरने के लिए पुलिस के साथ साथ युवक के माता पिता औऱ उसके ग्रामीण आरजू मिन्नत करते रहे। काफी प्रयास के बाद पुलिस द्वारा संतोषजनक आश्वासन दिए जाने पर युवक लगभग साढ़े तीन बजे स्वयं मोबाइल टावर से नीचे उतरा। इसके बाद लगभग 7 घंटे से जंक्शन परिसर में चल रहा हाई वोल्टेज ड्रामा खत्म हुआ।










1 ( तीन सौ फीट ऊंची मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक।
2 ( घटनास्थल पर लगी सैकड़ों लोगों की भीड़।
3 (युवक को नीचे उतरने के लिए अनुरोध करते पुलिस अधिकारी।



युवक औऱ उसके माता पिता को घटनास्थल से साथ लेकर जाती पुलिस टीम।

## विकास शिविर में ऑन-द-स्पॉट समाधान, पंचायत स्तर पर सुलझ रहीं जनता की समस्याएं : अजीत कुमार

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में आयोजित विकास शिविर आमलोगों के लिए राहत का बड़ा माध्यम बनता जा रहा हैं। इन शिविरों में लोगों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही किया जा रहा है, जिससे उन्हें प्रखंड कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। उक्त बातें बुधवार को पानापुर हवेली पंचायत के दरियापुर स्थित पंचायत सरकार भवन में आयोजित विकास शिविर में उमड़ी पंचायत के लोगों की भीड़ को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने कही। इस क्रम में उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किया गया वादा अब धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पंचायत स्तर पर ही अधिकारियों को बुलाकर कार्य का निष्पादन कराया जा रहा है। शिविर में राशन कार्ड, श्रम, आपूर्ति, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, कृषि, पेंशन, नल जल योजना, बिजली, शिक्षा समेत कई विभागों से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को सभी मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। गंगापुर वार्ड 12 व दामोदरी वार्ड 5 में नल जल योजना नहीं पहुंचने की शिकायत पर उन्होंने पीएचईडी विभाग के कार्यपालक अभियंता से फोन पर बातकर जांच कर शीघ्र योजना चालू कराने को कहा। वहीं राशन नहीं मिलने की शिकायत पर संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में समाधान का निर्देश दिया गया। पोखर में पानी नहीं होने की शिकायत पर उन्होंने मौके पर उपस्थित बीडीओ आनंद कुमार विभूति को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। विधायक ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता के कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने आईसीडीएस द्वारा आयोजित गोद भराई कार्यक्रम में भी भाग लिया तथा विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया। मौके पर बीडीओ सह प्रभारी बीईओ आनंद कुमार विभूति, सीडीपीओ मीरा कुमारी, बीएओ शिवनाथ झा, एलईओ वरुण कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी स्वराज चौहान, बीपीआरओ काजोल कुमारी, पीओ मणि भूषण कुमार, एमओ उमेश कुमार, बीसी अशोक साह, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी, डीपीएम राकेश कुमार, मुखिया प्रियंका कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार, सरपंच गीता देवी, पैक्स अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी, पंसस गणेश साह समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।



विकास शिविर में क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते विधायक अजीत कुमार।

## आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज बिहार के सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेजों में से एक वेहतर संस्थान : पदमश्री डॉ शांति राय

**आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में लाइव गायनी एंडोस्कोपी वर्कशॉप का हुआ म आयोजन**

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** तुर्की स्थित आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बुधवार को लाइव गायनी एंडोस्कोपी वर्कशॉप का भव्य आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री एवं कॉलेज के चेयरमैन सुरेश कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पद्मश्री डॉ शांति राय ने अपने संबोधन में कहा कि आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल बिहार के सर्वश्रेष्ठ मेडिकल संस्थानों की श्रेणी में से एक संस्थान के रूप में उभर रहा है। यहां की चिकित्सा सुविधाएं और प्रशिक्षण व्यवस्था लगातार बेहतर हो रही है जिससे मरीजों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने कहा कि आज का यह लाइव गायनी एंडोस्कोपी वर्कशॉप हमारे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। हमारा प्रयास है कि आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज को न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश में उत्कृष्ट चिकित्सा और प्रशिक्षण का केंद्र बनाया जाए। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ आभा रानी, डायरेक्टर डॉ उदय कुमार एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मंजू गीता की विशेष उपस्थिति रही। लाइव एंडोस्कोपी का सफल संचालन डॉ संजीव द्वारा किया गया, जिसमें आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। वहीं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रंगीला सिन्हा ने बताया कि कॉलेज में उपलब्ध एंडोस्कोपी मशीन अत्याधुनिक तकनीक से लैस है, जो वर्तमान समय की सर्वश्रेष्ठ मशीनों में से एक है। इसके माध्यम से मरीजों के इलाज में सटीकता और गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार संभव है। कार्यक्रम में डॉ प्राची, डॉ कमलेश, सहित पीजी के छात्रों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस वर्कशॉप में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए डॉक्टरों एवं मेडिकल छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों का आदान-प्रदान एवं चिकित्सकों को प्रशिक्षित करना था।

अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन का संकल्प लिया।



वर्कशॉप का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते अतिथिगण।

## सिकंदरपुर लेकफ्रंट का निरीक्षण कर प्रधान सचिव ने सुविधाओं के बेहतर उपयोग और मोनेटाइजेशन का दिया निर्देश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने बुधवार को सिकंदरपुर लेकफ्रंट स्थित कम्युनिटी हॉल, लेक-1 और बोट क्लब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लेक के आसपास विकसित सभी सुविधाओं को देखा और उनके बेहतर उपयोग पर जोर दिया। प्रधान सचिव ने वॉकिंग ट्रैक, लाइटिंग, बैठने की व्यवस्था, ग्रीन एरिया और बोटिंग से जुड़ी सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन सुविधाओं को जल्द से जल्द आम लोगों के उपयोग के लिए बेहतर तरीके से संचालित किया जाए और मोनेटाइजेशन की प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि शहर को राजस्व भी मिल सके। उन्होंने कम्युनिटी हॉल और बोट क्लब के उपयोग को बढ़ाने पर भी जोर देते हुए कहा कि यहां सामाजिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे यह स्थल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सके। इसके बाद प्रधान सचिव ने आईसीसीसी भवन पहुंचकर कमांड एंड कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली को देखा और उसकी बारीकियों की जानकारी ली। स्मार्ट सिटी के प्रबंध निदेशक रितुराज प्रताप सिंह ने बताया कि प्रधान सचिव से निर्देश प्राप्त हुआ है कि सिकंदरपुर लेकफ्रंट की सुविधाओं का जल्द से जल्द मोनेटाइजेशन किया जाए। साथ ही सभी परियोजनाओं के लिए स्पष्ट डेडलाइन तय कर कार्य कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि संबंधित एजेंसी निर्धारित समय-सीमा से आगे बढ़ती है तो उस पर वित्तीय दंड भी लगाया जाएगा, ताकि परियोजनाओं को समय पर पूरा कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त रितुराज प्रताप सिंह, स्मार्ट सिटी के सीनियर टेक्निकल मैनेजर प्रेम देव शर्मा, कंपनी सेक्रेटरी राजीव रंजन, मैनेजर (टेक्निकल) शशांक झा, सुभाष पंडित तथा आईटी मैनेजर अभिषेक रमन सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



कम्यूनिटी हॉल का निरीक्षण करते नगर विकास के प्रधान सचिव।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर 5 से 12 अप्रैल तक जिले के शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम : पवन जयसवाल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भाजपा जिला कार्यालय (पूर्वी) में बुधवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 5 अप्रैल से 12 अप्रैल तक आयोजित किए जाने वाले विशेष कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई और कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि

भाजपा के प्रदेश प्रभारी व पूर्व विधायक पवन जायसवाल ने कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस हम सभी के लिए गौरव का अवसर है। उन्होंने बताया कि 5 से 12 अप्रैल तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान हर कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी है। उन्होंने इस मौके पर सभी मंडल एवं जिला कार्यालयों को भव्य रूप से सजाने, कार्यकताओं को अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाने के साथ इन कार्यक्रमों का विस्तार गांव और पंचायत स्तर तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

वहीं, विधायक केदार प्रसाद गुप्ता ने पार्टी के स्थापना काल के संघर्षों और इसकी विचारधारा पर विस्तार से चर्चा की। पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बूथ और मंडल स्तर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यालयों में रंगोली बनाई जाएगी और पार्टी की विकास यात्रा की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

प्रत्येक मंडल में सुचारू क्रियान्वयन के लिए एक संयोजक और दो सह-संयोजक नियुक्त किए गए हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री प्रदोष सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी गीता कुमारी, उपाध्यक्ष अशोक झा, फेकू राम, सुरेश कुमार, महामंत्री मुकेश शर्मा, मनोज तिवारी, मंत्री परितोष सिंह, कृष्णा महतो, रितु आनंद, बिकाऊ यादव, कार्यालय मंत्री दिलीप कुमार, जिला मीडिया प्रभारी रंजन कुमार ओझा, महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ मोनालिसा सहित जिला के पदाधिकारी एवं सभी मंडल अध्यक्ष के अतिरिक्त जिले के कई प्रमुख पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।




बैठक को संबोधित करते भाजपा के प्रदेश प्रभारी पवन जयसवाल।

## संक्षिप्त खबरें

### मूल्यांकन से गैरहाजिर 16 शिक्षकों पर सख्ती, 2 अप्रैल तक योगदान का निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मध्यमा परीक्षा-2026 के मूल्यांकन कार्य में लापरवाही को लेकर बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड ने सख्त रुख अपनाया है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण कार्य से दूरी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जानकारी के अनुसार, 28 मार्च 2026 से मूल्यांकन कार्य प्रारंभ है, लेकिन कई केंद्रों पर शिक्षकों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई है। सीतामढ़ी के राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय, शास्त्रीनगर स्थित मूल्यांकन केंद्र पर जिले के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, जहां 16 संस्कृत शिक्षक अब तक योगदान नहीं दे पाए हैं। बोर्ड के सचिव नीरज कुमार ने कहा कि मूल्यांकन कार्य में अनुपस्थित रहना छात्रहित के खिलाफ है और यह कर्तव्य के प्रति लापरवाही को दशार्ता है। शिक्षकों द्वारा दिए गए अवकाश या मुक्त करने के आवेदन भी अस्वीकृत कर दिए गए हैं। बोर्ड ने निर्देश दिया है कि सभी संबंधित शिक्षक 2 अप्रैल 2026 को अपराह्न 12 बजे तक अनिवार्य रूप से योगदान करें। निर्धारित समय तक अनुपस्थित रहने पर बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के तहत अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि मूल्यांकन कार्य समय पर पूरा हो सके।

### कब्रिस्तान की घेराबंदी को लेकर ग्रामीणों ने अधिकारियों से लगाई गुहार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के परिहार प्रखंड अंतर्गत नरंगा दक्षिण पंचायत के नरंगा भटपुर गांव स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी को लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने जिला पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, सीतामढ़ी डॉ. सुनीता सोनू को आवेदन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की अपील की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि वार्ड संख्या-03 में स्थित उक्त कब्रिस्तान की कुल भूमि लगभग 2 एक-ड़ 34 डिसमिल है, जहां वर्षों से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का अंतिम संस्कार (दफन) किया जाता रहा है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि अब तक कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण भूमि पर अतिक्रमण की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही जंगली जानवरों द्वारा नई एवं पुरानी कब्रों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार प्रशासन को आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। कब्रिस्तान कमिटी के अध्यक्ष मो. इमरान रजा ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अविलंब कब्रिस्तान की घेराबंदी कराई जाए, ताकि भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो। इस मांग को लेकर परिहार के पूर्व जिला पार्षद प्रोफेसर गौहर सिद्दीकी व ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई है।


अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी को आवेदन सौंपते ग्रामीण।

### जिला प्रभारी सचिव ने घरेलू गैस एवं उर्वरक की निर्वाध आपूर्ति जारी रखने का दिया निर्देश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिला प्रभारी सचिव सह नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें जिले में एलपीजी (घरेलू एवं व्यावसायिक), पीएनजी गैस एवं उर्वरक के भंडारण, मांग, आपूर्ति तथा वितरण व्यवस्था की अद्यतन स्थिति की विस्तृत एवं गहन समीक्षा की गई। गैस आपूर्ति से संबंधित अद्यतन जानकारी लेते हुए प्रभारी सचिव ने ट्रांजिट में मौजूद सिलिंडरों की शीघ्र डिलीवरी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में प्रभारी सचिव ने निर्देश दिया कि घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति होम डिलीवरी के माध्यम से समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं को एजेंसी के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए तथा ऑनलाइन बुकिंग एवं डिलीवरी प्रणाली को सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने लंबित एवं बैकलॉग सिलिंडरों की संख्या को शीघ्र कम करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। ऑनलाइन बुकिंग सुविधा को और अधिक सुलभ बनाने के लिए कश्फर, व्हाट्सएप एवं मिस्ड कॉल सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए, ताकि उपभोक्ता आसानी से गैस बुकिंग कर सकें। प्रभारी सचिव ने आपातकालीन संचालन केंद्र का भी निरीक्षण किया तथा शिकायतों का जवाबदेही से समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से निष्पादन का निर्देश दिया।पीएनजी गैस आपूर्ति की समीक्षा के दौरान प्रभारी सचिव ने निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन उपलब्ध है, वहां शीघ्र कनेक्शन प्रदान किए जाएं तथा औद्योगिक एवं व्यावसायिक इकाइयों को भी पीएनजी से जोड़ने की प्रक्रिया तेज की जाए। प्रभारी सचिव ने गैस गोदामों एवं बॉटलिंग प्लांट पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही जिला नियंत्रण कक्ष को 24७७ सक्रिय रखने एवं प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से गैस एवं उर्वरक आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनेगी, जिससे आम उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी। उर्वरक आपूर्ति के संदर्भ में प्रभारी सचिव ने कहा कि किसानों को समय पर एवं पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।




# किसान व श्रमिक संगठनों ने किया प्रदर्शन

**नव संदेश ब्यूरो**

> चार श्रम कानून वापस लेने, अमेरिका के साथ कृषि ट्रेड डील रद्द करने, प्राकृतिक आपदा से किसानों की सुरक्षा की गारंटी करने की सरकार से की मांग

**सीतामढ़ी।** श्रमिक विरोधी चार श्रम कानून वापस लेने, अमेरिका के साथ कृषि पर ट्रेड डील रद्द करने सहित किसानों-श्रमिकों के ज्वलंत सवालों पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत संयुक्त किसान मोर्चा, सीतामढी के तत्वावधान में सीतामढी शहर में डूमरा रोड मेहसौल चौक से महान स्वतंत्रता सेनानी वीरकुंअर सिंह चौक तथा गांधी मैदान तक किसान तथा श्रमिक संगठनों के द्वारा मार्च निकाला गया।

मार्च में शामिल किसान तथा श्रमिक संगठनों के साथियों ने केन्द्रसरकार तथा ट्रंफ के खिलाफ जमकर आक्रोशपूर्ण नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी चार श्रम कानून वापस लो, कारपोरेटपक्षी श्रम कानून रद्द करो, अमेरिका के साथ कृषि पर ट्रेड डील रद्द करो, एमएसपी सीटू प्लस 50 प्रतिशत पर कानून बनाओ, बिजली तथा बीज विधेयक 2025 वापस लो, गेंहू खरीद पर 200 रू बोनस दो, आंधी, ओलावृष्टि तथा वर्षा से तबाही पर किसानों को क्षतिपूर्ति तथा ईनपुटअनुदान दो, उडीसा में गिरफ्तार किसानों को रिहा करो इत्यादि नारेबाजी की।



किसानों-श्रमिकों के ज्वलंत सवालों पर मार्च में शामिल इंटक, जनसंगठन मंच, संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा, किसान सभा के लोग।

मार्च में इंटक, जनसंगठन मंच, संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा, किसान सभा के लोग शामिल थे। मार्च महान स्वतंत्रता सेनानी बीर कुंअर सिंह चौक पर सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए मोर्चा नेता डा.आनंद किशोर ने कहा कि मौजूदा केन्द्र तथा बिहार सरकार की नीतियों से किसान- श्रमिकों की तबाही बढती जा रही है। एमएसपी पर कानून तथा लगातार प्राकृतिक आपदा से त्रस्त कृषि को सुरक्षा की गारंटी होनी चाहिए। किसानों का जीवन बंचाने के लिए अमेरिका के हाथों कृषि को गिरबी रखने पर रोक लगनी चाहिए अन्यथा सरकार को किसान तथा श्रमिकों के बडे आन्दोलन का सामना करना पडेगा।किसान सभा के नेता सुरेश बैठा ने कहा किसान-मजदूर बिरोधी गुंगी-बहरी सरकार आन्दोलन की हीं आवाज सुनती है। हम गांव से दिल्ली तक संघर्ष की तैयारी कर रहे हैं। संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरेन्द्र राय ने कहा हम संघर्ष की तैयारी के लिए गांव-गांव में शीघ्र बैठक शुरू करेंगे।

सभा को इंटक अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, मोर्चा के उपाध्यक्ष मो. मुतुर्जा, चन्द्रदेव मंडल, ट्रेड यूनियन लीडर दिनेशचन्द्र द्विवेदी, केदार शर्मा, अवधेश यादव, अश्विनी कुमार मिश्र, डा.नवल किशोर प्रसाद यादव, रामसुरेश तिबारी, अशोक कुमार सिंह, बब्लू राय, जैलश देवी, शैलेन्द्र खातून, मो. इशराफुल, मो. हफीज, इंदल पासवान, अजय ठाकुर ने भी संबोधित किया। सभा के माध्यम से सर्वमान्य किसान नेता राकेश टिकैत, सांसद सुधाकर सिंह तथा बिहार भारतीय किसान यूनियन के संयोजक दिनेश कुमार सिंह तथा उडीसा के किसानों की गिरफ्तारी पर उडीसा सरकार के खिलाफ निन्दा प्रस्ताव पारित किया गया तथा सभी गिरफ्तार किसानों के शीघ्र रिहाई की मांग की गई।

## पुनौरा धाम का दिव्य दर्शन करने पहुंचे हाजीपुर सोनपुर और नेपाल के तीर्थयात्री

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सोनपुर में भव्य श्री हनुमान मंदिर के निर्माण पूर्ण होने पर वहां से ट्रक पर चौबीस घंटा अष्टायम करते हुए जनकपुर धाम की यात्रा पर निकले अट्ठाइस सदस्यीय टोली ने माता सीता जन्मभूमि पुनौरा धाम का दिव्य दर्शन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक इंद्रपाल के नेतृत्व में आजतक मजबूत है। सांस्कृतिक एकता का आधार धर्म जागरण जनजागरण यात्रा होता है। सीता संवाद आध्यात्मिक एवं साहित्यिक यात्रा के निदेशक आग्नेय कुमार ने सीता जन्मभूमि पंच तीर्थ दर्शन पुस्तिका प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही सभी आगंतुकों से सीता जन्मभूमि के पंच तीर्थ दर्शन करने का


पुनौरा धाम में दर्शन के दौरान तीर्थ यात्रियों की टोली।

आए सभी अतिथियों ने सीता जन्मभूमि का दर्शन पूजन किए। इंद्रपाल ने कहा धर्मजागरण हेतु धार्मिक यात्रा से भक्ति भाव का जागरण होता है। सामाजिक विषमता दूर होती है समरस समाज निर्माण होता है। भेदभाव को मिटाकर सभी एक साथ धार्मिक यात्रा करते है। भारत नेपाल का संबंध त्रेतायुग से आग्रह किए। भक्तों ने सीता कुंड से जल भरकर माता जन्मस्थली को प्रणाम किया। श्री हनुमान मंदिर निर्माण का श्रेय माता जानकी जी का आशीर्वाद माना।महावीर मंदिर न्यास पटना द्वारा जानकी जन्मभूमि पर संचालित सीता रसोई में प्रसाद ग्रहण कर सभी भक्त जनकपुर धाम के लिए प्रस्थान किए।

**प्रारंभिक शिक्षक कल्याण संघ का चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह**

## शिक्षकों की एकजुटता पर दिया जोर

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** प्रारंभिक शिक्षक कल्याण संघ, बिहार प्रदेश की ओर से शहर के रेड क्रॉस भवन सभागार में संघ का चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन सुमन ने की, जबकि संचालन बाजपट्टी प्रखंड महासचिव मो. जमशेद आलम ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक मुकेश कुमार यादव ने शिक्षक हित में संघ द्वारा किए गए अब तक के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह सक्रिय रहने की बात कही। वहीं, विशिष्ट अतिथि जदयू के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के नेतृत्वकर्ता शशि रंजन सुमन लगातार शिक्षक हित में बेहतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर के माध्यम से सहायता प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है और आगे भी जारी रहेगा।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि संघ अपने गठन से लेकर अब तक शिक्षकों की कई समस्याओं का समाधान कराने में सफल रहा है, जिसका प्रमाण स्मारिका में संकलित है। प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन सुमन ने सभी संवर्गों के शिक्षकों से


स्थापना दिवस समारोह में शामिल अतिथि, संघ के पदाधिकारी व अन्य।

एकजुट होकर संघर्ष के लिए तैयार रहने की अपील की। उन्होंने संघ के प्रति आस्था और विश्वास जताने वाले शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर तक सभी प्रकोष्ठों के गठन की घोषणा की।

इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष राज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रवि शंकर राय, सचिव जितेंद्र कुमार सुधांशु, कुणाल कुमार, राजेश्वर कुमार यादव, समाजसेवी रिंकू कुमारी, अभिषेक मिश्रा, शिशु, विजय कुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार, सतेन्द्र कुमार, अजय कुमार सिंह, अजित कुमार सिंह, तिरहुत प्रमंडल प्रभारी एजाज अहमद, मो. तनवीर अहमद, इश्तियाक आलम तस्लीमी सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में जय प्रकाश कुमार, शत्रुघ्न कुमार, नूर आलम, अनिल शर्मा, नरेंद्र पंडित, मुकेश कुमार, संतोष कुमार सिंह, चंदन कुमार, राजेश कुमार, संजय पांडेय, कन्हैया पासवान, प्रदीप कुमार, अखिलेश कुमार, शशि, अर्चना कुमारी, रीता कुमारी, निशा कुमारी, निभा कुमारी, रिजवाना खातून, जेबा प्रवीण, रुक्मणि कुमारी, पवन कुमारी, नजवीन रबानी, राणा कौसर सहित सैकड़ों शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। सभी अतिथियों को शॉल एवं ह्यजानकी उद्भवह्ल स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं, गोपालगंज के जिला अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार ने शिक्षकों पर आधारित गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना दिया।

## गाली-गलौज का वीडियो वायरल होने पर भिट्ठा थानाध्यक्ष निलंबित

**नव संदेश ब्यूरो**

> एसडीपीओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने की सख्त कार्रवाई
>
> विभागीय कार्रवाई के लिए पांच दिनों में जवाब तलब

**सीतामढ़ी।** जिले के भिट्ठा थाना में तैनात थानाध्यक्ष (पुअनि) मनोज कुमार को पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कड़ी कार्रवाई सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के बाद की गई है, जिसमें थानाध्यक्ष थाने पर आए कुछ व्यक्तियों के साथ अभद्र भाषा और गाली-गलौज करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने इसे पुलिस की छवि धूमिल करने वाला कृत्य मानते हुए इसे कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, मनमानापन और अनुशासनहीनता का परिचायक बताया है।

निलंबन की अवधि के दौरान मनोज कुमार का मुख्यालय पुलिस केंद्र, सीतामढ़ी निर्धारित किया गया है और उन्हें नियमानुसार केवल सामान्य जीवन यापन भत्ता ही देय होगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इस प्रकार का व्यवहार पुलिस बल की गरिमा के विरुद्ध है। इस आदेश की प्रतिलिपि संबंधित विभागों और अधिकारियों को भेज दी गई है ताकि निलंबन की प्रक्रिया को तत्काल प्रभावी बनाया जा सके।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ), पुपरी को पूरे प्रकरण की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे वीडियो की सत्यता और घटनाक्रम की विस्तृत जांच कर जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट जिला कार्यालय को सौंपें। जांच रिपोर्ट के आधार पर भविष्य में थानाध्यक्ष के विरुद्ध और भी कठोर अनुशासनात्मक कदम उठाए जा सकते हैं।

साथ ही, निलंबित थानाध्यक्ष मनोज कुमार को आदेश दिया गया है कि वे जिलादेश प्राप्त होने के 05 दिनों के भीतर इस विभागीय कार्रवाई के विरुद्ध अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करें। यदि वे निर्धारित समय सीमा में अपना पक्ष रखने में विफल रहते हैं, तो इसे उनकी सहमति मानकर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्रवाई से जिले के अन्य पुलिस कर्मियों को भी अनुशासन में रहने का कड़ा संदेश दिया गया है।

## सीतामढ़ी में आईटीआई नामांकन की प्रक्रिया शुरू: 880 सीटों के लिए 14 अप्रैल तक करें आवेदन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के उन युवाओं के लिए एक शानदार अवसर सामने आया है जो तकनीकी कौशल सीखकर अपने भविष्य को संवारना चाहते हैं। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने सत्र 2026 के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में नामांकन हेतु अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत आईटीआई सीएटी-2026 (आईटीआई कैट-2026) के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 16 मार्च से शुरू हो चुकी है। इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी 14 अप्रैल तक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। आवेदन की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से रखी गई है, जिसमें अभ्यर्थियों को अपनी व्यक्तिगत और शैक्षणिक जानकारी के साथ फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे। यह पहल जिले के युवाओं को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### सीतामढ़ी के चार संस्थानों में उपलब्ध सीटें व लोकप्रिय ट्रेड

सीतामढ़ी जिले में कुल चार राजकीय आईटीआई संस्थानों के माध्यम से तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जहाँ कुल 880 सीटों पर नामांकन होना है। विस्तृत विवरण के अनुसार, राजकीय आईटीआई सीतामढ़ी में 388 सीटें, राजकीय महिला आईटीआई सीतामढ़ी में 92 सीटें, आईटीआई पुपरी में 224 सीटें और आईटीआई बेलसंड में 176 सीटें आवंटित की गई हैं। इन संस्थानों में नामांकन के बाद छात्रों को इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, प्लंबर, मोटर व्हीकल मैकेनिक और इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक जैसे ट्रेडों में शिक्षा दी जाएगी। वर्तमान औद्योगिक परिदृश्य में इन ट्रेडों की अत्यधिक मांग है, जिससे प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवाओं के लिए सरकारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार के द्वार खुल जाते हैं।

### महत्वपूर्ण तिथियां, आवेदन शुल्क और चयन प्रक्रिया

नामांकन के इच्छुक उम्मीदवारों को समय सीमा का विशेष ध्यान रखना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 14 अप्रैल है, जबकि परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिए 15 अप्रैल तक का समय दिया गया है। यदि आवेदन पत्र में कोई त्रुटि हो जाती है, तो 16 और 17 अप्रैल को सुधार (उङ्म१िीू३्रङ्मल्ल) किया जा सकेगा। प्रवेश पत्र 8 मई को जारी किए जाएंगे और प्रवेश परीक्षा 17 मई को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा ऑफलाइन मोड में ओएमआर (डटफ) शीट पर आधारित होगी, जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। शुल्क के रूप में सामान्य, पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग को 750 रुपये, अनुसूचित जाति व जनजाति को 100 रुपये और दिव्यांग अभ्यर्थियों को 430 रुपये का भुगतान करना होगा।

### आरक्षण और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी और राज्य सरकार के नियमों के अनुसार आरक्षण का लाभ देते हुए सीटों का आवंटन किया जाएगा। यह तकनीकी शिक्षा न केवल युवाओं को किताबी ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि उन्हें व्यावहारिक रूप से भी दक्ष बनाती है। प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले के अधिक से अधिक छात्र इस प्रवेश परीक्षा में शामिल हों ताकि वे कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें। वर्तमान में जिस तरह से तकनीकी विशेषज्ञों की मांग बढ़ी है, उसे देखते हुए यह प्रवेश परीक्षा स्थानीय युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहाँ वे न्यूनतम शुल्क में उच्च स्तरीय सरकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने करियर को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।

# सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से निकली भव्य निशान शोभायात्रा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को शहर स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, महावीर स्थान से भव्य व मनोहारी निशान शोभायात्रा निकाली गई। हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, युवा, युवती, बुजुर्ग व बच्चों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भागीदारी दी। कार्यक्रम में भागीदारी को लेकर अहले सुबह से ही मन्दिर के समीप श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी।

"जय श्रीराम और जय हनुमान" के गगनभेदी जयकारों के बीच श्रद्धालु निशान के साथ कतारबद्ध होते गए। सभी निशानधारी महिला व पुरुष श्रद्धालु बहुरंगी परिधानों में मस्तक पर तिलक लगाकर पूर्ण श्रद्धा व आस्था के साथ शामिल हुए। बैंड-बाजा व ढ़ोल-ताशा के उत्साहवर्धक व भक्तिमय धुन पर सभी भाव विभोर होते रहे। शहर के मुख्यपथ स्थित रतन चौक, जानकी मंदिर, सोनापट्टी, लोहापट्टी, विजय शंकर चौक, महंत साह चौक, गुदरी रोड, सिनेमा रोड, गोला रोड होते शोभायात्रा पुनः श्री महावीर मन्दिर वापस हो गई, जहाँ सभी श्रद्धालुओं ने पूर्ण भक्तिभाव व अथाह आस्था के साथ मन्दिर में श्री हनुमान जी का दर्शन किए। शोभायात्रा के दौरान नगर में युवाओं का समूह "जय श्रीराम" का जयघोष के साथ झूमते-नाचते रहे। वहीं विभिन्न स्थानों पर ऊँची इमारतों से पुष्पवर्षा थमने का नाम नहीं ले रहा था। पालकी पर सवार श्री हनुमान जी के दर्शन को लेकर जगह-जगह श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। हाथ मे आरती की थाल सजाकर महिलाओं का समूह विभिन्न स्थानों पर घंटों शोभायात्रा के इंतजार में खड़ी रही।


निशान शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

जैसे ही शोभायात्रा का आगमन हुआ, श्रद्धा के साथ पुष्पवर्षा कर आरती व पूजन की। इस दौरान विधि व्यवस्था व यातायात की कमान नगर थाना व यातायात थाना के पुलिस पदाधिकारी व महिला-पुरुष पुलिस कर्मी संभाल रहे थे। कार्यक्रम में पुजारी परिवार के पंडित तेजपाल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा, दीपक शर्मा,गोविंद शर्मा, नरेंद्र शर्मा, आदित्य भारद्वाज, विवेक शर्मा, आशुतोष, बुलबुल, कार्यक्रम प्रभारी संदीप डालमिया, राजीव जालान, गिरधारी सर्राफ, नीरज गोयनका, अनंत, रवि, टीम लीडर सूरज, सुमित, कामेश्वर चौधरी, जितेंद्र पटेल, आकाश गुप्ता, आशीष व्यस्त, पारस सिंह, श्रेया, मुस्कान, ऋतु, स्नेहा, के निर्देशन में विक्रम, सौरभ, निहाल, आकाश, विक्की, अमित, नितेश, लक्की, पंकज, निहाल गौतम, धीरज, रोहित, अमन, गौतम, विशाल बिट्टू, अमित, रणधीर मोनू, नीरज, राजेश सिंह, कीर्ति, भूमि, छोटी, आरती, काव्या, संध्या, अन्नी, इशिका, खुशी, नेहा, स्नेहा, कृति उप मेयर आशुतोष कुमार, विशाल कुमार, दर्शन कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता व समाजसेवियों ने भागीदारी दी। गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव पर महा आरती, प्रसाद, सवामनी प्रसाद तथा संध्या में लंगर प्रसाद का कार्यक्रम होगा।

# प्रभारी सचिव ने आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की उपलब्धता व अन्य समसामयिक बिंदुओं के संबंध में विस्तृत समीक्षा की

**मोतिहारी (एनएसबी)** । प्रभारी सचिव पूर्वी चंपारण जिला सह खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में वर्तमान परिस्थितियों को ष्टि में रखते हुए जिलांतर्गत एलपीजी गैस सिलेंडर के वितरण की वर्तमान स्थितिध्च्छळ कनेक्शन हेतु की जा रही कारवाई के संबंध में विस्तृत समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दियाससमीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी के द्वारा स्च्ळ गैस सिलेंडर की वर्तमान उपलब्धता एवं इसके सुव्यस्थित वितरण हेतु की जा रही कारवाई के संबंध में अवगत कराया गया।

उन्होंने बताया की गैस सिलेंडर वितरण का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी के नियमित पर्यवेक्षण में उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान किया जा रहा है। शिकायत निवारण हेतु 'जिला नियंत्रण कक्षरू06252 242418 सतत कार्यशील है'। प्रभारी सचिव जिला आपूर्ति कार्यालय को इसके व्यापक प्रचार प्रसार का निर्देश दिया गया हैआइओसीएल के जिला प्रबंधक द्वारा बताया गया कि सिलेंडर की आपूर्ति में कोई समस्या नहीं है प्रतिदिन 8 000 गैस सिलेंडर की डिलीवरी कराई जा रही है जबकि प्रतिदिन की मांग लगभग 7000 के आसपास है। बैकलग के विषय में बताया गया कि आम उपभोक्ता पैनिक होकर गैस के लिए नंबर लगाए हैं। पिछले सप्ताह बुकिंग सामान्य से डेढ़ गुना ज्यादा हो रहा था परंतु अभी इसमें काफी कमी आई है। प्रभारी सचिव श्री सिंह के द्वारा कमर्शियल गैस के आपूर्ति का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि डिमांड के 70: की आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित कराई जाए। एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि गैस एजेंसी के सभी डीलर एजेंसी के सामने एक डिस्प्ले बोर्ड लगाए जिसमें बैकलग की संख्या, सिलेंडर आपूर्ति की संख्या एवं कितने सिलेंडर आज बटेंगे इसकी सूचना स्पष्ट रूप से आम उपभोक्ताओं को दी जाए।


समीक्षा करते प्रभारी सचिव, डीएम व अन्य

ओटीपी प्राप्त होने, सिलेंडर की डिलीवरी अनलाइन दिखाई जाने परंतु वास्तविक रूप से सिलेंडर की डिलीवरी नहीं होने की शिकायत पर सचिव महोदय के द्वारा जिला के सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि कम से कम दो-दो केस की सभी अनुमंडल में स्पट वेरिफिकेशन की जाए ताकि सच्चाई की जानकारी प्राप्त हो सके। वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति समीक्षा के क्रम में मोतिहारी शहर में लगभग 2000 कनेक्शन से संबंधित कार्य अंतिम रूप से पूर्ण होने की स्थिति में है। सचिव महोदय के द्वारा इसे 15 अप्रैल तक पूर्ण कर

**प्रतिदिन 8 000 गैस सिलेंडर की डिलीवरी कराई जा रही है जबकि प्रतिदिन की मांग लगभग 7000 के आसपास है**

लेने तथा द्वितीय चरण के कार्यो को 30 अप्रैल तक पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया। सचिव महोदय के द्वारा पीएनजी के कार्य में सम्मेलन एजेंटीयों एवं उनके द्वारा लगाए गए श्रमिकों की संख्या की जानकारी प्राप्त की गई एवं इस कार्य को युद्ध स्तर पर करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया की पीएनजी से संबंधित कार्य की मोतिहारी शहर में नगर आयुक्त एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी लगातार अनुश्रवण कर रहे हैं।

संबंधित कार्य अंतिम रूप से अविलंब पूर्ण करने हेतु क्रियान्वयन एजेंसी को युद्ध स्तर पर कार्य करने की सख्त हिदायत दी गई है। बैठक में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा, उप विकास आयुक्त ड प्रदीप कुमार, नगर आयुक्त आशीष कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा, अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज सुश्री अंजली शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी चकिया सुश्री शिवानी शुभम, अनुमंडल पदाधिकारी पकड़ीदयाल सुश्री मंगला कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी ढाका श्री विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल श्री मनीष कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती निवेदिता, जिला षि पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, डीएसपी हेडार्टर, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिले में संचालित तीनों गैस एजेंसी आइओसीएल, एचपीसीएल एवं भारत गैस के जिला प्रबंधक एवं सभी गैस एजेंसी के डीलर उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दारोगा व मूंशी निलंबित

**मोतिहारी।** महिला सिपाही के साथ छेड़छाड़ करना पताही थाना के दारोगा व मूंशी को महंगा पड़ गया। एसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित होने वालों में दारोगा सुदामा सिंह व मूंशी संतोष कुमार शामिल हैं। यहां बताते चलें कि पताही थाना में पदस्थापित महिला सिपाही के साथ उक्त दोनों ने छेड़छाड़ किया था।जिसकी शिकायत महिला सिपाही ने एसपी स्वर्ण प्रभात से की। शिकायत मिलते ही एसपी ने पकड़ीदयाल डीएसपी कुमार चंदन को मामले का जांच करने की जिम्मेदारी दी। जिम्मेदारी मिलते ही डीएसपी श्री कुमार ने त्वरित जांच किया। जांचोपरांत मामले को सत्य पाया। जिसपर एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### सूखा नशा के विरुद्ध मोतिहारी पुलिस की कार्रवाई

**मोतिहारी।** सूखा नशा के विरुद्ध मोतिहारी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को डॉग सयड एवं नगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।इस दौरान थाना क्षेत्र के कुंवारी देवी चौक स्थित एक दुकान में संयुक्त रूप से छापेमारी कर 16 पुड़िया कुल मात्रा 62 ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कारोबारी मुफसिल थाना क्षेत्र के सुरहां गांव निवासी स्ववरामविलास गिरी का पुत्र नंदलाल गिरी बताया गया है। जानकारी देते हुए नगर कोतवाल राजीव रंजन ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

### प्रधानाध्यापक सेवानिवृत्त

**पीपराकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के पंडितपुर स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में बुधवार को प्रधानाध्यापक प्रणव कुमार के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का प्रभार प्रभुनंदन ठाकुर को सौंपा गया। समारोह को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक प्रणव कुमार ने कहा कि स्थानांतरण और सेवानिवृत्ति सरकारी सेवकों के लिए एक सामान्य प्रक्रिया है। उन्होंने विद्यालय के प्रति अपने गहरे लगाव को व्यक्त करते हुए कहा कि वे इसे कभी नहीं भूल पाएंगे। उन्होंने बच्चों और शिक्षकों को आश्वासन दिया कि जब भी उनकी आवश्यकता होगी, वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान सभी शिक्षकों और बच्चों ने उन्हें भावुक विदाई दी। नव पदस्थापित प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रभुनंदन ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय को आगे ले जाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर बीईओ सरोज कुमार सिंह, मनोज कुमार ठाकुर, ष्णा शर्मा, चंद्रभूषण, रुमित रौशन, अभय कुमार मिश्रा, उमेश वर्मा, मो फैयाज अख्तर, राजेश कुमार सिन्हा, संतोष शर्मा, संतोष पांडे, रमेश यादव, नमिता किरण, विनय किशोर पाण्डेय, शाहनवाज आलम, राहुल सिंह राणा, चन्द्रभूषण कुमार चौबे, रंजना कुमारी, ेहा वर्मा, रजनीगंध, पूनम कुमारी, सरोज कुमारी, अनुमेहा कुमारी, आरती कुमारी, राजेश कुमार सिन्हा, मो जहांगीर आलम, नरेंद्र ठाकुर, ज्योतिक बैठा, चतुर्भुज बैठा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों ने किया नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण

**मोतिहारी (एनएसबी)।** गैस उपभोक्ताओं की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण अभय कुमार सिंह द्वारा सौरभ जोरवाल के साथ संयुक्त रूप से किया गया।

निरीक्षण के दौरान नियंत्रण कक्ष में संधारित अभिलेखों एवं पंजी का गहन अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी निवारण हो रहा है या नहीं। इस दौरान नियंत्रण कक्ष में दर्ज शिकायतों, उनके निष्पादन की स्थिति तथा उपलब्ध संसाधनों की जानकारी विस्तार से ली गई। प्रभारी सचिव अभय कुमार सिंह ने नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि गैस जैसी आवश्यक सेवा से जुड़ी शिकायतों का त्वरित निवारण आम जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



निरीक्षण करते अधिकारी।

**प्रभारी सचिव अभय कुमार सिंह ने नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया**

इस अवसर पर निशांत सिहारा, आशीष कुमार एवं विजय बहादुर सिंह भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने मिलकर व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर चर्चा की।

# दुनिया को सीता संस्कृति अपनानी होगी : बंदना झा

**मोतिहारी (एनएसबी)।** (चेतना) प्रज्ञा प्रवाह, युवा आयाम, उत्तर बिहार के तत्वावधान में मिथिला और भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर एक अनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के विद्वानों एवं शोधार्थियों ने सहभागिता की। विषय प्रवेश करते हुए ड़ सोनू राम शंकर (रसायन शास्त्र विभाग, एलएमएनयू) ने कहा कि भारत पर आक्रमण केवल मात्र भू-राजनीतिक नहीं था, बल्कि सांसतिक वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास भी था। भारतीय ज्ञान परंपरा उस वर्चस्ववादी विरासत को चुनौती देने का कार्य कर रही है।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो़ वंदना झा (भारतीय भाषा केंद्र, जेएनयू) ने अपने ओधन में कहा कि मिथिला की संसति में एक शाश्वत ज्ञान संसति विद्यमान है। उन्होंने कहा कि आज के वैश्विक परिश्य में सीता संसति को अपनाने की आवश्यकता है, जो त्याग, मर्यादा और संतुलन का प्रतीक है। सीता संसति षि संसति है। सतत् विकास की संसति है। साथ ही उन्होंने राजा जनक की ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए मिथिला की दार्शनिक विरासत पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रज्ञा प्रवाह के उत्तर पूर्व क्षेत्र क्षेत्रीय संयोजक देववत प्रसाद ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के विमर्श को सशक्त बनाने में प्रज्ञा प्रवाह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, और यह विमर्श भारत की सांसतिक पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने में सहायक होगास कार्यक्रम का संचालन ड़ अनुराग मिश्र ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन मनीष त्रिगुणायत ने किया। इस संगोष्ठी में विजय शाही (प्रांत संयोजक, प्रज्ञा प्रवाह), प्रो़ पंकज कुमार सिंह, प्रो़ विमलेश कुमार सिंह, प्रो़ सरोज रंजन, अमल झा, निधि मिश्र, पवन कुमार, ड़ प्रिया, प्रीति, रंजू सहित अनेक प्रतिभागियों की सक्रिय उपस्थिति रही।


कार्यक्रम में बंदना झा।

# 2285 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन के साथ नेपाल के दो तस्कर गिरफ्तार

**रक्सौल(एनएसबी)।** पुलिस ने 2285 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन जब्त किया है। तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने 2285 पीस प्रतिबंधित डायजेपाम नशीले इंजेक्शन बरामद करते हुए नेपाल के दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस हेमंत सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर लक्ष्मीपुर पावर हाउस के पीछे स्थित सड़क पर हनुमान मंदिर के पास से नशीले इंजेक्शन लेकर गुजरने वाले हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम गठित कर इलाके में घेराबंदी की गई और आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी गई।इस दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल में छिपाकर रखे गए 2285 पीस नशीले डायजेपाम इंजेक्शन बरामद किए गए। इतनी बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन मिलने से पुलिस टीम भी हैरान रह गई।मौके से पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान नेपाल के मकवानपुर जिला हथौड़ा रोड नंबर-1 निवासी लालबाबू मियां (पुत्र अब्जल मियां) तथा नेपाल के बारा जिला कलैया धर्मनगर निवासी जंगी महतो (पुत्र हेमनारायण महतो) के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों की नशीले इंजेक्शन की तस्करी में संलिप्तता सामने आई है। छापेमारी अभियान में अनुमंडल दंडाधिकारी रवि कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद, एसआई मो़ सेराज खान, कुशलेश पांडेय सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# मैट्रिक में प्रथम श्रेणी आए विद्यार्थियों को सर्वोदय स्कूल ने किया सम्मानित

**चकिया (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरन छपरा बाजार स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित कर मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी आए छात्र,छात्राओं को मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ हीं इस सत्र के सभी कक्षा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को मोमेंटो एवं अन्य बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक ओ़ पी सर, प्रधानाचार्य कंचन कुमारी, उप प्रधानाचार्य विकास कुमार, वरिष्ठ शिक्षक अजय कुमार सिंह, उत्तम कुमार, संजय कुमार ठाकुर, अजीत कुमार, छोटी कुमारी, सुनीता मैडम, शिल्पी कुमारी समेत शिक्षक-शिक्षकाओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान विद्यालय के निदेशक ओ़ पी़ सर ने कहा की विद्यालय की स्थापना के 26 वर्ष हो गए। प्रथम बार इस विद्यालय से 14 विद्यार्थी मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 13 विद्यार्थी ने प्रथम श्रेणी से पास कर स्कूल का नाम रोशन किया है। पांच विद्यार्थियों ने 400 से अधिक अंक लाकर तिमान स्थापित किया है। इससे पूरे विद्यालय परिवार में और इस क्षेत्र के सभी शिक्षा से सरोकार रखने वाले लोगों में हर्ष व्याप्त है।



सम्मानित हो मेडल के साथ छात्र, छात्राएं।

उन्होंने कहा कि यदि अभिभावक अपने बच्चों को सही वातावरण और अनुशासन देते हैं तो बच्चों के लिए सफलता पाना आसान हो जाता है। वहीं सफल विद्यार्थियों ने विद्यालय के छात्र, छात्राओं को अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। मौके पर शिक्षक,शिक्षिका व अभिभावक, गणमान्य के अलावा छात्र-छात्राए सहित अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अनुमंडलाधिकारी ने मेडल देकर छात्रों को किया सम्मानित

**पकड़ीदयाल(एस एन बी)।** अनुमंडल सभागार में इंटर एवं मैट्रिक परीक्षा में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले अनुमंडल के छात्रों एवं छात्राओं को अनुमंडलाधिकारी मंगला कुमारी ने मेडल देकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर अनुमंडलाधिकारी श्री कुमारी ने कही कि अगर विधार्थी सच्ची लगन से मेहनत करे तो सफलता आपके कदम चूमेगी। पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं को जीवन को संवारने के लिए मिशन पर लग जाना चाहिए। वहीं बीडीओ स्वर्ण वर्षा ने कहा कि पढ़ने वाले विधार्थियों को कोई भी विषय कठिन नहीं होता है। कितना भी जटिल प्रश्नों का उतर आसानी से हल कर देते हैं। वहीं जो बच्चे ईमानदारी से मेहनत नहीं करते हैं उनको सरल सवाल जटिल लगता है। वहीं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि इस कठिन प्रतिस्पर्धा में बिना पढ़ाई से सफलता नहीं मिल सकता है इसलिए विधार्थियों को अपने लक्ष्य पर ध्यान को केन्द्रित करना चाहिए। मौके पर शिक्षक राजीव कुमार सिंह सहित अनुमंडल के सभी टापर्स विधार्थी उपस्थित थे।

### प्रखंड कार्यलय में 20 सूत्री कार्यालय का विधायक ने किया उद्घाटन

**मोतिहारी(एन एस बी)।** सदर प्रखंड कार्यलय में 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन हुआ मोतिहारी के विधायक प्रमोद कुमार ने प्रखंड कार्यालय का फिता काटा कर उद्घाटन किया उसके बाद प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नवल किशोर प्रसाद एवं प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुधाकर कुमार मिश्रा उर्फ चुन्नू मिश्रा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी की उपस्थिति में माननीय प्रखंड बीस सूत्रीसदस्य संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया और प्रस्ताव पारित करते हुए माननीय विधायक ने कहा कि 15 4 2026 को लखौरा किसान भवन के प्रांगण में बीस सूत्री की बैठक की जाएगी संबंधित सारे पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य का निर्देश माननीय विधायक ने प्रखंड विकास प्रखंड को विधायक ने दिया इस कार्यक्रम में जिला के जद(यू) प्रवक्ता सह बीस सूत्रीसदस्य संजीव श्रीवास्तव धीरज चंद्रवंशी सुरेंद्र शाह राजेश कुमार संध्या वर्मा पुतुल प्रिया मुकेश कुमार सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### एमजीसीयू का तृतीय दीक्षांत समारोह 4 अप्रैल को, तैयारियां अंतिम चरण में

**मोतिहारी(एन एस बी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में 4 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले तृतीय दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर कुलपति प्रो़ संजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुलानुशासक प्रो़ प्रसून दत्त सिंह सहित विभिन्न समितियों के प्रभारी उपस्थित रहे। कुलपति ने तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। प्रो़ प्रसून दत्त सिंह ने बताया कि सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं और विभिन्न समितियां आपसी समन्वय से कार्य कर रही हैं। जिला प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है, जिससे आयोजन की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इस दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक उत्ष्टता को विशेष महत्व दिया जाएगा। कुल 22 विद्यार्थियों को विभागीय टपर के रूप में कुलपति गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे, जिनमें 19 ातकोत्तर और 3 ातक विद्यार्थी शामिल हैं। अर्थशास्त्र विभाग के टपर को प्रो. जनार्दन प्रसाद गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। स्कूल स्तर पर 9 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। ातकोत्तर स्तर पर रुतुपर्णा रथ, अदिति प्रज्ञा, मुस्कान कुमारी, बलिराम कुमार, आनंद कुमार, चंदन कुमार और रचित यशस्वी को विभिन्न स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। वहीं ातक स्तर पर सिमरन साहिवाल और श्रुति कुमारी को सम्मानित किया जाएगा। विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वोच्च प्रदर्शन के लिए कुलाधिपति गोल्ड मेडल ातकोत्तर में अदिति प्रज्ञा और ातक में सिमरन साहिवाल को दिया जाएगा। दोनों छात्राएं विश्वविद्यालय में महिला सशक्तिकरण और शैक्षणिक उत्ष्टता का उदाहरण हैं। यह समारोह विद्यार्थियों की उपलब्धियों के साथ विश्वविद्यालय की बढ़ती राष्ट्रीय प्रतिष्ठा का भी प्रतीक बनेगा।

### कालाजार उन्मूलन हेतु रामगढ़ प्रखंड में सिंथेटिक पाउडर का छिड़काव शुरू

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले को कालाजार मुक्त बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत नौंव में सिंथेटिक पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ड़ राकेश कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कालाजार उन्मूलन के लिए विभाग हर स्तर पर प्रयासरत है, लेकिन इस सार्थक प्रयास में समुदाय की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कालाजार मुख्य रूप से बालू मक्खी (सैंडफ्लाई) के काटने से होता है, जो अक्सर नमी वाली जगहों पर पनपती है। ड. कुमार ने आमजन से अपील की है कि वे अपने घर के भीतर और आसपास नमी न होने दें तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। यदि घर की दीवारें मिट्टी की हैं, तो उनमें आने वाली दरारों को भरकर रखें, क्योंकि इन्हीं दरारों में नमी के कारण मच्छर और मक्खियाँ पनपने लगते हैं। इसके अलावा, सोते समय अनिवार्य रूप से मच्छरदानी का प्रयोग करने की सलाह दी गई है।जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार नरेंद्र कुमार ने बताया कि छिड़काव कार्य के साथ-साथ जिले के विभिन्न गांवों में समय-समय पर कालाजार-खोजी अभियान भी चलाया जाता है। इस अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता गृह-भ्रमण कर संभावित मरीजों को चिति करती हैं और उन्हें इलाज के लिए स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुँचाने में मदद करती हैं। साथ ही, वे समुदाय को इस बीमारी के लक्षणों और बचाव के प्रति जागरूक भी करती हैं। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह बीमारी तब फैलती है जब एक बालू मक्खी किसी संक्रमित व्यक्ति को काटकर परजीवी को दूसरे स्वस्थ व्यक्ति तक पहुँचाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### सहरसा जिला लगातार अपने ऊंचाईयों को छू रहा हैः डीएम दीपेश कुमार



**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** 73 वें जिला स्थापना दिवस समारोह को जिलाधिकारी दीपेश कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु, डीडीसी गौरव कुमार, नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा, डीईओ हेमचंद्र, सिविल सर्जन डॉ राज नारायण मेहता एवं अपर समाहर्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिला स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने कहा सहरसा जिला लगातार अपने ऊंचाईयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी दिसंबर तक मत्स्यगंधा में बन रहे ग्लास ब्रिज पूरा हो जाएगा। रेलवे ओवरब्रिज भी समय पर बनकर तैयार हो जाएगा। एन एच 327 और 107 भी इस वर्ष पूरे हो जाएंगे। सहरसा का शिक्षा मॉडल पूरे बिहार में अपनाया जा रहा है। डीडीसी गौरव कुमार ने कहा सहरसा का युवा अपने आप में पावर हाउस है जिसे अपने जिले के उत्थान के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने होंगे। कार्यक्रम में जय झा ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया। जिसमें भक्ति गीत और दीवानी तेरी दीवानी संगीत का श्रोताओं ने लुत्फ उठाया।

### सोनवर्षा पैक्स में गेहूं अधिप्राप्ति का नगर अध्यक्ष ,बीडीओ सहित अन्य ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के पैक्स में गेहूं अधिप्राप्ति प्रारंभ हो गया है। गेहूं अधिप्राप्ति के पहले दिन बुधवार को सोनवर्षा पैक्स में गेहूं खरिदगी का विधिवत उद्घाटन नगर अध्यक्ष मनिष कुमार, बीडीओ अमित आनंद, बीसीओ सचिन कुमार, पूर्व उप प्रमुख कुमार मौलेश सिंह एवं पैक्स अध्यक्ष यशवंत कुमार सिंह बुलबुल द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर बीडीओ अमित आनंद ने कहा कि पैक्स के माध्यम से क्षेत्र के किसानों के गेहूँ अधिप्राप्ति प्रारंभ होने से किसानों को अपनी फसल को उचित मुल्य ससमय प्राप्त हो सकेगा। हालांकि उन्होंने बीसीओ को कहा की गेहूं खरिदगी की व्यापक प्रचार प्रसार करवाई जाय। वहीं बीसीओ सचिन कुमार ने गेहूं अधिप्राप्ति की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने गेहु का मुल्य प्रति क्वींटल 2585 रूपया निर्धारित किया है।क्षेत्र के कुल 15 पैक्सों में अतलखा, बरैठ, रघुनाथपुर बरसम, काशनगर, खजुराहा, लगमा, मंगवार, मोकमा, सहशौल, सरौनी मधेपुरा, साहपुर, सोहा, सोनवर्षा एवं व्यापार मंडल को एक एक लॉंट गेहूं खरिदगी हेतु लिए अग्रीम राशि दे दिया गया है।पूरे जिले में गेहूं खरिदगी का कुल लक्ष्य 233 एमटी निर्धारित किया गया है। पैक्सों द्वारा किसानों से गेहूं खरिदगी की आखिरी तिथि 15 जून निर्धारित किया गया है।।सोनवर्षा पैक्स द्वारा प्रथम दिन किसान राजकुमार सिंह से 5 क्वीटंल गेहूं की खरीदगी किया गया।



### तेलियाहाट बाजार में वैष्णवी क्लासेज के छात्रों ने लहराया परचम

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के तेलियाहाट बाजार स्थित वैष्णवी क्लासेज के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में घोषित परीक्षा परिणाम में संस्थान के कई छात्र-छात्राओं ने शानदार अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसमें संचिन कुमार और श्यामसुंदर कुमार ने 428-428 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं राजा ने 417 अंक, राजकुमार ने 416 अंक, रवीश कुमार ने 401 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा आयुष कुमार ने 370 अंक, राजेश कुमार ने 366 अंक तथा जूही कुमारी ने 312 अंक लाकर सफलता हासिल की। इस अवसर पर वैष्णवी क्लासेज में एक छोटा सा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता ओमप्रकाश कुमार ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रखंड प्रमुख रमेशचंद्र यादव उपस्थित हुए। सभी सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने छात्रों की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही अन्य छात्रों को भी प्रेरणा लेते हुए कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया गया। मौके पर डॉ बालकिशोर सिंह, पुरेंद्र यादव, सनित यादव, प्रमोद साह,सुधीर साह समेत अन्य मौजूद थे।



### छात्र-छात्राओं के बीच बहुत ही खुशहाल माहौल थाः सुदर्शन कुमार गौतम

**सलखुआ (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के पूर्वी कोशी तटबंध के अंदर फरकिया दियारा में संकुल समन्वयक सह बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ सलखुआ के प्रखंड अध्यक्ष सुदर्शन कुमार गौतम के नेतृत्व में मध्य विद्यालय रैठी समेत संकुल के कई विद्यालयों में सहरसा जिला स्थापना दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, इस अवसर पर शिक्षक नेता सुदर्शन कुमार गौतम ने छात्र-छात्राओं के बीच टॉफी और मिठाइयां भी बांटे, छात्र-छात्राओं के द्वारा निबंध लेखन, चित्र कला, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं अन्य प्रतियोगिता भी कराया गया, शिक्षक नेता श्री गौतम ने अपने हाथों से सफल हुए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर बाल-विवाह एवं नशा न करने की शपथ दिलाई। छात्र-छात्राओं के बीच बहुत ही खुशहाल माहौल था। मौके पर शिक्षक नेता सुदर्शन कुमार गौतम, प्रधानाध्यापक शिवकुमार, प्रधान शिक्षक जयकृष्ण यादव, परमानंद कुमार, राजेश जोशी, नवनीत कुमार, सरिता कुमारी, अजीत कुमार, दिगंबर, शंकर, प्रमोद, गुरुदेव आदि उपस्थित थें।



### पुराने तार को बदलकर नया 33 हजार तार लगाने से विद्युत की आपूर्ति होगी निबार्धः अमित कुमार

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सहरसा के अंतर्गत 33/11 के भी विद्युत शक्ति उप केंद्र नवहट्टा के 33 हजार पुराना तार को बदलकर नया तार लगाने का कार्य किया जा रहा है, साथ ही जिस जगह पर पोल की आवश्यकता है उस जगह पर पोल भी लगाया जा रहा है जिससे उपभोक्ताओं को विद्युत की आपूर्ति निर्बाध रहेगी एवं किसी भी प्रकार का कोई समस्या नहीं होगी। साथ ही प्रखंड नौहट्टा में बरसात के दिनों में ब्रेकडाउन होने की संभावना अधिक बनी रहती है जिससे उपभोक्ताओं को समय पर विद्युत आपूर्ति नहीं हो पाती है पुराने एवं जर्जर तार को बदलकर नया तार लगाने से विद्युत की आपूर्ति सुचारू होगी। इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता अमित कुमार ने उपभोक्ताओ से आग्रह किया गया है कि दिनांक 02.04से 10.04 तक 33/11 के भी विद्युत शक्ति उप केंद्र नौहट्टा तक विद्युत आपूर्ति सुबह 06 बजे से सुबह के 11 बजे तक बंद रहेगी। विद्युत कार्यपालक अभियंता सहरसा के द्वारा उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने से पहले ही बिजली से संबंधित अपना जरूरी काम निपटा लें ताकि किसी भी परेशानी का सामना न करना परे।



# तेज आंधी-तूफान से प्रखंड में भारी तबाही, फसल बर्बाद, उजड़े घर बिजली आपूर्ति ठप



तेज आंधी-तूफान से तबाह फसल।

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में बीते रात्रि आई तेज आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। लोगों का फुस वाला घर उजड़ गया है।किसानों का फसल पुरी तरह नष्ट हो गया। जिससे किसान परेशान हैं। मंगलवार की शाम अचानक मौसम बदलने से तेज आंधी तूफान और ओले गिरने से श्रेत्र में भारी तवाही मच गया। दर्जनों लोगों के आवासीय घर उजड़ गए। तो सैकड़ों किसानों के फसल पुरी तरह बर्वाद हो गया। कई जगहों पर तो आम के पेड़ जड़ से उखड़ गया। कई गृह स्वामी जख्मी भी हो गए। जख्मी व्यक्ति का ईलाज सरकारी और निजी अस्पताल में कराए गए। तूफान से लोगों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार दो दिनों से खराब मौसम की मार से किसान पुरी तरह परेशान हैं। जहां पिछले दिन आई आंधी से फसलों को नुकसान पहुंचा था, वहीं बीती रात के तेज तूफान और बारिश ने किसानों की बची-खुची फसल भी पूरी तरह बर्वाद कर दिया है। प्रखंड के बनमा, सरबेला, तेलियाहाट, कुशमी, महारस, पहलाम, घोरदौड़, काशिमपुर, सहुरिया, बहुअरबा, तरहा और सुगमा सहित दर्जनों गांवों में इस प्राकृतिक आपदा का व्यापक असर देखा गया है। तेज हवा और मूसलाधार बारिश के कारण खेतों में लगी फसल बर्बाद हो गई है, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। वहीं दूसरी ओर आंधी-तूफान का असर आम लोगों के घरों पर भी पड़ा है। कई जगहों पर घरों के एल्बेस्टर और चदरे उड़ गए, जिससे लोगों को काफी नुकसान हुआ है। सरबेला गांव में नल-जल योजना की पानी टंकी गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे गांव में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। प्रियनगर गांव में ट्रांसफार्मर लगी पोल गिर गया ट्रांसफार्मर छतिग्रस्त होने से ईलाके का बिजली आपूर्ति 24 घंटे से बाधित है जिसे बहाल करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बीती रात से ही बिजली गुल है और खबर लिखे जाने तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। अंधेरे और पानी की किल्लत के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से फसल क्षति का आकलन कर उचित मुआवजा देने, साथ ही बिजली एवं पानी की व्यवस्था जल्द बहाल करने की मांग की है।घोरदौड़ पंचायत के वार्ड नंबर 9 लक्ष्मिनियां गांव निवासी मु रजा उद्दीन का घर गिरने से घर में सोये लोग चोटिल हो गए तो रजा उद्दीन स्वयं को जख्मी हो गए जबकि मु रहमतुल्लाह का कोचिंग सेंटर छतिग्रस्त हो गया है। इस तरह की घटनाएं दर्जनों जगहों पर हुआ है।

## विद्यानिकेतन विद्यालय के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने नवोदय व सैनिक स्कूल में हुए चयनित



चयनित छात्र-छात्रा एवं षिक्षकगण।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर के बायपास लक्ष्मीनिया चैक कैलाशपुरी वार्ड 21 स्थित विद्यानिकेतन स्कुल के दर्जनों छात्र छात्राओं नें सरकारी आवासीय विद्यालय में चयनित हुए। इस अवसर पर निदेशक दिनेश गोहितमान ने बताया कि मेरे संस्थान के दर्जनों बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। जो संस्थान के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओ के माता पिता एवं अभिभावक के लिए गर्व का विषय है। उन्होने बताया कि नवोदय विद्यालय में 16,सैनिक स्कूल में 7 एवं सिमुलतल्ला स्कूल दो छात्र नें सफलता प्राप्त किया है ।उन्होनें बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्रा द्वारा दो विद्यालय में एक साथ सफल होकर संस्थान के योगय एवं विशेष शिक्षकों का नाम रौशन किया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 8 तक विशेष पढ़ाई की जाती है जिसके अंतर्गत नवोदय सैनिक एवं सिमुलतल्ला विद्यालय के लिए कम्पीट किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों को कक्षा चार से ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करवाते हैं। उन्होंने बच्चों से इस सफलता को अंतिम ना मान कर आगे भी अच्छे रिजल्ट के लिए तैयारी करने की सलाह दी। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय में सभी विषयों के विशेषज्ञ शिक्षक द्वारा विशेष पढ़ाई कराई जाती है। उन्होंने आगे भी बच्चों को आगे भी पूर्ण तैयारी कर लक्ष्य प्राप्त करने की सलाह दी। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय द्वारा वर्ष 2008 से बच्चों को विभिन्न प्रतियोगितात्मक परीक्षा की तैयारी किया जाता है। जिसके कारण अब तक सैकड़ो छात्र-छात्राओ ने विभिन्न संस्थान में सफलता प्राप्त कर बाजी मारी है। वही छात्र छात्राओ नें भी इस विद्यालय की पढ़ाई की काफी सराहना करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कुदरत के दोहरे मार से किसानों की उम्मीद ध्वस्त आंधी और ओलावृष्टि से फसल को क्षति



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में मंगलवार की रात आई भयानक आँधी तुफान व ओलावृष्टि से मक्का, गेहूं फसल एवं आम लीची को भारी क्षति हुई है। किसानों की कमर टुट गई है। 20 मार्च के आँधी तुफान से बर्बाद हुए फसलों के मुआवजे हेतू किसान अभी अपना आवेदन भी नहीं दे पाए थे, कि कुदरत की मार ने उनकी रही सही उम्मीदों को भी ध्वस्त कर दिया है।मंगलवार की रात आँधी तुफान से काशनगर पंचायत के पचगछिया गांव में कई परिवारों के घरों का चदरें का छत उड़ जाने से पिडित परिवार खुले आसमां तले आ गए है। लगमा, शाहपुर , काशनगर, पड़रिया , कोपा, देहद, मोकमा , बिराटपुर , महुआ , सहशौल, खजुराहा ,बरैठ, सोहा,बड़सम , सरौनी मधेपुरा, समैत अन्य पंचायतों में एक तरफ जहां कटाई के लिए तैयार गेहु की फसल को खेतों में सुला दिया है वहीं मक्का के फसलों में भी ओले की चोट से सभी पत्ता तक गिर गया है।वहीं मक्का के अक्टूबर व नवम्बर माह के फसलों को कमर से तोड पूरे खेतों में बिछा दिया है। काशनगर पंसस प्रतिनिधि धीरज कुमार पंकज ने बताया की आसमां से बरसे ओला आधे आधे किलों तक का होने की वजह से पंचायत की सभी फसलें शत प्रतिशत तक बर्बाद हो गई है। बराही मनिया बाशा में एक ईट खपडे का गोहाल गिरने से पशुपालक धर्मेंद्र सिंह की एक गाय एवं एक बाछे की मौत हो गई।वहीं पदमपुर में मिनी वाटर प्लांट का दोनों टंकी जमीन पर गिरने से एक महिला बाल बाल बच गई है। उक्त बाबत बीईओ रवि कुमार ने कहा की फसल क्षति हेतू सभी पिडित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

## सोनवर्षा राज थाना क्षेत्र में लगातार चोरी से आमजन परेशान सब हेल्थ सेंटर में हुई चोरी

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर क्षेत्र सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चोरी की घटना बढ़ती जा रही है जिससे आमजन परेशान हैं। इस दौरान सोहा ग्राम के विष्णु चैक स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं ठीक उससे सटे नगर प्रशासन द्वारा स्थापित वाटर प्युरीफायर से बीते मंगलवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा तीन वाटर मोटर की चोरी कर लिया गया है।एक ही रात में सार्वजनिक स्थल से तीन वाटर मोटरों की चोरी से पुलिस की रात्रि गश्ती पर सवाल उठ रहे है। घटना के बाबत सब हेल्थ सेंटर के सीएचओं संजय कुमार ने बताया की मंगलवार रात करीब एक बजे अज्ञात चोरों दिवार फांद सेंटर के आंगन में प्रवेश कर गए तथा जिस कमरे में वो सोए हुए थे उसका कुंडी बाहर से बंद कर दिया।कुंडी के बंद करने की आवाज से उनकी नींद खुल गई। आभास होने पर उन्होने पडोस में सोए एक ढाबा संचालक को फोन करके जगाया की कोई सेंटर के अंदर आया है।जबतक वो आया तबतक दवा खाना के अंदर प्रवेश कर मोटर लेकर चोर फरार हो गए। घटना की जानकारी बुधवार की सुबह तब मिली जब विष्णु चैक पर पहुंचे राहगीर शीतल पेयजल से पानी लेने गए तो देखा की वाटर प्यूरीफायर के पीछे लगा ताला नीचे गिरा है तथा अंदर लगे तीन वाटर मोटर मे से दो अपनी जगह से गायब है। घटना की सुचना पर पहुंची 112 की टीम द्वारा आवश्यक जांच पडताल की गई।



## भाजपा स्थापना दिवस पर प्रत्येक बूथ अध्यक्ष पर होगा पार्टी का झंडोत्तोलन



तीन दिवसीय आयोजन को लेकर संयोजक बनें अभिषेक पांडेय व मुकेश मानस।

बैठक में भाजपा नेता व कार्यकत्ता।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 6 अप्रैल को स्थापना दिवस कार्यक्रम की सफलता हेतु बुधवार को एक महत्वपूर्ण योजना बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष साजन शर्मा ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री मुकेश मानस ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 6 से 7 अप्रैल तक सभी बुथों पर स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत बुथ अध्यक्ष के घर पर झंडा फहराया जाएगा।साथ ही जिला एवं मंडल कार्यालय को सजाया जाएगा एक पखवाड़े तक विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक रूप से आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अभिषेक पाण्डेय को संयोजक तथा मुकेश मानस, अरविंद भगत एवं मिस्टर झा को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के कोशी क्षेत्रीय प्रभारी मनोज सिंह ने संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और कार्यक्रम की व्यापक भागीदारी पर जोर दिया। जिला कार्यालय पर सक्रिय सदसयो का सम्मेलन किया जाएगा। बैठक में जिला महामंत्री शिव भूषण सिंह, अनमोल भगत, भैरवानंद, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने संबोधित किया ।

## भारी सचिव द्वारा समसामयिक बिंदुओं के संबंध में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित

**आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की उपलब्धत एवं अन्य समसामयिक बिंदुओं के संबंध में विस्तृत समीक्षा**



बैठक में डीएम व अन्य अधिकारी।

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** बिहार सरकार के प्रधान सचिव, कृषि विभाग सह प्रभारी सचिव नर्मदेश्वर लाल की अध्यक्षता में वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को दृष्टि में रखते हुए जिलांतर्गत उर्वरक के सुव्यस्थित विक्रय एवं एलपीजी गैस सिलेंडर के वितरण की वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति, पीएनजी कनेक्शन हेतु की जा रही कारवाई के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभरकर सामने आया की कृषि कार्य निमित पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है,निर्देश दिया गया की आवश्यकतानुसार उर्वरक की खरीद की जाए,जमाखोरी नहीं हो,इसका ध्यान रखना आवश्यक है। तदनुसार उपलब्धता के विरुद्ध उर्वरक बिक्री के नियमित पर्यवेक्षण एवं अनियमितता संज्ञान में आने पर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडर की वर्तमान उपलब्धता एवं इसके सुव्यस्थित वितरण हेतु की जा रही कारवाई के संबंध में अवगत कराया गया। उन्होंने बताया की गैस सिलेंडर वितरण का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने हेतु कार्यशील एजेंसियों की संख्या के अनुपात में स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिनके नियमित पर्यवेक्षण में उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान किया जा रहा है। शिकायत निवारण हेतु जिला नियंत्रण कक्षः0647822275 3सतत कार्यशील है। प्रभारी सचिव जिला आपूर्ति कार्यालय को इसके व्यापक प्रचार प्रसार का निर्देश दिया गया है। पीएनजी की वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति समीक्षा के क्रम में जिलांतर्गत लगभग 65 किलोमीटर में पीएनजी संबंधित कार्य अंतिम रूप से पूर्ण होने की संभावित तिथि 15 अप्रैल जबकि शेष लगभग 300 किलोमीटर के चिन्हित क्षेत्रों में पीएनजी संबंधित कार्य अंतिम रूप से अविलंब पूर्ण करने हेतु क्रियान्वयन एजेंसी को युद्ध स्तर पर कार्य करने की सख्त हिदायत दी गई है।पीएनजी कनेक्शन यथासंभव अधिकाधिक व्यक्ति लाभान्वित हो,इस हेतु इसके संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार का निर्देश प्रभारी सचिव महोदय द्वारा दिया गया है।

**उर्वरक जमाखोरी व कालाबाजारी संज्ञान में आने पर कठोर कारवाई का निर्देश, पीएनजी कनेक्शन की शेष कार्यों को युद्ध स्तर पर निष्पादित करने का निर्देश।**

## तेज आंधी-तूफान से बाधित हुई बिजली आपूर्ति, युद्धस्तर पर कार्य कर बहाल की गई सेवा



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोशी प्रमंडल अंतर्गत मंगलवार की रात अचानक आए तेज आंधी-तूफान ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं और खराब मौसम के कारण कई स्थानों पर विद्युत तार, पोल एवं उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे शहरी में एल टी के 05 पोल क्षतिग्रस्त हुआ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एच टी पोल 23 पोल क्षतिग्रस्त हुआ एव एल टी पोल 17 क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।वही आंधी-तूफान के चलते उपभोक्ताओं को कुछ समय के लिए असुविधा का सामना करना पड़ा लेकिन स्थिति को देखते हुए विद्युत विभाग द्वारा तुरंत त्वरित कार्रवाई की गई। तूफान थमते ही विभाग के अधिकारी एवं कर्मी फील्ड में उतरकर क्षतिग्रस्त लाइनों की मरम्मत एवं पुनर्स्थापना कार्य में जुट गए। विद्युत कार्यपालक अभियंता सहरसा ई. अमित कुमार ने बताया की विभागीय टीमों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद लगातार कार्य करते हुए सराहनीय प्रदर्शन किया। परिणामस्वरूप टाउन क्षेत्र की बिजली आपूर्ति लगभग 5 घंटे के भीतर बहाल कर दी गई, जबकि दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यापक प्रयासों के बाद करीब 10 घंटे के अंदर आपूर्ति सुचारू कर दी गई। उन्होंने बताया कि तेज आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ गिरने, तार टूटने एवं पोल क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं सामने आईं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग आपात स्थितियों से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क है और भविष्य में भी ऐसी परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे खराब मौसम के दौरान सतर्क रहें तथा किसी भी प्रकार की विद्युत समस्या की सूचना तुरंत विभाग को दें। विभाग ने उपभोक्ताओं के सहयोग एवं धैर्य के लिए आभार व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### उर्वरक के थोक विक्रेता मेर्सस अरुण कुमार अग्रवाल के गोदाम का किया गया सत्यापन, ससमय उर्वरक वितरण के दिए निर्देश

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) ।** जिला पदाधिकारी सावन कुमार के निदेर्शानुसार मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विभाष कुमार के द्वारा मुख्यालय स्थित उर्वरक के थोक विक्रेता मेसर्स अरुण कुमार अग्रवाल के गोदामों की जांच की गई । मौके पर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार मौजूद थे जांच के बाबत अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि जांच के दौरान गोदाम में स्टॉक के अनुसार उपलब्ध उर्वरक का सत्यापन किया गया । मौके पर उपस्थित थोक विक्रेता को यह निर्देश दिया गया कि ससमय रिटेल दुकानदारों को उर्वरक उपलब्ध कराया जाय ताकि खरीफ के मौसम में निर्धारित दर पर किसानों को उर्वरक उपलब्ध हो सके उन्होंने कहा कि उर्वरक की कोई कमी नहीं है इस दौरान विक्रेता सोनू अग्रवाल आदि उपस्थित थे ।


उर्वरक का निरीक्षण करते अधिकारी

### बसंतपुर सीडीपीओ ने महिला प्रवेक्षिका एवं कार्यालय कर्मियो के साथ की बैठक, दिए कई निर्देश

**वीरपुर (ग्रामीण) सुपौल।** बाल विकास परियोजना कार्यालय बसंतपुर में सीडीपीओ रंजना कुमारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं कार्यालय कर्मियों ने भाग लिया। बैठक में आकांक्षी प्रखंड के तहत सभी गर्भवती महिलाओं को समय पर टीएचआर उपलब्ध कराने के लिए उनका एफआरएस के माध्यम से शत-प्रतिशत सत्यापन करवाने का निर्देश दिया गया। साथ ही पोषण ट्रैकर ऐप में बच्चों का वजन और ऊंचाई सेम और मेम बच्चे का अपडेट कराने पर भी जोर दिया गया। सीडीपीओ ने निर्देश दिया कि आंगनवाड़ी केंद्र प्रतिदिन नियमित रूप से पोषण ट्रैकर ऐप खोले जाए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लाभुकों से संबंधित आवेदन पत्रों को समय पर पोर्टल पर अपलोड करवाने सहित अन्य कार्यों को भी नियत समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड समन्वयक मंटू कुमार मिश्रा, रितु कुमारी, नूतन कुमारी, पूनम कुमारी तथा शगुफ्ता जहाँ उपस्थित थी।


कर्मियो के साथ बैठक करते सीडीपीओ

### डीएम ने जीविका प्रखंड परियोजना प्रबंधक के साथ की समीक्षात्मक बैठक, दिए कई निर्देश

**सुपौल (एनएसबी)।** सावन कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय वेश्म में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जीविका परियोजना अंतर्गत सभी प्रखंडों के प्रखंड परियोजना प्रबंधक एवं जिला परियोजना प्रबंधक उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों की समीक्षा करना तथा आगामी कार्य योजना एवं रणनीतियों का निर्धारण करना। जिलाधिकारी द्वारा जीविका के विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विभिन्न बैंकों के सहयोग से क्रेडिट लिंकेज (03 एवं 04) को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक जीविका दीदियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध हो सके। साथ ही, कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से आय वृद्धि के अवसर सृजित कर जीविका समूहों को अधिक लाभ पहुंचाने पर बल दिया गया। उन्होंने कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर जीविका दीदियों को कृषि आधारित गतिविधियों से जोड़ने तथा उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत सभी लाभार्थी दीदियों को समय पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, प्रति सप्ताह कम से कम तीन सफल कहानियां साझा करने के निर्देश दिए गए, ताकि अन्य दीदियों को प्रेरणा मिल सके एवं योजनाओं के सकारात्मक प्रभाव का व्यापक प्रसार हो सके। जिला प्रशासन, सुपौल द्वारा संबंधित सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु समन्वित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें।


बैठक में संबोधित करते डीएम व मौजूद जीविका कर्मी।

### डीएम-एसपी ने संयुक्त रूप से गैस एजेंसियो एवं क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ की बैठक

**सुपौल (एनएसबी)।** समाहरणालय, सुपौल स्थित लहटन चौधरी सभागार में सावन कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल एवं पुलिस अधीक्षक, सुपौल की संयुक्त अध्यक्षता में जिले के गैस एजेंसियों, क्षेत्रीय प्रबंधकों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था की नियमितता, कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण, तथा उपभोक्ताओं को समय पर गैस वितरण सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप पारदर्शी एवं सुचारू आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखें। जिलाधिकारी ने अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने एवं किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी द्वारा होम डिलीवरी शत प्रतिशत प्रारंभ करने के साथ ही फर्स्ट इन फर्स्ट आउट का अनुपालन कराई से किए जाने का निदेश दिया गया उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं निगरानी बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सुपौल, जिला परिवहन पदाधिकारी, सुपौल सभी अनुमंडल पदाधिकारी सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित विभिन्न गैस एजेंसियों के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।


बैठक में दिशा निर्देश देते डीएम सावन कुमार ।

### राष्ट्रीय जनगणना को लेकर बैठक आयोजित

**पिपरा (सुपौल)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित टीसीपी भवन में बुधवार को राष्ट्रीय जनगणना 2027 की तैयारी को लेकर बीडीओ अमरेन्द्र पंडित की अध्यक्षता में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों अंचल अमीन सहित अन्य कर्मियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीडीओ ने जनगणना कार्य में शिक्षकों को प्रगणक के रूप में नियुक्त करने के लिए सभी प्रधानाध्यापक अपने विद्यालय के शिक्षकों की सूची उपलब्ध कराने एवं अंचल अमीन को नजरी नक्शा बनाने का निर्देश दिया है। जनगणना कार्य को पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह शक्त है। कहा कि जनगणना के आंकड़े सरकार की नीतियों और योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप ससमय सभी कार्य संपादित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में अंचल अमीन एवं प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मौजूद थे ।

# धूम धाम से मना निर्मली अनुमंडल का 36वां स्थापना दिवस

## 1 अप्रेल 1991 को तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने निर्मली को अनुमंडल का दिया था दर्जा

**सुपौल (एनएसबी) ।** कोसी क्षेत्र की जनता के लिए एक अप्रेल ऐतिहासिक दिन रहा, बता दें कि निर्मली अनुमंडल का 36वाँ स्थापना दिवस समारोह ओम श्रीसाई पब्लिक स्कूल, निर्मली में दोपहर 2 बजे से आयोजित की गई । समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति कोसी प्रमंडल, सहरसा के अध्यक्ष तथा पूर्व अनुमंडलीय विधिज्ञ संघ निर्मली के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता रामलखन प्रसाद यादव ने की ।


अनुमंडल कार्यालय निर्मली का भवन।

**स्थापना की कहानी :** 1 अप्रैल 1991 को तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने कोसी नदी के पश्चिमी पार स्थित निर्मली और मरौना प्रखंड को मिलाकर निर्मली को अनुमंडल का दर्जा दिया था। इससे पहले स्थानीय जनता को 80 किलोमीटर दूर वीरपुर और सुपौल अनुमंडल जाना पड़ता था। कोसी पीड़ितों की सुविधा को ध्यान में रखकर लिया गया यह फैसला आज भी याद किया जाता है।

**35 साल में हुआ चहुँमुखी विकास :** अनुमंडल बनने के बाद क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और न्याय व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ। एनएच, डबल रोड और बड़ी रेल लाइन से पटना समेत देश के कई शहरों तक कनेक्टिविटी आसान हो गई वहीं मरौना पीएचसी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया जहां निर्मली में 100 बेड का अनुमंडलीय अस्पताल चल रहा है। एएनएम प्रशिक्षण केंद्र भी संचालित है। शिक्षा के क्षेत्र में काफी तरक्की हुई। आज सरकारी-गैर सरकारी स्कूलों-कॉलेजों में 15 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं। बिजली के लिए पावर ग्रिड और कई सब स्टेशन बनाए गए जिससे पर्याप्त बिजली आपूर्ति हो रही है। 60 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित व्यवहार न्यायालय भवन तैयार है।

**कभी निर्मली में कर्मचारी के पदस्थाप को काला पानी की सजा कहा जाता था :** बता दें कि पूर्व में निर्मली में कर्मचारी पदस्थापन को ह्यकाला पानी की सजाह्व मानते थे, लेकिन अब सड़क-रेल सुविधा के कारण अधिकारी-कर्मी स्वयं यहां आने को उत्सुक रहते हैं। आयोजक समिति ने बताया कि अनुमंडल स्थापना के बाद पहली बार स्थापना दिवस को इस रूप में मनाया जा रहा है। आयोजन समिति ने अपील की है कि यदि आयोजन में कुछ कमियां रह गई हों तो आयोजक क्षमाप्रार्थी हैं। अगले वर्ष से और बेहतर व सुव्यवस्थित तरीके से समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में स्थानीय जनता, राजनेता, अधिकारी और बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया गया था। आयोजक समिति ने रखी जरूरी मांगें भी रखी हैं जिसमें मुख्य रूप से अनुमंडल मुख्यालय में नगर पंचायत क्षेत्र का जलजमाव दूर करना, सभी विभागों में अधिकारियों का पूर्ण पदस्थापन, नवनिर्मित व्यवहार न्यायालय का शुभारंभ, कारा भवन निर्माण शुरू करना, यातायात पुलिस बहाल करना, थानों को मॉडल थाना बनाना, मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना, खेल मैदान और पार्क बनाना, बस-टैक्सी स्टैंड निर्माण एवं मधुबनी जिले की सीमा पर निगरानी बढ़ाना इत्यादि मांगे शामील है । यह समारोह न सिर्फ 36 साल के सफर की याद दिलाता है, बल्कि आगे और बेहतर विकास की दिशा भी दिखाता है। बता दें कि निर्मली अब कोसी क्षेत्र में विकास का प्रतीक बन चुका है। जहां हर कोई आना चाहता है ।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते वरिष्ठ अधिवक्ता रामलखन प्रसाद यादव व मौजूद पदाधिकारीगण ।

# 494.4 लीटर नेपाली शराब के साथ तीन मोटरसाइकिल जब्त, तस्कर फरार

**सुपौल (एनएसबी)।** 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल बीरपुर के अंतर्गत सीमा चौकी कटैया एवं नियोर द्वारा भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सतर्कता एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुल 494.4 लीटर नेपाली शराब के साथ 03 मोटरसाइकिल जब्त की गई।

इस संबंध में श्री गौरव सिंह, कमांडेंट, 45वीं वाहिनी, बीरपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि सीमा क्षेत्र में तस्करी की संभावना है। प्राप्त सूचना के आधार पर सीमा चौकी कटैया एवं बिहार पुलिस के साथ संयुक्त रूप से एक विशेष नाका पार्टी का गठन कर सीमा स्तम्भ संख्या 207/9 के समीप घात लगाकर निगरानी की गई। कुछ समय पश्चात संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर पार्टी द्वारा पीछा किया गया, परंतु तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। घटनास्थल की तलाशी लेने पर एक बोरी में रखा 108 लीटर नेपाली शराब बरामद किया गया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए जब्त शराब को थाना भीमनगर, जिला सुपौल को सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में दिनांक 01 अप्रैल 2026 को सीमा चौकी नियोर द्वारा विशेष पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान 386.4 लीटर नेपाली शराब के साथ 03 मोटरसाइकिल जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर शराब एवं मोटरसाइकिल छोड़कर भाग निकले। आवश्यक कानूनी कार्रवाई उपरांत जब्त शराब एवं मोटरसाइकिल को थाना आंधरामठ, जिला मधुबनी (बिहार) को सुपुर्द किया गया। इस अभियान में सशस्त्र सीमा बल के सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मण सिंह, मुख्य आरक्षी मिथुन कुमार तथा बिहार पुलिस के उप निरीक्षक मनीष कुमार सहित अन्य जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई। 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु सतत एवं प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है।

**सशस्त्र सीमा बल बीरपुर के सीमा चौकी कटैया एवं नियोर ने की कार्रवाई**


जब्त बाइक व शराब के साथ एसएसबी के अधिकारी।

# शिक्षा जीवन का मजबूत आधार है इसके बिना राष्ट्र का विकास असंभव : बैद्यनाथ मेहता

**वीरपुर (ग्रामीण) सुपौल ।** मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के सम्मान में सोमवार को रतनपुर स्थित द पार्क ऑफ नॉलेज में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं कृति कुमारी, आरुषि कुमारी, माही मौषम, अनु कुमार, प्रेमजीत कुमार, कुमोद कुमार सहित कुल 78 को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आईआरएस अधिकारी सह राजद नेता बैद्यनाथ मेहता उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जब बच्चों का हौसला बुलंद होता है, तो वे हर मुकाम को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में संघर्ष जितना अधिक होगा, सफलता उतनी ही आसान और मजबूत होगी। सपनों को हमेशा ऊंचा रखना चाहिए, क्योंकि एक छात्र की सफलता दूसरे बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सभी सफल छात्रों को मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से प्रोजेक्ट ललित नारायण उच्च विद्यालय, रतनपुर की छात्रा कृति कुमारी, जिन्होंने मैट्रिक परीक्षा में जिला स्तर पर पांचवां स्थान प्राप्त किया, को मंच पर सम्मानित कर सराहा गया। उनकी इस उपलब्धि पर उपस्थित लोगों ने तालियों की गूंज के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। बैद्यनाथ मेहता ने कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। इसके बिना समाज और राष्ट्र का विकास संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि असफलता से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उसे सफलता की कुंजी मानकर आगे बढ़ना चाहिए। निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच ही सफलता का रास्ता खोलती है।

कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में पूर्व मुखिया संजीव कुमार उर्फ मंटू, रामचंद्र मेहता, अशोक मेहता, रामलखन भारती, विजय मेहता, नारायण मेहता एवं सूर्यनारायण मेहता शामिल थे। वहीं संस्थान के निदेशक पवन कुमार मेहता, प्राचार्य आर.के. रौशन, चंदन कुमार, नीतीश कुमार एवं सुमन कुमार मेहता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और छात्रों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और प्रेरणा से भरा रहा।

**मेधावी छात्रों का किया गया सम्मान, कृति कुमारी सहित कई प्रतिभाएं हुए पुरस्कृत**


छात्रा को पुरस्कृत करते बैद्यनाथ मेहता।

# सुपौल में कृषि विभाग के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में की गई समीक्षात्मक बैठक, दिए गए कई दिशा निर्देश

## प्रधान सचिव ने पेट्रोल पंप पर सिर्फ वाहनों में ही तेल देने का दिया निर्देश

**सुपौल (एनएसबी) ।** नर्मदेश्वर लाल प्रधान सचिव, कृषि विभाग, बिहार, पटना - सह-प्रभारी सचिव, सुपौल की अध्यक्षता में जिलान्तर्गत आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की उपलब्धता, प्रवासी श्रमिकों के हितों की सुरक्षा एवं अन्य संबंधित विषयों से संबंधित आयोजित समीक्षा बैठक की गई जिसमें निम्न बिन्दुओं पर दिशा-निर्देश दिए गए ।

जिसमे जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में सुपौल जिलान्तर्गत 51 गैस एजेंसी कार्यरत है। जिला अन्तर्गत कुल 5,12,000 एल०पी०जी० के उपभोक्ता है। बताया गया कि वर्तमान में कम्पनीवार भंडार में एल०पी०जी० गैस उपलब्ध है। जिला पदाधिकारी, ने कहा कि वर्तमान में कम्पनीवार यथा- आईओसीएल -6198, बीपीसीएल-1995 एवं एचपीसीएल-10442 बुकिंग उपभोक्ताओं द्वारा कराया गया है, जिसका वितरण लंबित है। माननीय प्रधान सचिव महोदय द्वारा सभी संबंधित एजेंसियों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निदेशित किया गया कि समीक्षा करते हुए गैस का वितरण कराना सुनिश्चित किया जाय, ताकि गैस का कालाबाजारी एवं जमाखोरी ना हो सके। जिला पदाधिकारी, सुपौल द्वारा बताया गया, कि जिला स्तर पर प्रतिदिन प्रेस कान्फ्रेस करते हुए एल०पी०जी० की उपलब्धता एवं वितरण की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। उक्त कार्य की सतत निगरानी एवं समीक्षा हेतु जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम का स्थापना किया गया है, जिनके माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित गति से निष्पादन कराया जा रहा है। इस हेतु कन्ट्रोल रूम का टॉल फ्री नम्बर-06473-224005 जारी किया गया है। प्रधान सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि इसकी आमजनों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय, ताकि आमजनों के बीच इसकी जानकारी उपलब्ध हो सके।

जिला पदाधिकारी, द्वारा बताया गया कि सुपौल जिलान्तर्गत वर्तमान में पी०एन०जी० का कनेक्शन शून्य है। प्रधान सचिव द्वारा संबंधित नोडल एजेन्सी के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निदेश दिया गया कि इस संबंध में त्वरित गति से कार्य कराना सुनिश्चित किया जाय, ताकि आमजनों को कनेक्शन जल्दी मुहैया कराया जा सके। जिला पदाधिकारी, द्वारा बैठक में उपस्थित पेट्रोल पम्प के मालिकों एवं उनके प्रतिनिधियों को निदेश दिया गया कि सिर्फ वाहनों में ही फ्यूल दिया जाय ताकि फ्यूल का कालाबाजारी एवं जमाखोरी न हो सके। प्रधान सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि नेशनल हाईवे के आसपास एवं शहरी क्षेत्रों में स्थापित पेट्रोल पम्पों पर फ्यूल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाय, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाय कि आमजन वाहन में ही फ्यूल भरवाएँ एवं केन या जार में फ्यूल नहीं दिया जाय। क्योंकि इससे जमाखोरी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जिला पदाधिकारी, सुपौल द्वारा बताया गया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत मूल्य नियंत्रण हेतु प्रखण्डवार दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, संबंधित पदाधिकारियों द्वारा प्रखंडस्तर पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित गति से निष्पादन किया जा रहा है। जानकारी दिया गया कि जिला स्तर पर मूल्य नियंत्रण कोषांग का स्थापना करते हुए आवश्यक खाद्य वस्तुओं के मूल्य की समीक्षा करने हेतु निदेश दिया गया है, ताकि निर्धारित मूल्य पर ही वस्तुओं की खरीद-बिक्री सुनिश्चित की जा सके। जिला पदाधिकारी, द्वारा बताया गया कि वर्तमान में सुपौल जिलान्तर्गत श्रमिक ऐप के माध्यम से कुल 12546 पंजीकृत प्रवासी मजदुर चिन्हित है। प्रवासी मजदुरों के आने की सूचना उपलब्ध होने पर त्वरित गति से इस संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। माननीय प्रधान सचिव महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों के माध्यम से दैनिक जानकारी प्राप्त की जाय एवं उक्त कार्य की सत्त समीक्षा एवं निगरानी रखते हुए आवश्यकतानुसार उचित कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय। जिला पदाधिकारी, द्वारा अवगत कराया गया कि सुपौल जिला में दीदी की रसोई-11, वेलफेयर हॉस्टल-02, पी०एम० श्री जवाहर नवोदय विद्यालय-01, कस्तुरबा बालिका विद्यालय-13. जिला कारागार-01, बालगृह-02. बी०एम०पी०-01, एस०एस०बी०-01. सुधा डेयरी-01, मेडिकल कॉलेज-01. इंजिनियरिंग कॉलेज-05 स्थापित है। जिनको प्राथमिकता के आधार पर एल०पी०जी० गैस की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। प्रधान सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि आवश्यकतानुसार समय-समय पर आवश्यक कदम उठाना सुनिश्चित किया जाय, ताकि स्थिति नियंत्रण में बनी रहे। जिला पदाधिकारी, सुपौल द्वारा बताया गया कि जिला प्रशासन, सुपौल द्वारा फेसबुक लाईव एवं अन्य सोशल मिडिया के माध्यम से लागातार जानकारी मुहैया कराई जा रही है, ताकि आमजनों में किसी भी प्रकार की संशय की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही सभी सोशल मिडिया पर निगरानी रखी जा रही है। ताकि कोई भी असामाजिक तत्व द्वारा भ्रामक सूचना प्रसारित न किया जा सके। जिला पदाधिकारी, द्वारा बताया गया, कि खरीफ मौसम अन्तर्गत विगत वर्षों का आच्छादन एवं वर्ष 2026 का संभावित आच्छादन प्रतिवेदन का आंकलन किया गया है, जिसके आधार पर सुपौल जिलान्तर्गत खाद की उपलब्धता वर्तमान में पर्याप्त है। जिला पदाधिकारी, सुपौल द्वारा बताया गया, कि प्रत्येक खाद दुकानों को कमीर्वार टैग किया गया है एवं शत-प्रतिशत पॉस स्टॉक से भंडार का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है एवं अनियमितता पाये जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। सभी उर्वरक निरीक्षक को निदेशित किया गया कि रैंडम बेसिस पर क्रय करने वाले कृषकों का भी स्थल जाँच करेंगे। प्रधान सचिव द्वारा बताया गया कि सुपौल जिला में पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डी०ए०पी० एवं अन्य उर्वरक उपलब्ध है। उक्त के आलोक में निदेशित किया गया कि सघन जाँच, छापामारी कराया जाय एवं अनियमितता पाये जाने पर कठोर कार्रवाई किया जाय तथा इसमें लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी एवं कर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय। जिला पदाधिकारी, सुपौल द्वारा बताया गया कि उर्वरक वितरण, परिचालन, मूल्य नियंत्रण, कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर सतृत समीक्षा एवं निगरानी की जा रही है। संबंधित सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं अन्य पदाधिकारियों को निदेशित किया गया है कि अपने कार्यक्षेत्र अन्तर्गत भ्रमणशील रहते हुए उक्त कार्य की गहन समीक्षा एवं निगरानी रखेंगे, ताकि कृषकों को सुगमतापूर्वक उर्वरक उपलब्ध हो सके।



प्रधान सचिव का सम्मान करते डीएम सावन कुमार व बैठक में शामिल पदाधिकारी ।

# डीएम का सख्त रुख : प्रैक्टिकल के नाम पर नजराना मांगने वालों पर प्राथमिकी दर्ज

**नवसंदेश ब्यूरो**

**खगड़िया/परबत्ता।** दो दिन पूर्व कुछ छात्र-छात्राओं ने डाक के माध्यम से जिला पदाधिकारी को शिकायत प्रेषित की थी, जिसमें उल्लेख किया गया था कि कुछ व्यक्तियों द्वारा प्रायोगिक परीक्षा (प्रैक्टिकल) में उत्तीर्ण कराने के नाम पर 1500 की अवैध राशि की मांग की जा रही है।

उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी ने त्वरित संज्ञान लिया। उनके निर्देशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा संबंधित सभी छात्र-छात्राओं को वाहन की व्यवस्था कराते हुए जिला मुख्यालय बुलाया गया। साथ ही, जिन व्यक्तियों के विरुद्ध आरोप लगाए गए थे, उन्हें भी उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा स्वयं मामले की समीक्षा की गई एवं इसकी गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। तत्पश्चात, जांचोपरांत दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

परबत्ता प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीमापुर लगार में इंटर की प्रैक्टिकल परीक्षा में नंबर देने के मामले में विद्यालय की प्रधानाध्यापक सविता कुमारी, लिपिक रीता कुमारी और शिक्षक दिलीप चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। खगड़िया के जिलाधिकारी नवीन कुमार के निर्देश पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने परबत्ता थाने में इस संबंध में कांड संख्या 136/26 दर्ज कराया है। साथ ही तीनों के खिलाफ विभागीय एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की भी अनुशंसा की गई है। बताया जाता है कि विद्यालय के छात्र गरीब कुमार और विशाल कुमार ने डीएम को लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया था कि प्रैक्टिकल परीक्षा में अधिक अंक देने के नाम पर उनसे क्रमशः 1500 और 1000 रुपये की मांग की गई। पैसे नहीं देने पर उनका भविष्य खराब करने की धमकी भी दी गई थी। शिकायत मिलने के बाद 28 मार्च को मामले की जांच कराई गई, जिसमें आरोपों की पुष्टि हुई। इसके बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर संबंधित आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई।

> **छात्रों की शिकायत पर डीएम ने करायी जांच, प्रधानाध्यापक शिक्षक व लिपिक पर केस दर्ज**
>
> **शिक्षा विभाग का कोई भी कर्मचारी या पदाधिकारी राशि की मांग करता है तो इसकी सूचना विभागीय टॉल फ्री नंबर 14417 और 18003454417 पर दें**

इससे पहले भी यह विद्यालय विभिन्न कारणों से चर्चा में रहा है। जानकारी के अनुसार लिपिक रीता कुमारी ने सितंबर 2025 में अनुकंपा के आधार पर नौकरी प्राप्त की थी। यह भी उल्लेखनीय है कि घटना से पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किया गया था कि स्कूलों में अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर सख्त विभागीय कार्रवाई के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। इसके बावजूद आरोपियों ने निर्देशों को नजरअंदाज किया।

जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनियमितता, भ्रष्टाचार या छात्रों के शोषण को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को सतत निगरानी बनाए रखने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है।

इसके अतिरिक्त सभी शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के प्रलोभन या दबाव में न आएं तथा इस प्रकार की अवैध मांग की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। प्रशासन द्वारा यह भी आश्वस्त किया गया है कि शिकायतकर्ताओं की पहचान गोपनीय रखी जाएगी एवं उन्हें पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी। साथ ही, यह भी अवगत कराया गया है कि राज्य के सरकारी विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों से उनके विभिन्न कार्यों के लिए यदि शिक्षा विभाग का कोई भी कर्मचारी या पदाधिकारी राशि की मांग करता है या वसूलता है, तो इसकी सूचना विभागीय टॉल फ्री नंबर 14417 एवं 18003454417 पर दर्ज करायी जा सकती है। इससे संबंधित मामलों में त्वरित संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## गंगा कटाव का स्थायी समाधान किसी एक से संभव नहीं : मुन्ना

**खगड़िया (एनएसबी)।** पूर्व जिला परिषद सदस्य कृष्ण कुमार उर्फ मुन्ना यादव ने 31 मार्च को गंगा पूजन सह उपवास कार्यक्रम की सफलता के लिए रहीमपुर दक्षिणी, रहीमपुर मध्य, रहीमपुर उत्तरी एवं टीकारामपुर के अभिभावक, माता-बहनें, किसान, पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों का बधाई एवं आभार प्रकट किया। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मुन्ना यादव ने कहा कि गंगा कटाव का समस्या किसी एक की नहीं और इसका समाधान भी किसी एक से संभव नहीं है। इस आंदोलन में मुख्य भूमिका निभाने वाले ई. धर्मेंद्र कुमार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि एक व्यक्ति होता जो पांच-दस हजार खर्च कर सिर्फ अपना नाम करने की बात करता है। वहीं ई. धर्मेंद्र कुमार जैसी शख्सियत लाख सहयोग करके भी अपनी पीठ नहीं थपथपाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली मीटर लगा 2024 में और बिल मांगा जा रही 2019 से

**बेलदौर।** बिजली विभाग के कर्मी के नकारात्मक रवैया के कारण बिजली उपभोक्ता के शोषण का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक, बेलदौर नगर पंचायत निवासी राजकमल कुमार का 22 मार्च, 2024 को बिजली कनेक्शन लगाने के लिए ऑनलाइन किया गया। इसके बाद बिजली विभाग के कनीय अभियंता भागीरथ झा दिया फिर बिजली विभाग के मानव बल ने इसे लगाया गया। जब बिजली बिल लेने के लिए मानव बल आता था और उसे मीटर जांच करने के लिए तब वो कहता था कि आपका कनेक्शन बिजली विभाग के कार्यालय से नहीं जुड़ा है। 31 मार्च, 2026 को कनीय अभियंता भागीरथ झा ने करीब 3 बजे मोबाइल पर फोन किया और कहा कि मार्च क्लोजिंग चल रहा है आज अंतिम तिथि है जिस कारण पांच हजार रुपया भेज दो नहीं तो कनेक्शन काट दिया जाएगा। जब बिजली बिल की जांच की गयी तो विद्युत कनेक्शन की तिथि 31.12.2019 का मीटर बताया गया जबकि मीटर 2024 में लगा है। अब विभाग बिजली बिल 2019 से मांगा जा रहा है। बिजली उपभोक्ता का कहना है कि जब हम 2024 में अपना कनेक्शन लगाए फिर 2019 से बिल क्यों मांगा जा रहा है।

### राजकीय मेला में नाटक पराजय के मंचन ने मोहा मन

**पसराहा।** राजकीय मेला महद्दीपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में नाटक पराजय का मंचन किया गया। इस नाटक के माध्यम से कलाकारों ने अपनी जीवंत प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और अभिनय कला की नई ऊंचाइयों को छुआ। मंच पर रणधीर कुमार ने ठाकुर रंजीत सिंह की रौबदार भूमिका में जान फूंक दी, जबकि फुलुंग कुमार ने शानु और अमन कुमार ने भुजंग सिंह के पात्रों को बेहद संजीदगी से निभाया। अजीत गुप्ता ने भूपेंद्र सिंह, सतेंद्र कुमार ने सपेरा और डॉ. रविन्द्र कुमार ने कुम्भा के रूप में अपने उत्कृष्ट अभिनय का परिचय दिया। विशेष आकर्षण का केंद्र रहे संदीप कुमार, जिन्होंने नायिका शमवली की चुनौती पूर्ण भूमिका को कुशलता से निभाकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। घाटक के सफल मंचन पर निर्देशक सुनील सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी कलाकारों ने अपने-अपने किरदारों के साथ न्याय किया और सामूहिक प्रयास से ही यह प्रस्तुति यादगार बन सकी। इस भव्य आयोजन की सफलता में पैक्स अध्यक्ष अडियानंद सिंह, राज किशोर कुमार, अरविंद ठाकुर और बमबम सिंह का विशेष योगदान एवं पूर्ण सहयोग रहा।

### पान सम्मान दिवस समारोह में खगड़िया से जाएंगे 5000 कार्यकर्ता

**खगड़िया।** इंडियन इंक्लूसिव पार्टी और अखिल भारतीय पान महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में कोशी सेंट्रल स्कूल के सभागार में बैठक हुई। शिक्षक नेता मनीष सिंह ने कहा कि 12 अप्रैल को बापू सभागार पटना में आयोजित होने वाले पान सम्मान दिवस समारोह में खगड़िया से 5000 लोगों को ट्रेन, बस और निजी वाहनों से कार्यक्रम में शामिल कराने का लक्ष्य रखा गया। इस पान सम्मान समारोह का उद्घाटन लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी करेंगे। वहीं मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और दीपांकर भट्टाचार्य होंगे। यह कार्यक्रम सहरसा के विधायक आईपी गुप्ता के आह्वान पर होने जा रहा है। इसमें खगड़िया से 5000 लोगों को ले जाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए जिला और प्रखंड स्तर पर आठ कमेटी बनाई गई है जो विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जनसंपर्क करेगी और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पटना चलने का आह्वान करेंगे। बैठक में आईआईपी के जिलाध्यक्ष मनोज तांती, पान महासभा के जिलाध्यक्ष रामचंद्र तांती, अजीत आजाद, अशोक पोद्दार, वाल्मीकि कुमार, इंद्रजीत तांती, अरविंद कुमार, बबलू कुमार सिंह, रणधीर कुमार, जयचंद प्रसाद, जयजय राम यादव, अर्जुन प्रसाद यादव, ध्रुव लाल शर्मा, डॉ. अजय कुमार, रितेश भूषण समेत आईआईपी के दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ट्रक और पिकअप की टक्कर में दो की मौत

**पसराहा में एनएच 31 पर मंगलवार की देर रात हुआ भीषण हादसा**

**नवसंदेश ब्यूरो**

**खगड़िया।** जिले के पसराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-31 पर मंगलवार की देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो लोगों की जान चली गई।

जानकारी के अनुसार, पसराहा थाने के समीप देवठा के पास रात करीब एक बजे ट्रक और पिकअप के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप के उप-चालक (खलासी) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृत उप-चालक की पहचान पूर्णिया जिले के डोभाय छोटा टोला निवासी सचिन कुमार के रूप में हुई है। वहीं, ट्रक चालक की पहचान समस्तीपुर जिले के चपड़ा दमड़ी निवासी अनिल कुमार राय के रूप में की गई है। मृतक के भाई बाबूलाल ने बताया कि वे लोग कंटेनर लेकर गुवाहाटी जा रहे थे, तभी पसराहा थाना क्षेत्र के पास यह दुर्घटना घटित हुई। घटना की सूचना मिलते ही पसराहा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत गोगरी अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया।

> **पिकअप के खलासी की मौके पर ही मौत, ट्रक चालक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ा**
>
> **समस्तीपुर का था ट्रक चालक जा रहा था गुवाहाटी**

अस्पताल में डॉक्टरों ने पिकअप के उप-चालक सचिन को मृत घोषित कर दिया। वहीं, ट्रक चालक अनिल कुमार राय को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। पिकअप के घायल चालक की स्थिति नाजुक देखते हुए उसे भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर किया गया है। बुधवार की सुबह परिजन भी अस्पताल पहुंचे, जिसके बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की छानबीन करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

## 10वीं व 12वीं में जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सम्मानित



**खगड़िया (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी नवीन कुमार और पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने 10वीं और 12वीं कक्षा में जिले में टॉप 10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों कुल 74 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस निमित्त आयोजित सम्मान समारोह में उप विकास आयुक्त श्वेता भारती, एएसपी साक्षी कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेन्द्र गोंड, वार्षिक उप समाहर्ता विवेक सुगंध, प्रविन कुमार, कोशिकी कश्यप, जिला कार्यक्रम अधिकारी शिवम कुमार और आकांक्षा भी उपस्थित रहीं। जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों और शिक्षकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया, ताकि यह संदेश दिया जा सके कि शिक्षा में सफलता में परिवार और शिक्षक की भूमिका भी अहम है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन उच्च आकांक्षा रखने वाले विद्यार्थियों की सूची तैयार की जाए, ताकि उन्हें हर संभव प्रयास से बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जा सके और उनके प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में सफल होने की संभावनाओं को बढ़ाया जा सके।

## मंत्री ने महद्दीपुर के राजकीय मेले में किया नाटक का शुभारंभ

**पसराहा (एनएसबी)।** महद्दीपुर में आयोजित चार दिवसीय राजकीय मेले की चौथी और अंतिम सांस्कृतिक संध्या का भव्य शुभारंभ पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि मैया रानी की असीम कृपा क्षेत्र की जनता पर सदैव बनी रहे। उन्होंने क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की मंगल कामना करते हुए लोगों से अपना आशीर्वाद बनाए रखने की अपील की। मेला परिसर पहुंचने से पूर्व मंत्री ने पसराहा, दिनाचकला और सोंडीहा का सघन भ्रमण किया। कार्यक्रम में निर्देशक रणधीर कुमार, सुनील मेहता, सुनील सिंह, मुखिया प्रतिनिधि अरुण सिंह, संतोष कुमार, ओणम कुमार, राजेंद्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य अशर्फी, अंगद कुशवाहा, मेला अध्यक्ष रोहिन सिंह, परमानंद सिंह, गोपाल सिंह, अखिलेश कुमार और पंकज यादव सहित दर्जनों स्थानीय लोग मौजूद थे।

### जिप अध्यक्ष ने मंत्री का किया अभिनंदन

**खगड़िया (एनएसबी)।** गौशाला रोड स्थित जिला परिषद अध्यक्ष आवास पर जिप अध्यक्ष व जिप अध्यक्ष संघ की प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा कुमारी यादव ने मंत्री दीपक प्रकाश का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कृष्णा कुमारी ने मंत्री के समक्ष जिला परिषद की योजनाओं में तेजी लाने के लिए पोर्टल सुधारने, नए सिरे से परिसीमन कर पंचायत चुनाव कराने, जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, पेंशन सुविधा बहाल करने एवं परिचय पत्र जारी करने की मांग की।

## ग्रामीण इलाकों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था करें सुनिश्चित : दीपक



**खगड़िया (एनएसबी)।** समाहरणालय सभाकक्ष में बुधवार को पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद सह अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीपीआरसी के सभी कर्मचारी एवं विभागीय कर्मी उपस्थित रहे।

> **पंचायती राज मंत्री ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा**

बैठक में कुल 13 मुद्दों पर चर्चा की गई तथा पंचायत राज विभाग से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान मंत्री ने पंचायत सरकार भवनों के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को भी पंचायत सरकार भवन निर्माण की नियमित निगरानी एवं पर्यवेक्षण करने को कहा। समीक्षा के दौरान सोलर स्ट्रीट लाइट की स्थिति एवं कार्यप्रणाली पर भी चर्चा की गई। मंत्री ने निर्देश दिया कि संबंधित प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी लगातार इसकी जांच करते रहें ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। बैठक में कन्या विवाह मंडपों की प्रगति, पंचायत , पंचायत समिति एवं जिला परिषद स्तर पर 15वें एवं वित्त आयोग से प्राप्त राशि के उपयोग की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त जिला परिषद स्तर पर सैरात दुकानों एवं अन्य परिसंपत्तियों के अनुश्रवण पर भी विशेष बल दिया गया। बैठक में मंत्री ने सभी पदाधिकारियों को विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने तथा योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द आम जनता तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी नियमित रूप से योजनाओं का अनुश्रवण करते रहें ताकि कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनी रहे।

## किसानों ने सीखी सोयाबीन की बुआई से लेकर कटाई तक की बारीकियां

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिला मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में दो दिवसीय सोयाबीन कृषक पाठशाला का समापन हो गया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को सोयाबीन की उन्नत खेती के प्रति जागरूक और प्रशिक्षित किया गया। पाठशाला के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सोयाबीन की बुआई से लेकर फसल की कटाई तक की बारीकियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के मुख्य सत्रों में मिट्टी की तैयारी, उन्नत किस्म के बीजों का चयन और वैज्ञानिक तरीके से बिजाई करने की विधियों पर विशेष जोर दिया गया।

> **दो दिवसीय सोयाबीन कृषक पाठशाला का हुआ समापन**

इसके साथ ही, फसल को रोगों और कीटों के प्रभाव से बचाने के लिए प्रभावी कीटनाशकों के प्रयोग और उनके छिड़काव के सही समय के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि किसान अपनी लागत कम करके बेहतर पैदावार प्राप्त कर सकें। समापन के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ. एनके सिंह, वैज्ञानिक जितेंद्र कुमार और रूपम रानी ने किसानों की समस्याओं का समाधान किया। कार्यक्रम में बीईडब्ल्यू सह योजना सहायक पुलिस यादव भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सरकारी योजनाओं और अनुदानों के बारे में किसानों का मार्गदर्शन किया। इस पाठशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में सोयाबीन उत्पादन को बढ़ावा देकर किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना था।

## आवास कर्मियों के लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान हो : राकेश शास्त्री

**खगड़िया (एनएसबी)।** जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने बुधवार को जिला अतिथि गृह में पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश का अंग वस्त्र से स्वागत करते हुए पत्र सौंपकर राज्यभर के आवास कर्मियों की गंभीर समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संविदा पर कार्यरत ग्रामीण आवास सहायक, लेखा सहायक एवं पर्यवेक्षक विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं इंदिरा आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता अभियान, आपदा प्रबंधन एवं निर्वाचन कार्य में अहम भूमिका निभा रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें अत्यंत सीमित मानदेय मिल रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति है कि इन कर्मियों का लगभग सात माह से मानदेय और एरियर लंबित है, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। कई परिवारों का जीवन-यापन प्रभावित हो रहा है। साथ ही, नियमों के विपरीत कई कर्मियों को सेवा से हटाए जाने का मामला भी सामने आया है, जिसे उन्होंने अन्यायपूर्ण बताया। उन्होंने मंत्री से लंबित भुगतान शीघ्र जारी करने, मानदेय का पुनरीक्षण करने और सेवा से हटाए गए कर्मियों की पुनर्बहाली की मांग की।

वहीं सदर प्रखंड के रहीमपुर मध्य पंचायत के नन्हकू मंडल टोला (वार्ड 10, 11, 12) और दुर्गापुर (वार्ड 06, 07) में जाम नालियों की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण नालियां गंदगी, कीचड़ और कचरे से भर गई हैं, जिससे पानी सड़कों और गलियों में फैल रहा है। इससे स्थानीय लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है और जनजीवन प्रभावित है। शास्त्री ने इस समस्या को गंभीर बताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर शीघ्र सफाई, क्षतिग्रस्त नालियों के पुनर्निर्माण तथा नियमित रखरखाव की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश से की है।

## रामधुनी यज्ञ : कलश शोभा यात्रा निकली



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

**चौथम (एनएसबी)।** प्रखंड के पूर्वी बौरने पंचायत के बौरने स्थान भगवती मंदिर में ग्रामीणों द्धारा आयोजित रामधुनी यज्ञ को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जानकारी के मुताबिक, बौरने स्थान भगवती मंदिर प्रांगण में आयोजित 48 घंटे के रामधुन यज्ञ को लेकर प्रथम चरण में बुधवार को दिन के साढ़े ग्यारह बजे भगवती मंदिर प्रांगण से गाजे बाजे के साथ कलश शोभायात्रा में 251 कन्या एवं महिलाओं के साथ प्रारंभ कर बागमती तट पर पहुंचा, जहां कि वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर कलश यात्रा पूरे गांव समेत नवटोलिया कल्याणपुर समेत संपूर्ण गांव भ्रमण कर यज्ञ मंडप में कलश स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विद्वान पंडित आचार्य पंडित हरिवंश पाठक एवं कमलाकांत पाठक एवं यजमान नेमानंद सिंह एवं रणविजय सिंह द्वारा पूजन हवन कर यज्ञ प्रारंभ किया गया। साथ ही उत्तर चरण में खगड़िया जिला परिषद अध्यक्ष कृष्णा कुमारी यादव के साथ गणमान्य अतिथियों ने फीता काट कर रामधुन यज्ञ का शुभारंभ किया। मौके पर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों के साथ कमेटी के लोग युगेश प्रसाद सिंह, नित्यानंद सिंह, बलवीर सिंह, राजकिशोर सिंह, रणवीर कुमार, अविनाश कुमार सिंह, सुमित सिंह समेत संपूर्ण गांववासी सक्रियता से लगे हैं । इस रामधुन यज्ञ में नेपाल की महिला मंडली समेत अन्य मंडली शामिल होंगे।

## 78 तरह के कानूनों में बदलाव, गुलामी की जंजीरों को तोड़ने वाला है : राजेश

**खगड़िया (एनएसबी)।** लोकसभा में पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने जनविश्वास बिल पेश किया। इस बिल के तहत 78 कानूनों में बदलाव का प्रावधान है। इसका उद्देश्य आम जनजीवन और व्यापार को आसान बनाना है। मामूली सी चूक भी अक्सर आपराधिक मुकदमे का रूप लेती थी इसे देखते हुए जनविश्वास बिल एक बड़े बदलाव की तरह सामने आएगा। खगडिया के सांसद राजेश वर्मा ने इस बिल का समर्थन करते हुए लोकसभा के पटल पर 8 मिनट तक अपनी बातों को जोरदार तरीके से रखा।

उन्होंने कहा की गुलामी की जंजीरों को तोड़ने वाला और 140 करोड़ भारत के नागरिकों के अंदर विश्वास भरने वाला यह बिल है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल एवं कमेटी के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तेजस्वी सूर्या की अध्यक्षता वाली कमेटी में 49 सीटिंग में कानूनों को एनालाइज किया गया है जिसकी कल्पना विपक्ष कभी नहीं कर सकता है। अंग्रेजों के जमाने के कोर्ट फीस एक्ट 1870 से लेकर नए कोस्टल शिपिंग एक्ट 2025 से हर कानून का न केवल बारीकी से अध्ययन किया गया है बल्कि समिति ने इसे सर्वसम्मति से पारित किया है। यह बिल सही मायने में सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामया श्लोक को चरितार्थ करता है। इस बिल में सबको साथ लेकर चलने की सोच है। इस बिल के माध्यम से जो बदलाव होने जा रहा है वह ऐतिहासिक है। जिन 78 कानून में संशोधन किया जा रहा है वह न केवल ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बल्कि आम नागरिकों का इज ऑफ लिविंग भी सुधरेगा। यह बिल हमारे देश के किसान, युवा, व्यापारियों के लिए संजीवनी की तरह काम करेगा।



> **लोकसभा में पेश किए गए जनविश्वास बिल का सांसद राजेश वर्मा ने किया समर्थन**
>
> **इससे किसानों, युवाओं और व्यापारियों को होने वाले लिए फायदों को गिनाया**

सांसद वर्मा ने कहा कि किसानों के लिए द कैटल ट्रेसपास एक्ट 1871 के तहत जब किसी किसान का कोई मवेशी दूसरे किसान के खेतों में चला जाता था, उसकी फसल को बर्बाद करता था तो उसे जेल तक का प्रावधान पुरानी सरकार ने कर रखा था। हमारी सरकार ने डिक्रिमिनिलाइज्ड (व्यक्ति के अपराधिक वर्गीकरण) को हटाया है और अब केवल इसे जुर्माने तक सीमित किया गया है। द एपीडा एक्ट 1985 के तहत जब किसान निर्यात के रिटर्न को सही समय पर नहीं जमा कर पाता था तो उन पर मुकदमा चलाया जाता था। हमारी सरकार ने पहली बार गलती पर इसे चेतावनी तक सीमित किया है। द अप्रेंटिस एक्ट 1961 के तहत नियुक्तियों को अप्रेंटिसशिप कोटा पूर्ण करने पर आपराधिक आरोपी के तरह उन पर कानूनी कार्रवाई होती थी। हमारी सरकार ने इसे खत्म किया है। अब जितनी भी कंपनियां हैं वे न केवल खुलकर युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार देंगी बल्कि उन्हें प्रशिक्षित भी करेंगी। राजेश वर्मा ने बुनकर एक्ट को लेकर कहा कि मैं भागलपुर में जन्म लिया हूं जहां बुनकरों की बड़ी आबादी है।

बुनकरों के लिए द हैंडलूम एक्ट 1985 लाया गया था। गरीब बुनकर गलती से आरक्षित वस्तु बना लेते थे तो उन्हें जेल में डालने का भी प्रावधान इन लोगों ने बनाया था। हमारी सरकार ने उन प्रावधानों को खत्म करते हुए केवल पेनल्टी तक इसे सीमित किया है। द मोटर व्हीकल एक्ट 1985 के तहत प्रतिदिन ट्रैफिक संबंधित छोटी-छोटी गलतियां होती है उसमें आम नागरिक मुकदमों से लेकर कोर्ट और आरटीओ के चक्कर लगाते थे। हमारी सरकार ने पहली गलती पर चेतावनी और फिर जुर्माने तक इसे सीमित किया है।

# क्राइसिस मैनेजमेंट से निपटने को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

**मुंगेर।** वर्तमान में पश्चिम एशिया में युद्ध से उत्पन्न स्थिति के परिपेक्ष्य में आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की उपलब्धता, प्रवासी श्रमिकों के हितों की सुरक्षा एवं अन्य संबंधित विषयों की जिलास्तरीय समीक्षा बैठक आज समाहरणालय संवाद कक्ष में प्रभारी सचिव हिमांशु शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में जिले में उक्त विषयों से उत्पन्न स्थिति पर बिंदुवार चर्चा हुई। इसके पूर्व अपर समाहर्ता मनोज कुमार द्वारा प्रभारी सचिव को पौध पात्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एडीएम आपदा संजय कुमार सिन्हा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक, अनुमंडल पदाधिकारी तारापुर राकेश रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी हवेली खड़गपुर राजीव रंजन, प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी मो़वसीम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।प्रभारी सचिव ने कहा कि वर्तमान में पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार अभी से ही बहुत सारे एहितयातन तैयारी शुरू कर दी है, ताकि इस बीच होने वाले क्राइसिस मैनेजमेंट की स्थिति ससमय सफलता पूर्वक निपटा जा सके। इसके लिए यह जरूरी है कि जिले में रसोई गैस की कालाबाजारी सहित खाद्य सामग्रियों की उपलब्धता, उसके दामों में उछाल अथवा उसकी जमाखोरी, खाद बीज आदि की कालाबाजारी सहित अन्य चीजों पर नियमित रूप से ध्यान देना है तथा यदि कोई व्यवसायी अथवा व्यक्ति इस तरह के जमाखोरी अथवा कालाबाजारी में लिप्त पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि जिले में लोगों को रसोई गैस की उपलब्धता सुगमता के साथ हो, इसके लिए गैस एजेंसी मालिकों से लागातार बैठक करें अथवा समन्वय स्थापित करें, ताकि लोगों में गैस अथवा अन्य कोई भ्रांतियां पैदा न होने पाए। इसके साथ ही पेट्रोलियम पदार्था, खाद्य सामग्रियों, यूरिया, खाद बीज आदि की भी


जिलास्तरीय समीक्षा बैठक करते प्रभारी सचिव।

कालाबाजारी पर रोकथाम के लिए हमेशा ध्यान रखें। साथ ही किसी भी वस्तु के दामों को नाजायज तरीके से न बढ़ाया जाए, इसकी भी जांच करें। बीच बीच में वैसे रेस्टोरेंट अथवा होटल मालिकों के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान भी चलाएं जो अपने प्रतिष्ठानों में डोमेस्टिक गैस की जगह रसोई गैस का उपयोग करें। उन्हें चेतावनी दें और फिर भी न मानें तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएं। कुछ दिनों बाद शादी विवाह और लगन भी प्रारंभ होने वाले हैं, ऐसी स्थिति में लोगों में गैस की किल्लत अथवा अन्य भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए भी जागरूकता चलाएं।उन्होंने कहा कि उक्त परिपेक्ष्य को देखते हुए सर्तकर्ता अत्यंत ही आवश्यक है। अभी से ही यदि इन स्थितियों पर जिला प्रशासन सजग और सर्तक रह कर काम करेगी तो आने वाले समय में यदि युद्ध विराम नहीं होता है तो उस वक्त उत्पन्न स्थिति पर आसानी से काबू पाया जा सकेगा। प्रवासी लोगों के वापसी पर भी उन्होंने ध्यान देने और उससे संबंधित प्रतिवेदन बनाने के निदेश दिए। उन्होंने कहा कि रसोई गैस हो या पेट्रोलियम पदार्थ अथवा अन्य खाद्यग सामग्री आदि किसी भी वस्तुओं का व्यवसायी एवं आमजन जमाखोरी अथवा कालाबाजारी न करें।

ऐसे व्यक्ति पर विशेष ध्यान दें तथा चिन्हित व्यक्तियों को चेतावनी दें अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई अवश्य करें। विधि व्यवस्था संधारण में किसी भी प्रकार की कोई चूक न हो तथा सख्ती से हर आदेश का अनुपालन कराएं। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में गैस पाइप लाइन की व्यवस्था हो गई है, उन क्षेत्रों में संबंधित एजेंसी के अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्रताशीघ्र वहां के घरों में पीएनजी कनेक्शन दिलाएं।उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में जिले में लोगों में किसी भी वस्तु के लिए भ्रांतियां अथवा भ्रामक स्थिति उत्पन्न न होने पाए।

## मेंटेनेंस कार्य को लेकर जमालपुर स्टेशन पर 6 घंटे गुल रही बिजली

### गुल रही बिजली से प्लेटफार्म पर परेशान दिखे यात्री

**जमालपुर(मुंगेर)।** गर्मी के बीच जमालपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर बिजली मेंटेनेंस कार्य के कारण करीब 6 घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। बिजली नहीं रहने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।जानकारी के अनुसार, मेंटेनेंस कार्य के चलते सुबह से ही प्लेटफार्म पर पंखे और लाइटें बंद रहीं। उमस भरी गर्मी में यात्री बेहाल नजर आए। कई यात्रियों ने बताया कि लंबे इंतजार के दौरान उन्हें पीने के पानी और ठंडक की


प्लेटफार्म पर मेंटेनेंस कार्य करते विभागीय कर्मचारी।

समुचित व्यवस्था नहीं मिल पाई, जिससे स्थिति और कठिन हो गई।ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों, खासकर बुजुर्गो, महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई। कुछ यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से बेहतर व्यवस्था की मांग करते हुए कहा कि मेंटेनेंस कार्य के दौरान वैकल्पिक इंतजाम किए जाने चाहिए।रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्य सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया था। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस तरह के कार्यो के दौरान यात्रियों को कम से कम परेशानी हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है और स्थिति सामान्य हो गई है। स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि यात्री सुविधा को बेहतर बनाने को लेकर इस तरह का मेंटेनेंस चलता रहता है।

## सड़क निर्माण का जांच करने कार्य स्थल पर पहुंचे बुडको के एसडीओ

### आरपीएफ मैदान समीप से नया टोला जहांगीर तक बनाया जा रहा था घटिया सड़क


जनता के शिकायत पर सड़क निर्माण का जांच करते बुडको के एसडीओ।

**जमालपुर (मुंगेर)।** नगर परिषद क्षेत्र के आरपीएफ मैदान समीप से नया टोला जहांगीर तक बन रहे सड़क में सही ढंग से मोरम एवं रोलर का प्रयोग नहीं किए जाने से आक्रोशित जनता के शिकायत पर जांच करने बुडको के एसडीओ ऋषिकेश कार्य स्थल पहुंचे। कार्यस्थल पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य को देखते हुए उन्होंने जनता के शिकायत को सही पाते हुए संबंधित ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इधर जांच करने कार्यस्थल पर पहुंचे एसडीओ को जनता जनप्रतिनिधि ने सामाजिक कार्यकर्ता मनीष मंडल के नेतृत्व में जमकर शिकायत करते हुए बताया कि जब से सड़क निर्माण कार्य जारी है तभी से ठेकेदार मनमानी पूर्ण तरीके से जन शिकायत को अनदेखी कर सड़क पर बिछाए गए मोरम पर रोलर नहीं चल रहे थे इस बारे में कई बार ठेकेदार को बोला गया पर इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं होने पर इसकी शिकायत ऊपर तक की गई। इधर सड़क जांच करने के बाद एसडीओ ने संवेदक को सही मटेरियल इस्तेमाल कर सड़क निर्माण कार्य पूरा करने का आदेश दिया।

### इंडियन एक्सक्लूसिव पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष बने मयंक राज

**जमालपुर (मुंगेर)।** इंडियन इंक्लूसिव पार्टी मुंगेर के युवा जिलाध्यक्ष के पद पर छोटी केशोपुर मयंक राज को मनोनीत किया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार प्रसाद ने मयंक राज के कर्मठता को देखकर उन्हें युवा जिला का दायित्व दिया है और विश्वास जताया है कि संगठन हित में कार्य करते हुए हर स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाएंगे। वही युवा जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत होने के बाद श्री राज ने संगठन के विकास एवं पार्टी के मार्गदर्शन में कार्य करने का संकल्प लेते हुए प्रदेश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आईपी गुप्ता के प्रति आभार जताया।

## केन्द्रीय विद्यालय लखीसराय में कक्षा 2 से 9 तक के लिए नामांकन प्रक्रिया कल से, अफलाइन होंगे आवेदन

**लखीसराय (एनएसबी)।** स्थानीय केन्द्रीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नामांकन की कवायद शुरू कर दी गई है। विद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार, कक्षा 2 से लेकर कक्षा 9 तक के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह अफलाइन माध्यम से संपन्न की जाएगी।

नामांकन के इच्छुक अभिभावक 02 अप्रैल 2026 से लेकर 08 अप्रैल 2026 तक अपने बच्चों के आवेदन विद्यालय परिसर में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने का समय सुबह 09.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक निर्धारित किया गया है। विद्यालय प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में कक्षा 2, 3, 4, 5, 6 और 9 में सीमित सीटें ही उपलब्ध हैं, जिन पर अभ्यर्थियों का चयन


डीएम को बुके देते प्रबंधान।

निर्धारित मापदंडों के आधार पर किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया के समापन के बाद प्राप्त प्रपत्रों की जांच एवं सत्यापन किया जाएगा। इसके उपरांत सफल एवं चयनित विद्यार्थियों की अंतिम सूची 13 अप्रैल 2026 को विद्यालय परिसर में प्रकाशित कर दी जाएगी। सूची जारी होने के बाद चयनित छात्र-छात्राओं को तय समय-सीमा के भीतर अपनी नामांकन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। प्रशासन की ओर से यह भी जानकारी दी गई है कि नामांकन फर्म पूरी तरह निःशुल्क है और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं नियमों के अधीन संचालित की जा रही है।

अभिभावकों से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सह जिलाधिकारी, लखीसराय ने सभी अभिभावकों से निर्धारित तिथि और समय का पालन करने तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने का अनुरोध किया है ताकि नामांकन प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

## लखीसराय में बढ़ती गर्मी और लू को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले में बढ़ते तापमान और संभावित लू (हीट वेव) के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने नागरिकों से अपील की है कि वे लू के खतरों के प्रति सजग रहें और बचाव के लिए जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि सावधानी और जागरूकता ही इस भीषण गर्मी से बचने का सबसे प्रभावी जरिया है। जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, नागरिकों को दोपहर 12रू00 बजे से 3रू00 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। यदि बाहर जाना अनिवार्य हो, तो सिर को कपड़े या छाते से ढककर ही निकलें। साथ ही हल्के रंग के सूती



बैठक करते जिलाधिकारी।

कपड़े पहनने और शरीर में पानी की कमी न होने देने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस या नींबू पानी का निरंतर सेवन करने को कहा गया है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गो और बीमार व्यक्तियों को लेकर अधिक सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं, उन्हें धूप से बचाकर ठंडे व हवादार स्थानों पर रखने की जरूरत बताई गई है। किसानों और श्रमिकों के लिए भी विशेष परामर्श जारी किया गया है। खेतों या खुले आसमान के नीचे कार्य करने वाले लोगों को सुबह और शाम के वक्त काम निपटाने तथा बीच-बीच में छायादार जगहों पर आराम करने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने लू के लक्षणों जैसे चक्कर आना, तेज बुखार, सिर दर्द, उल्टी या कमजोरी महसूस होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने को कहा है। प्राथमिक उपचार के तौर पर प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिटाने और शरीर को ठंडा रखने के प्रयास करने की बात कही गई है। सार्वजनिक सुविधाओं को लेकर भी जिलाधिकारी ने कड़े रुख अपनाए हैं। बस स्टैंड, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में भी बच्चों को लू से बचाव के तरीके सिखाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जिले की सभी स्वास्थ्य सेवाएं किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सुचारू रूप से उपलब्ध हैं, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि को रोका जा सके।

## लखीसराय के जिला पदाधिकारी ने की कृषि विभाग की समीक्षा

### उर्वरक स्टक के भौतिक सत्यापन और फसल क्षति के आकलन का दिया निर्देश

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तर पर षि विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से मार्च 2026 के अंतिम सप्ताह में आए आंधी-तूफान और असामयिक वर्षा के कारण फसलों को हुए नुकसान, अंतरराष्ट्रीय संकट के बीच उर्वरक की उपलब्धता और श्धरती माता बचाव निगरानी समितिश के कार्यो पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में उर्वरक की आपूर्ति और उपलब्धता हर हाल में बनी रहनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि पीओएस मशीन में दर्ज उर्वरक के स्टक का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाए ताकि कागजी आंकड़ों और वास्तविक स्टक में कोई अंतर न रहे। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिले के लिए आवंटित उर्वरक की मात्रा में कोई विचलन नहीं होना चाहिए ताकि भविष्य में किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े। मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नई पहल करते हुए जिलाधिकारी ने हर पंचायत से कम-से-कम पांच ऐसे किसानों को चिन्हित करने का निर्देश दिया जो रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक प्रयोग करते हैं। इन किसानों को चिन्हित कर उन्हें रासायनिक खाद के सीमित उपयोग और प्रातिक व हरित खाद के प्रति जागरूक और प्रेरित किया जाएगा। वहीं, हालिया प्रातिक आपदा से हुए नुकसान पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने षि अधिकारियों को निर्देश दिया कि आंधी और वर्षा से प्रभावित फसल क्षेत्रों का तुरंत सर्वेक्षण करें। उन्होंने विस्तृत प्रतिवेदन जल्द से जल्द पेश करने को कहा है ताकि प्रभावित किसानों को सरकारी प्रावधानों के अनुसार समय पर सहायता राशि प्रदान की जा सके। जिला पदाधिकारी ने अंत में दोहराया कि किसानों के हितों की रक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ इस दिशा में काम करेंगे।

# वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों की प्रतिभा का प्रदर्शन

**जमालपुर (मुंगेर)।** विद्याभारती से सम्बद्ध प्रेमानंद तिवारी सरस्वती शिशु मंदिर के क्षेत्र केशोपुर जमालपुर में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। रंगमंचीय कार्यक्रम वार्षिक परीक्षा फल घोषणा, पुरस्कार वितरण एवं अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

दीप प्रज्वलन विद्या भारती के राष्ट्रीय मंत्री ड. कमल किशोर सिन्हा, चेम्बर अफ कमर्स जमालपुर के अध्यक्ष वासुदेव प्रसाद, भूमि दाता श्री गोपाल चंद्र तिवारी, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष निर्मल कुमार एवं प्रधानाचार्य प्रभाष कुमार के संयुक्त करकमलों द्वारा किया गया।छात्र-छात्राओं ने आकर्षक एवं रोमांचक सांसतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन


समारोह में उपस्थित अतिथि।

मोह लिया। देशभक्ति एवं भारतीय संसति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया।वार्षिक परीक्षा फल की घोषणा के साथ मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अभिभावकों की भारी उपस्थिति रही तथा सभी ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं संस्कारपूर्ण वातावरण की सराहना की।विशिष्ट अतिथि ड. कमल किशोर सिन्हा (राष्ट्रीय मंत्री, विद्या भारती) ने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के साथ संस्कार एवं राष्ट्रभावना का समन्वय करने वाला अद्वितीय संगठन है।विद्यालयों में चरित्र निर्माण एवं भारतीय संसति का विकास ही वास्तविक शिक्षा का उद्देश्य है।ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। मौके पर चेंबर के अध्यक्ष वासुदेव पुरी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 24 घंटे के रिमांड पर लिए गए गिरफ्तार महिला अभियुक्त ने खोले कई राज


**जमालपुर (मुंगेर)** । जमालपुर थाना क्षेत्र के बड़ी दरियापुर में पिछले 14 मार्च को 45 वर्षीय रंजीत कुमार के हत्या मामले में पुलिस ने महज 6 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस मामले में जमालपुर पुलिस ने कुछ साक्षी जानने को लेकर जेल भेजी गई महिला को 24 घंटे के लिए रिमांड पर लेकर पूछताछ किया है। महिला अभियुक्त देवो श्री ने पुलिस के समक्ष कई तरह की बात चौंकाने वाला बताई है। हालांकि इस बात से जमालपुर पुलिस इनकार कर रही है। लेकिन 24 घंटे के पूछताछ के दौरान रंजीत कुमार की हत्या क्यों कैसे कब और कौन-कौन इसमें शामिल था और एक वायरल वीडियो को लेकर भी पूछताछ किया गया। इधर रणजीत हत्याकांड का खुलासा भले ही जमालपुर पुलिस ने घटना के महज 6 घंटे के अंदर फोरेंसिक जांच के सहयोग से कर लिया था लेकिन आज भी एक सवाल फिजाओं में तैर रहा है कि आखिर रंजीत को मौत के घाट उतारने में जेल भेजी गई महिला का ही संलिप्त थी या फिर कुछ और चेहरे शामिल थे।हालांकि प्रभारी थानाध्यक्ष टीपू सुल्तान ने बताया कि 24 घंटे के रिमांड के दौरान महिला से पूछताछ कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मेमू सेवाओं की बहाल होने से स्थानीय यात्रियों को होगी राहत

**जमालपुर (मुंगेर)।** यात्रियों की दैनिक आवाजाही को सुगम बनाने के लिए पूर्वी रेलवे ने 12-कार रेक के साथ कई मेमू सेवाओं को बहाल करने का निर्णय लिया है। इसके तहत 10 अप्रैल से साहिबगंज-रामपुरहाट मेमू (63406) तथा 11 अप्रैल से रामपुरहाट-साहिबगंज मेमू (63405) का परिचालन शुरू होगा। इसके अलावा 10 अप्रैल से साहिबगंज जमालपुर मेमू (63431⁄63432) तथा उसी दिन से जमालपुर-किउल-जमालपुर मेमू (63423⁄63424) सेवाएं भी बहाल की जाएंगी।मेमू ट्रेन सेवा बहाल होने से यात्रियों को मुख्य रूप से यात्रा में सुविधा, समय की बचत और कम खर्च में सफर करने का लाभ मिलेगा। दैनिक यात्रियों को राहत एवं नौकरीपेशा, छात्रों और छोटे व्यापारियों के लिए सफर आसान हो जाएगा। इधर स्पेशल मेमू ट्रेनें चलने से भागलपुर जमालपुर कियूल एवं साहिबगंज जैसे प्रमुख व्यस्त रूटों पर यात्रियों की भीड़ कम होगी।मेमू ट्रेनें सामान्य पैसेंजर ट्रेनों की तुलना में तेज होती हैं और आरामदायक यात्रा प्रदान करती हैं और मेमू सेवाएं आम यात्रियों के लिए किफायती (सस्ती) होती हैं।इसके शुरू होने से छोटे रेलवे स्टेशनों के यात्रियों को भी जिला मुख्यालयों और बड़े शहरों तक जाने में आसानी होती है।

### लखीसराय में सीनियर राज्य स्तरीय महिला फुटबल चैंपियनशिप का आगाज, उपमुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**लखीसराय (एनएसबी)।** स्थानीय केआरके मैदान में मंगलवार को सीनियर राज्य स्तरीय महिला फुटबल चौंपियनशिप-2026 का शानदार शुभारंभ हुआ। 31 मार्च से 14 अप्रैल तक चलने वाले इस खेल महाकुंभ का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति के माहौल में वंदे मातरम और



दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते अतिथि।

राष्ट्रगान की गूंज के साथ पूरे मैदान में उत्साह का संचार हुआ। कार्यक्रम में सूर्यगढ़ा विधायक रामानंद मंडल, जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार समेत खेल जगत की कई हस्तियां मौजूद रहीं। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने महिला खिलाड़ियों के जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि खेल अनुशासन और आत्मविश्वास का आधार है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और खेल के मैदान में उनकी यह सक्रियता अत्यंत प्रेरणादायक है। वहीं, जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने खिलाड़ियों को खेल भावना और निष्पक्षता की शपथ दिलाई। उन्होंने बुजुर्ग खिलाड़ियों को मोमेंटो और शाल देकर सम्मानित भी किया। उद्घाटन के पश्चात अतिथियों ने फुटबल को किक मारकर और आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की। चौंपियनशिप के पहले मुकाबले में समस्तीपुर की टीम ने औरंगाबाद को 2-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। मैच के पहले हाफ में औरंगाबाद की जर्सी नंबर 7 की खिलाड़ी नाजुक ने 25वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। हालांकि, दूसरे हाफ में समस्तीपुर ने जबरदस्त वापसी की। समस्तीपुर की ओर से 39वें मिनट में जर्सी नंबर 10 की खिलाड़ी खुशी और 59वें मिनट में जर्सी नंबर 4 की खिलाड़ी शालू ने गोल दागकर अपनी टीम को जीत दिलाई। शानदार प्रदर्शन के लिए समस्तीपुर की शालू को श्बेस्ट प्लेयरश के अवार्ड से नवाजा गया। मैच के दौरान मुख्य रेफरी रोशन गुप्ता और सहयोगी रेफरी के रूप में रामरक्षा कुमार, दीपक कुमार व रजी अमर ने भूमिका निभाई। इस सफल आयोजन में जिला फुटबल एसोसिएशन और आयोजन समिति के पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम

#### बाल विवाह रोकने की दिलाई गई शपथ

**लखीसराय (एनएसबी)।** महिला एवं बाल विकास निगम लखीसराय के तत्वाधान में और श्संकल्प हब फर एंपावरमेंट अफ विमेनश के सहयोग से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रामनगर में जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हब के जिला मिशन समन्वयक प्रशांत कुमार, लैंगिक विशेषज्ञ किस्मत कुमारी, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ अमित कुमार एवं वार्डन सह शिक्षिका रिमझिम कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने सामूहिक रूप से स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला मिशन समन्वयक प्रशांत कुमार ने कहा कि इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लिंग आधारित भेदभाव को जड़ से खत्म करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा को सुनिश्चित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना ही श्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओश योजना का मूल लक्ष्य है। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि आज ही के दिन बाल विवाह रोकथाम हेतु श्शारदा एक्टश लागू किया गया था। उस समय लड़कियों की शादी की उम्र 14 वर्ष और लड़कों की 18 वर्ष निर्धारित थी, जिसे बाद में संशोधित कर वर्तमान में लड़कियों के लिए 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष किया गया है। वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ अमित कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण के लिए जन-जागरूकता अनिवार्य है। बिना सामाजिक चेतना के बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर अंकुश लगाना संभव नहीं है। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों को जानने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी छात्राओं और कर्मियों को बाल विवाह रोकथाम हेतु सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई। इस दौरान छात्राओं के बीच उत्साहवर्धन के लिए मिल्टन की पानी बोतलों का वितरण भी किया गया। मौके पर विद्यालय की दर्जनों छात्राएं मौजूद रहीं और वार्डन सह शिक्षिका रिमझिम कुमारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया।

## खबरें : एक नजर में

### स्व. द्वारिका सिंह की जयंती समारोह आज

**आरा (एनएसबी)।** स्व. द्वारिका सिंह की उनके पैतृक निवास स्थान पर जयंती समारोह मनाया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल तथा मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि 2 अप्रैल को द्वारिका सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। जिसकी तैयारी में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बीडी सिंह, लक्ष्मण तिवारी, रवि शंकर सिंह सहित ट्रस्ट के सभी सदस्य लगे हुए हैं।

### राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृति के लिए पीरो के सैकड़ों छात्र चयनित

**पीरो (भोजपुर)।** राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृति के लिए आयोजित परीक्षा में पीरो प्रखंड के विभिन्न मध्य विद्यालयों ने सफलता हासिल कर पीरो प्रखंड का मान बढाया है। प्रखंड के पीएमश्री प्लस टू उच्च विद्यालय अगिआंव बाजार के कुल 17 छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृति परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिनमें से 15 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है। सफल छात्राओं के नाम इस प्रकार हैं: प्रिया कुमारी100, आयुषी कुमारी-84, रागिनी कुमारी-98,.ति कुमारी-136, अनुभा कुमारी-110, राधा कुमारी-124,सोनम राज-107 एवं रिशु कुमारी-112, उत्तम कुमार यादव-110,राविरंजन कुमार-118, सत्यम यादव-119, एवं शुभम शर्मा-124,आशिष कुमार-114,रोहित कुमार-88,एवं क्षितिज कुमार-72 अंक प्राप्त किया है। सभी छात्र-छात्राओं की इस उत्ष्ट उपलब्धि पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज सिंह, मध्य विद्यालय हसनबाजार के प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह, पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज कुमार, राजेश कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंदर टोला के प्रधानाध्यापक दिनेश प्रसाद,भास्कर कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### विद्यालय का समर्सेबुल मोटर की चोरी बच्चों को होगी पेयजल की समस्या

**चरपोखरी (एनएसबी)।** प्रखण्ड के देकुड़ा गॉव स्थित मध्य विद्यालय परिसर से चोरों ने बोरिंग में लगाए गए समर्सेबुल मोटर चुरा लिया है। इस दौरान चोरों ने पाइप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है जिससे विद्यालय में पेयजल की संकट उत्पन्न हो गई है। चोरी की इस घटना को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह ने चरपोखरी थाना को आवेदन पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि सरकारी निर्देश पर विद्यालय परिसर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए समर्सेबुल बोरिंग करवाया गया है।

### कोहड़ा हनुमान मंदिर में रामचरित मानस का अखंड पाठ

**उदवंतनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध कोहड़ा गांव स्थित हनुमान मंदिर में अखंड राम चरित मानस (रामायण)का सस्वर पाठ शुरू हुआ। रामायण पाठ अगले चौबीस घंटे तक चलेगा। इसके लिए रामायण मंडली के सदस्य अपनी प्रस्तुति देने बक्सर से आए हैं। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान जी सहित अन्य देवी-देवताओं के आह्वान व पूजन के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित विवेकानंद पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। राम चरित मानस के पूजन के बाद मानस का पाठ शुरू हुआ।

### न्यू किड्स फाउंडेशन स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**आरा (भोजपुर)।** न्यू किड्स फाउंडेशन स्कूल में आज वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें सभी छात्र-छात्राएं सफल रहे और विद्यालय ने शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने का संकल्प व्यक्त किया और छात्रों को आगे भी निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।

### वीकेएसयू में 10 अप्रैल से शुरू होगी स्नातक सेमेस्टर छह की परीक्षा

**आरा (भोजपुर)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में स्नातक सेमेस्टर-6 की परीक्षा 10 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सत्र 2023/27 को समय पर बनाए रखने के उद्देश्य से परीक्षा और परिणाम प्रक्रिया को तेज किया है। परीक्षा फर्म भरने की प्रक्रिया 28 मार्च को समाप्त होते ही परीक्षा तिथियों की आधिकारिक घोषणा कर दी गई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। पहली पाली में सामाजिक विज्ञान और मानविकी विषयों की परीक्षाएं होंगी, जबकि दूसरी पाली में वाणिज्य और विज्ञान संकाय के सभी विषयों की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो अनवर इमाम ने जानकारी दी कि 10 अप्रैल को पहली पाली में मेजर कोर्स 10 और दूसरी पाली में वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के मेजर कोर्स 10 की परीक्षा होगी।

### बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा शांतिपूर्वक शुरू

**आरा (भोजपुर)।** एसबी. कलेज आरा में बीएड प्रथम वर्ष सत्र 2025-27 की परीक्षा बुधवार को कदाचार मुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक शुरू हुई। महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के निर्देशन तथा प्राचार्य प्रो ड मीना कुमारी के नेतृत्व में प्रथम पाली की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। परीक्षा को निष्पक्ष और सुव्यवस्थित बनाने के लिए कलेज प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के प्रवेश से पूर्व सघन जांच की गई और बिना प्रवेश पत्र किसी को अंदर आने की अनुमति नहीं दी गई। परीक्षा नियंत्रक अनवर इमाम ने बताया कि पूरी परीक्षा पारदर्शिता और अनुशासन के साथ संपन्न हुई। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और सभी व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया। किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने नहीं आई।

### विवाद में युवक को पीटा

**आरा।** जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर गांव में बुधवार की सुबह गाली-गलौज करने के विवाद में एक युवक की पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर गांव निवासी रामाधार चौधरी का 35 वर्षीय पुत्र रंजीत चौधरी है।

### पेड़ से गिरकर अधेड़ की मौत

**आरा (एनएसबी)।** रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र के डेढ़ गांव में बुधवार की सुबह पेड़ से गिरकर एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र के डेढ़ गांव निवासी मो अबरुद्दीन मियां के 45 वर्षीय पुत्र मो राशीद अंसारी है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह वह गांव में ही पेड़ पर चढ़कर लकड़ी काट रहे थे।

# पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन की संख्या बढ़ाई जाए : अरविंद

### भोजपुर में गैस आपूर्ति सामान्य और उर्वरक का पर्याप्त भंडार : डीएम

### प्रभारी सचिव ने की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

**आरा (एनएसबी)।** समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अरविंद कुमार चौधरी, अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग सह प्रभारी सचिव, भोजपुर द्वारा की गई। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने अपर मुख्य सचिव का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने जिले की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए बताया कि एलपीजी गैस की आपूर्ति नियमानुकूल हो रही है तथा विभिन्न पदाधिकारियों के माध्यम से नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। संवेदनशील गैस एजेंसियों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की



बैठक करते प्रभारी सचिव का स्वागत करते डीएम व अन्य।

प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने पेट्रोल एवं डीजल की मांग एवं आपूर्ति की स्थिति, जिला एवं अनुमंडल स्तर पर संचालित कंट्रोल रूम तथा शिकायत निवारण तंत्र के संबंध में भी जानकारी दी। बताया कि इंजीनियरिंग कलेज, सरकारी आत्मनिर्भर इकाइयां, दीदी की रसोई आदि इकाइयों में एलपीजी गैस की आपूर्ति सामान्य है और किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। औद्योगिक क्षेत्र में भी गैस आपूर्ति सामान्य है तथा जिले में उर्वरक का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। जिलाधी ने बताया कि वर्तमान में जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि जिले में आधारभूत (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन की संख्या बढ़ाई जाए, जिससे घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर निर्भरता कम हो सके। इसके साथ ही उन्होंने कोयला, एथेनल, सोलर कुकर एवं इंडक्शन जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को भी बढ़ावा देने का निर्देश दिया। उन्होंने आवश्यक वस्तुओं की प्राप्ति एवं उनके मूल्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता भोजपुर, अपर समाहर्ता (पीजीआरओ), अपर समाहर्ता आपदा, सभी अनुमंडलीय सहित अन्य जिला स्तरीय, इंडियन अयल कर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) के प्रतिनिधि तथा विभिन्न पेट्रोल पंपों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं अधिप्राप्ति शुरू



उदवंतनगर स्थित एग्रो पैक्स में गेहूं अधिप्राप्ति का शुभारंभ जिला पदाधिकारी,

**आरा (एनएसबी)।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत प्रखंड उदवंतनगर स्थित एग्रो पैक्स में गेहूं अधिप्राप्ति का शुभारंभ जिला पदाधिकारी, भोजपुर तनय सुल्तानिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप किसानों से गेहूं की अधिप्राप्ति सुनिश्चित की जाएगी तथा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारु एवं समयबद्ध तरीके से संचालित किया जाए। कार्यक्रम के दौरान किसान रविकांत सिंह द्वारा 11 टिल गेहूं पैक्स को उपलब्ध कराते हुए खरीद प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को अधिप्राप्ति से संबंधित प्रक्रियाओं एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर जिला प्रबंधक (राज्य खाद्य निगम), जिला सहकारिता पदाधिकारी, पैक्स अध्यक्ष सहित अन्य किसान एवं सहकारिता विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण

**आरा (एनएसबी)।** जिला कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त अध्यक्ष डा. श्रीधर तिवारी का विधिवत पदभार ग्रहण समारोह पार्टी कार्यालय शहीद भवन, आरा में अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अध्यक्षता वर्तमान जिला अध्यक्ष अशोक राम ने की, जबकि समारोह का संचालन वरिष्ठ नेता डा. अमित कुमार द्विवेदी ने किया। उपस्थित जनसमूह ने नव-नियुक्त अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। अपने ओधन में डा. तिवारी ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का संकल्प व्यक्त किया। अध्यक्षता करते हुए अशोक राम ने विश्वास व्यक्त किया कि डा. तिवारी के नेतृत्व में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी न केवल संगठनात्मक रूप से मजबूत होगी, बल्कि जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाकर क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित करेगी। मौके पर त्रिवेणी सिंह, सत्यप्रकाश राय, अरुण सिंह, अशोक यादव, पनग त्रिपाठी, जितेन्द्र शर्मा, दिलीप कुमार पाण्डेय, बीरेंद्र मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी, संतोष पाण्डेय, उपेंद्र सिंह मुखिया, मुकेश चंद्रवंशी, बिजली बाबा, मोहम्मद शरिक खान, रणजीत यादव, भानू प्रताप सिंह उर्फ मुकुल सिंह, साकेत तिवारी, आनंद तिवारी, अभिषेक तिवारी उर्फ गोलू तिवारी, अविनाश मिश्रा, राजेश कुमार, रोहित श्रीवास्तव, नवीन दूबे, टुन्नु सिंह, विकाश सिंह, अमित तिवारी, गुड्डू सिंह, महबूब आलम, मोनू सिंह, राजीव यादव, मनोरंजन यादव, रौशन तिवारी, लाडा तिवारी, पंकज सिंह, मोहन उपाध्याय, सूरज तिवारी, सन्नी चौधरी, धनंजय सिंह, लव कुमार, लव सिंह, अविनाश सिंह, सोनू कुमार आदि थे।



कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण।

## टेम्पो, ई-रिक्शा चालकों से अवैध टैक्स वसूली को ले कर धरना का आयोजन



धरना स्थल पर डीसीएलआर ने मांग पत्र लिया।

**आरा (एनएसबी)।** बिहार राज्य टेम्पो, ई-रिक्शा, ठेला चालक युनियन के बैनर तले जिला पदाधिकारी के समक्ष जेपी स्मार्क के पास धरना दिया गया। यह धरना 12 सूत्री मांगों के समर्थन में थी। जिसमे टेम्पो, ई-रिक्शा चालकों से अवैद्य टैक्स वसूली पर रोक लगाई जाए। आरा शहर में एक निगम एक टैक्स (चूंगी) लगाई जाए तथा जबरन की तरह की रसिद काटना बंद हो। आरा नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगे तथा आरा नगर के सभी जर्जर सड़कों का निर्माण हो। आरा शिशमहल चौक पर टेम्पो, ई-रिक्शा का स्टैंड दी जाय। संचालन टेम्पो ई-रिक्शा चालक संघ के सचिव किरण प्रसाद ने किया। घरना को संबोधित करते हुए माले राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आरा नगर निगम आकंठ भ्रष्टाचार में डुबा हुआ है। माले नेता ने कहा कि आरा मेयर और आयुक्त ठेकेदार के सांठगांठ से टेम्पो ई-रिक्शा चालकों से अवैद्य तरिके से जबरन चूंगी वसूली जाती है। धरना स्थल पर डीसीएलआर ने मांग पत्र लिया तथा उन्होंने कहा कि आप लोगों की मांग पर विचार किया जाएगा। धरना में रौशन कुशवाहा, युवा नेता राजा कुमार, राजु खान, उमेश कुमार सुमन, बालमुकुंद चौधरी, रामचंद्र प्रसाद, मोचुन्नु, भोला जी, सुनिल कुमार, विजय प्रसाद, अजय सिंह,मुसा, अनिल कुमार आदि थे।

## बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में भोजपुर की अव्या श्रीवास्तव ने रचा इतिहास

**आरा (एनएसबी)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग, बिहार सरकार एवं अखिल बिहार शतरंज संघ के संयुक्त तत्वावधान में कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में 25 से 29 मार्च तक आयोजित बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में भोजपुर जिले की नन्हीं प्रतिभा अव्या श्रीवास्तव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। अव्या श्रीवास्तव ने अंडर-7 बालिका वर्ग में अल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर 5000 का नगद पुरस्कार अपने नाम किया। उन्होंने कुल 9 राउंड में 4 अंक अर्जित किए। अव्या केंद्रीय विद्यालय, आरा की कक्षा 2 की छात्रा हैं तथा नेहरू नगर निवासी निशांत कुमार की पुत्री हैं। अव्या नियमित रूप से आरा चेस एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के पीछे कोच बिरेन्द्र कुमार उपाध्याय एवं रंजन कुमार का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा है। इस उपलब्धि पर डा. रामकृष्ण, डा. एसके रूंगटा, ड. के एन सिन्हा एवं उपाध्यक्ष निशी जैन ने अव्या श्रीवास्तव को बधाई दी है।



बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में भोजपुर की अव्या श्रीवास्तव ने रचा इतिहास।

# मंडल वर्ग प्रशिक्षण के लिए विधायक ने की प्रमुख कार्यकताओं संग बैठक

**आरा / बड़हरा (एनएसबी)।** भाजपा द्वारा पंदीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के को लेकर बड़हरा विधानसभा के सभी मंडलो में वर्ग प्रशिक्षण करने हेतु विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने निवास पर एक बैठक की। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, वरीय जिला उपाध्यक्ष ई धीरेन्द्र सिंह एवं सूर्यकांत पांडेय के उपस्थिति मे बड़हरा विधानसभा अंतर्गत सभी मंडलो मे प्रशिक्षण वर्ग एवं स्थापना दिवस के लिए मंत्रणा की गई। विधायक श्री सिंह ने बताया कि भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम जिले भर मे हो रहा है। 03-04 अप्रैल को बड़हरा, बबुरा एवं कोईलवर उतरी मंडल का वर्ग प्रशिक्षण बबुरा और 05-06 अप्रैल को सिन्हा, सरैया एवं सलेमपुर मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग बलुआ हाई स्कूल मे होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है । बड़हरा विधायक ने प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम मे बड़हरा विधानसभा के अच्छे प्रदर्शन पर सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। बैठक मे उपस्थित जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि 07 मार्च से 14 अप्रैल तक सभी मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग पूर्ण करने का



कार्यकर्ताओं संग बैठक करते विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह।

निर्देश केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा मिला है ।अभी तक 70 प्रतिशत प्रशिक्षण संपन्न हो गया है और 14 अप्रैल के पहले सभी मंडलो मे प्रशिक्षण पूर्ण हो जाएगा। उन्होने पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी बूथो पर कार्यक्रम की बात कही। बैठक मे बड़हरा विधानसभा प्रभारी संजय कुमार सिंह, संयोजक संजय तिवारी, मंडल अध्यक्ष शुभम पांडेय, संजय कुशवाहा, टुनटुन बिंद, मुन्ना सिंह, दीपक तिवारी, मुन्ना सिंह, रामाकांत सिंह, हरेराम चंद्रवंशी, संतोष सिंह संटु,रंजीत गुप्ता, शशी सिंह, रामायण सिंह आदि प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे।

## शिक्षिका डिम्पल को शिक्षा विभाग ने किया सम्मानित

**पीरो (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री के समृद्धि यात्रा की तैयारी में उत्कृष्ट योगदान के लिए पीरो प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पचमा अनुसूचित जाति टोला की शिक्षिका डिम्पल कुमारी सहित कई अन्य शिक्षकों को शिक्षा विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर के कार्यालय में आयोजित एक समारोह के दौरान डिम्पल सहित अन्य शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेन्द्र कुमार राय ने कहा कि मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को सफल बनाने में जिले के शिक्षकों ने बढ चढ कर योगदान किया। इससे शिक्षा विभाग को मिले कार्य दायित्व को भलीभांति पूरा किया जा सका। शिक्षकों के सम्मान समारोह में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना रमेश पाल, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा व सर्व शिक्षा अभियान चंदन प्रभाकर आदि मौजूद थे।



शिक्षिका डिम्पल को शिक्षा विभाग ने किया सम्मानित ।

### डीएम ने की सीएमआर से संबंधित समीक्षा बैठक

**आरा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में सीएमआर से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी मिल संचालकों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित दैनिक लक्ष्य के अनुरूप सीएमआर (चावल) की आपूर्ति समयबद्ध एवं सुचारु रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सीएमआर आपूर्ति में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा निर्धारित समय सीमा का अनुपालन अनिवार्य है। जिला पदाधिकारी ने सभी मिल संचालकों को सख्त निर्देश दिया कि वे समय पर सीएमआर की आपूर्ति सुनिश्चित करें। मिल प्रतिनिधियों द्वारा अपनी-अपनी समस्याएं रखी गईं, जिनके समाधान हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित विभिन्न मिलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एमडीजे पब्लिक स्कूल का नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ

**आरा (एनएसबी)।** एमडीजे पब्लिक स्कूल लोहई टोला अमरपुरी बाली सोनवर्षा में नया शैक्षणिक सत्र 2026-27 आज से धार्मिक अनुष्ठान के साथ प्रारंभ हो गया। इसके लिए आज सुबह से ही छात्रों एवं शिक्षकों में एक अलग उत्साह और उल्लास नजर आया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्रों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एक साथ मिलकर समवेत स्वर में लगातार ढ़ाई घंटे तक गायत्री मंत्र का उच्चारण किया। निदेशक डा. नंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष जब से इस विद्यालय की स्थापना हुई है, तभी से प्रत्येक नये सत्र के पहले दिन विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ-साथ हम पठन-पाठन कार्य की शुरुआत करते हैं। निदेशक डॉ नन्द कुमार सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को नए शैक्षाणिक वर्ष की शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे।



अनुष्ठान करते निदेशक डॉ एनके सिंह।

### प्रशिक्षु सिपाहियों का 21 प्रकार की बाधाओं पर परीक्षण

**आरा (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक, द्वारा नवीन पुलिस केंद्र, आरा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु सिपाहियों के बाह्य (असल्ट) प्रशिक्षण के अंतर्गत कुल 21 प्रकार की बाधाओं पर परीक्षण लिया गया। इस दौरान रेंगकर तार के नीचे से निकलना, ऊँची कूद, रस्सी चढ़ना, लंबी दौड़, बाधा दौड़ (बाधा कोर्स), संतुलन बनाए रखते हुए बीम पर चलना, दीवार पार करना एवं शारीरिक सहनशक्ति से संबंधित अन्य गतिविधियों का मूल्यांकन किया गया। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, टीम वर्क, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता तथा आपात परिस्थितियों में कार्य करने की दक्षता पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित अनुदेशकों एवं नवनियुक्त प्रशिक्षु सिपाहियों को प्रशिक्षण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



प्रशिक्षु सिपाहियों का 21 प्रकार की बाधाओं पर परीक्षण।

### अशोक यादव इंडियन इन्क्लूसिव पार्टी के बने जिलाध्यक्ष

**आरा (एनएसबी)।** इंडियन इन्क्लूसिव पार्टी के अशोक यादव को जिलाध्यक्ष के तौर पर मनोनीत किया गया। अशोक यादव ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया की आईआईपी पार्टी के विचारधारा और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आईपी. गुप्ता के विचारों को देखकर काफी प्रभावित हूँ और जिस प्रकार आईपी. गुप्ता समाज की लड़ाई लड़ रहे है। जनहित से जुड़े मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक ले जाने का कार्य कर रहे है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और तमाम बड़े पदाधिकारियों द्वारा मुझ पर जो विश्वास और भरोसा जताया गया है। उसपर मैं खड़ा उतरूगा। मौके पर अनिल सिंह, लालू प्रसाद यादव, धनेश कुमार, मनोज कुमार, तिलक सिंह, एसपी महतो, रवि कुमार, सुशील सिंह, टुनटुन, रामलखन, अभिनंदन, सूरज, विशाल, नीतेश आदि थे। बता दें कि इंडियन इन्क्लूसिव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सहरसा विधायक इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता के द्वारा पटना में विधायक आवास पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश प्रसाद की मौजूी में अशोक यादव को भोजपुर के जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।



अशोक यादव ।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को रौंदा, एक की मौत, दूसरा रेफर

**आरा/कोईलवर (एनएसबी)।** सकड्डी-नासरीगंज मार्ग पर चांदी थाना क्षेत्र के भगवतपुर गांव के समीप मंगलवार की रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को रौद दिया। हादसे में एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे चिंताजनक हालत में पटना रेफर कर दिया गया। मृतक चांदी थाना के तापा जलपुरा गांव निवासी राकेश कुमार सिंह का 22 वर्षीय पुत्र रौशन राज है। जख्मी उसी गांव निवासी संजय कुमार सिंह का 25 वर्षीय पुत्र युवराज सिंह है। दोनों बाइक द्वारा आरा से अपने गांव वापस लौट रहे थे। उसी दौरान भगवतपुर गांव के समीप अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तब परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने रौशन राज को मृत घोषित कर दिया। वही जख्मी उसके दोस्त युवराज सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक हालत में पटना रेफर कर दिया।

### त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का समापन

**आरा (एनएसबी)।** सरस्वती शिशु मंदिर बागर में त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।, अध्यक्ष अशोक राय, सह सचिव काशीनाथ सिंह और प्रधानाचार्य विकास कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला के दौरान विगत सत्र के शैक्षणिक पंचांग की समीक्षा और आगत सत्र की योजना बनाकर विद्यालय विकास को गति प्रदान की गई। अध्यक्ष अशोक राय ने विद्यालय आचार्य कार्यशाला की महत्ता को बताया, जबकि सह सचिव काशीनाथ सिंह ने कार्यशाला के बारे में संपूर्ण बातें बताईं। द्वितीय दिवस के दिन संकुल स्तरीय कार्यशाला में सरस्वती शिशु मंदिर सिंगही में सभी संकुल के विद्यालय के आचार्यो की कार्यशाला सम्पन्न हुई। प्रधानाचार्य विकास कुमार ने कार्यशाला में शामिल अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी को विद्यालय के द्वारा अंग वस्त्र प्रदान किया गया।

# नवादा में चीनी मिल के लिए प्रस्तावित भूमि का एसीएस ने किया निरीक्षण



निरीक्षण करते गन्ना उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल कुमार व अन्य।

**पटना/नवादा (एनएसबी)।** गन्ना उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव सह जिला प्रभारी सचिव, नवादा, के. सेंथिल कुमार, भा.प्र.से. ने बुधवार को नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत मौजा मकनपुर में चीनी मिल स्थापना हेतु प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने संबंधित भूमि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एडीएम, एसडीएम, सहायक ईखायुक्त वेदव्रत कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

विदित हो कि राज्य सरकार द्वारा बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनः चालू कराने के साथ-साथ 25 नई चीनी मिलों की स्थापना के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड के मकनपुर मौजा में लगभग 100 एकड़ उपयुक्त भूमि का चयन एवं चिन्हीकरण किया गया है।

मकनपुर एवं इसके आसपास का क्षेत्र गन्ना खेती के लिए अत्यंत अनुकूल माना जाता है। यहां की उपजाऊ भूमि एवं सुदृढ़ सिंचाई व्यवस्था उच्च गुणवत्ता वाले गन्ना उत्पादन के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करती है। साथ ही चयनित स्थल तक बेहतर संपर्क मार्ग उपलब्ध होने से आवागमन भी सुगम रहेगा। क्षेत्र में वर्ष 1993 से बंद पड़ी चीनी मिल के पुनः संचालन एवं नई मिल की स्थापना की संभावना से स्थानीय किसानों में उत्साह का माहौल है। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।

**वारिसलीगंज प्रखंड के मकनपुर मौजा में लगभग 100 एकड़ उपयुक्त भूमि का चयन**

अपर मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में गन्ना उत्पादन बढ़ाने हेतु किसानों को जागरूक एवं प्रेरित किया जाए, ताकि प्रस्तावित मिल को पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध हो सके। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर बड़े पैमाने पर गन्ने की खेती करें। जिलाधिकारी श्री रवि प्रकाश ने बताया कि गन्ना विकास के लिए जमीनी स्तर पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है तथा वारिसलीगंज में शीघ्र ही गन्ना विकास से संबंधित एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। परियोजना को शीघ्र मूर्त रूप देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# नवादा में घरेलू गैस की कालाबाजारी करने पर होगी कड़ी कार्रवाईः एसीएस

**पटना (एनएसबी)।** अपर मुख्य सचिव श्री के. सेंथिल कुमार ने बुधवार को अपने प्रभार वाले नवादा जिले में गैस आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, एसडीपीओ, डीएसओ, डीटीओ, गैस एजेंसियों एवं ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधि सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**एसीएस ने नवादा में बैठक कर दिए कई निर्देश**

इस दौरान उन्होंने उपभोक्ताओं को समय पर एलपीजी गैस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी गैस एजेंसियों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया, ताकि उपभोक्ताओं को पारदर्शी तरीके से गैस मिल सके। उन्होंने गैस की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने जिले में गैस की उपलब्धता, बैकलॉग, कंट्रोल रूम की स्थिति, कुल कनेक्शनों की संख्या, वितरकों की संख्या, ह्दीदी की रसोईह् तथा सरकारी हॉस्टलों में हो रही एलपीजी गैस आपूर्ति की भी समीक्षा की। उन्होंने गलत अफवाह फैलाने वालों पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया और कहा कि जिले के उपभोक्ताओं को गैस प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### समाज कल्याण विभाग : दूसरे चरण में 14 जिलों के 26 केंद्रों पर नेत्र जांच शुरू

**पटना (एनएसबी)।** समाज कल्याण विभाग की ओर से बुनियाद केंद्र पर चल रही नेत्र जांच का दूसरा चरण सोमवार यानि 30 मार्च को शुरू किया गया है। इस चरण में 14 जिलों में 26 केंद्रों पर जांच की जाएगी। तीसरे चरण में शेष बचे हुए बुनियाद केंद्रों पर जांच की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इस दौरान 1 लाख चश्मा वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित है। प्रदेश में दृष्टि दोष से उत्पन्न समस्याओं एवं अंधेपन की रोकथाम के उद्देश्य से राज्य सरकार ने यह पहल की है। इस अभियान के माध्यम से सभी उम्र के व्यक्तियों को इसका लाभ दिया जाएगा।

दुसरे चरण में 14 जिले जैसे खगड़िया, मधेपुरा, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, नालंदा, नवादा, रोहतास, सारण, शेखपुरा, सीतामढ़ी, सिवान, सुपौल, वैशाली और पश्चिमी चंपारण में 26 केंद्रों पर जांच की जाएगी। प्रत्येक चरणों में जांच की प्रक्रिया एक महीने के लिए आयोजित की जा रही है। राज्य स्वास्थ्य समिति में सूचीबद्ध एजेंसियों के माध्यम से आंखों की स्क्रीनिंग की जाएगी। समाज कल्याण और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इसका आयोजन किया गया है। पहले चरण में 23 मार्च से 22 बुनियाद केंद्रों पर जांच शुरू की गई है। पहले और दुसरे चरण में अब तक 6101 लोगों का नेत्र जांच किया गया और जरुरत के अनुसार 5205 लोगों को चश्मा निर्धारित किया गया है। चश्मा वितरण की प्रक्रिया जांच होने के 15 दिनों बाद की जाएगी।

**टोल-फ्री नंबर 18003456262 पर मिलेगी जानकारी**

इस अभियान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए सक्षम ने टोल-फ्री नंबर 18003456262 जारी किया है। दृष्टि दोष से ग्रसित कोई भी व्यक्ति या उनके परिजन इस नंबर पर कॉल करके नजदीकी बुनियाद केंद्र और शिविर की तिथि की जानकारी ले सकते हैं।

### 30 जून तक बढ़ाई गई एमनेस्टी पॉलिसी एवं एग्जिट पॉलिसी के तहत आवेदन की तिथि

**पटना (एनएसबी)।** औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने तथा निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण सृजित करने के उद्देश्य से बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) ने एमनेस्टी पॉलिसी 2025 एवं एग्जिट पॉलिसी 2025 के अंतर्गत आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 से बढ़ाकर 30 जून 2026 कर दी है। एमनेस्टी पॉलिसी 2025 के तहत औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित लंबित मामलों के समाधान का अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिससे उद्यमियों को राहत मिलने के साथ-साथ ठप पड़ी परियोजनाओं के पुनरुद्धार में सहायता मिलेगी।

एग्जिट पॉलिसी 2025 के अंतर्गत बंद, निष्क्रिय अथवा विवादित औद्योगिक इकाइयों के उद्यमियों को अपनी आवंटित भूमि स्वेच्छा से बियाडा को वापस करने की सुविधा दी गई है। इससे उद्यमियों को संभावित मुआवजा प्राप्त करने तथा विवादों के समाधान का अवसर मिलेगा। इस संबंध में उद्योग मंत्री, श्री दिलीप जायसवाल ने कहा, राज्य सरकार निवेशकों के लिए पारदर्शी, सुगम और प्रोत्साहनकारी औद्योगिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

एमनेस्टी एवं एग्जिट पॉलिसी की समय-सीमा में विस्तार से अधिकाधिक उद्यमियों को अपनी समस्याओं के समाधान का अवसर मिलेगा और राज्य में नए निवेश का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं, उद्योग विभाग के सचिव सह एमडी बियाडा एवं आईडा श्री कुंदन कुमार ने कहा, यह निर्णय औद्योगिक परिसंपत्तियों के प्रभावी उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे निष्क्रिय एवं विवादित इकाइयों से संबंधित भूमि को पुनः उपयोग में लाया जा सकेगा, जिससे नए निवेशकों को अवसर मिलेगा और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। उक्त पहल के तहत औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे राज्य में रोजगार सृजन एवं आर्थिक विकास को बल मिलेगा। उद्योग विभाग ने सभी उद्यमियों एवं निवेशकों से अपील की है कि वे इस विस्तारित अवधि का अधिकतम लाभ उठाते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन करें।

### किसान संघर्ष मोर्चा ने मनाया काला दिवस 9 अप्रैल को किसान संसद की तैयारी जोरों पर

**पटना (एनएसबी)।** सुबे भर में 9 अप्रैल को किसान संसद की तैयारी जोरों पर है। संयुक्त किसान मोर्चा बिहार की ओर से आज काला दिवस मनाया गया। ओला,तूफान,वर्षा पीड़ित किसानों को नहीं मिले अबतक मुआवजे, गुस्से में है सुबे का किसान। बदलते मौसम के भय से किसान जल्दी गेंहू तैयार कर रहे है।मगर सरकार की अधिप्राप्ति में कोई दिलचस्पी नहीं है।

आयोजन समिति,संयुक्त किसान मोर्चा बिहार की समीक्षा बैठक आज स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम पटना में संपन्न हुई। बैठक में पिछले दिनों सुबे के अंदर आये भयानक तूफान,ओलावृष्टि एवं भीषण वर्षा से तबाह एवं बर्बाद हुई फसलों, फलों एवं वृक्षों का मुआवजा सरकारी झूठे आश्वासन के बावजूद आज तक नहीं मिला।सरकार की दोगली नीति के कारण एक तरफ किसान सड़कों पर न उतरे इसके लिए झूठे आश्वासन देकर ठगा गया की मुआवजा मिलेगा और दूसरी तरफ किसानों को मुआवजा नहीं मिले, सभी जिला कृषि पदाधिकारियों को निर्देश है कि 9% से ज्यादा बबादी का रिपोर्ट नहीं दे।सरकार के सौतेलापन से किसानों में काफी आक्रोश है।मौसम में लगातार हो रहे परिवर्तन से चिंतित किसान जल्द से जल्द गेहूं को तैयार करने में लगे है।बाजार में गेहूं का भाव उम्मीद से ज्यादा नीचे गिर गया है।मगर सरकार अभी तक गेहूं अधिप्राप्ति के लिए कोई ठोस तैयारी नहीं की है।जिलाओं का लक्ष्य भी निर्धारित नहीं हुआ है। इसलिए अविलंब जिलों का लक्ष्य निर्धारित कर गेहूं अधिप्राप्ति शुरू हो। इसके लिए सरकार को अविलंब विशेष पहल करनी चाहिए।वर्ना किसान बाजार में लुट जाएगें। बैठक में पूरे बिहार में किसान संसद की हो रही तैयारी का जायजा लिया गया।

किसानों की समस्याओं पर आयोजित किसान संसद को लेकर किसानों में चारों ओर काफी उत्साह देखा जा रहा है। किसान संसद की तैयारी में एक खुबसुरत आमंत्रण पत्र भी प्रकाशित हुई है।बड़े पैमाने पर आमंत्रण पत्र बाँटा जा रहा है।किसान जन प्रतिनिधि,किसान कार्यकर्ता, विभिन्न किसान संगठनों में काम करने वाले साथी,सहकारिता कर्मी एवं बुद्धिजीवियों ने इस आहुत किसान संसद में भाग लेने के लिए अपना सहयोग और समर्थन दे रहे हैं। विभिन्न किसान संगठनों के राष्ट्रीय नेताओं का संसद में आगमन की सहमति मिल गई है। आज आयोजन समिति के प्रतिनिधियों ने समीक्षा बैठक में भाग लेकर अपना-अपना बहुमूल्य सुझाव और तैयारी की कार्य योजना पेश की।किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह,अमेरिका महतो,क्रांति राशोष,अशोक कुमार सिंह,जालंधर यदुवंशी,अनिल कुमार सिंह,उड्डयन राय,श्रीकांत प्रसाद, नंदन राज ने तैयारी की विस्तृत रिपोर्ट पेश किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशीष रंजन ने की।

**स्वास्थ्य मंत्री ने किया नर्सिंग संस्थानों को मान्यता देने की दिशा में डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ**

# नर्सिंग संस्थानों को अब ऑनलाइन मान्यता



**बढ़ेगी पारदर्शिता, ऑनलाइन आवेदन और स्वीकृति से समय की बचत, गुणवत्ता पर फोकस**

**पटना (एनएसबी)।** नर्सिंग संस्थानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से ऑनलाइन मान्यता प्रदान करने की सुविधा का शुभारंभ बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया। शास्त्रीनगर स्थित ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नर्सिंग संस्थानों के एनओसी और दूसरी प्रक्रियाओं को ऑनलाइन किए जाने से गुणवत्ता में सुधार एवं पारदर्शिता आएगी।

श्री पांडेय ने कहा कि एक दशक पहले तक राज्य में नर्सिंग संस्थान नहीं थे। इसकी टीस मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गहराई से थी। फलस्वरूप, उन्होंने राज्य में नर्सिंग शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल किए। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत तेजी से सरकारी और गैर सरकारी नर्सिंग कॉलेज खोले गए। आज बिहार में 656 नर्सिंग कॉलेजों में नर्सिंग की अलग-अलग पाठ्यक्रमों की पढ़ाई हो रही है। इन संस्थानों में पढ़ाई के लिए 41 हजार 65 सीट स्वीकृत हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार नर्सिंग संस्थानों की संख्या बढ़ाने के लिए कारगर पहल करेगी। लेकिन संस्थानों को मानकों का पूरा ख्याल रखना होगा। उन्होंने कहा कि नर्सिंग की पढ़ाई में गुणवत्ता से किसी प्रकार समझौता नहीं होगा। राज्य के नर्सिंग संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल करने वाले छात्र-छात्रा भविष्य में न सिर्फ राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान स्थापित करेंगे।

श्री पांडेय ने कहा कि नर्सिंग इंस्टीट्यूट के लिए आवेदन और एनओसी की सुविधा ऑनलाइन शुरू किए जाने से संस्थान प्रबंधन को दौड़-भाग से राहत मिलेगी। इस ऊर्जा को संस्थान प्रबंधन गुणवत्ता सुधार पर खर्च कर सकेंगे। उन्होंने नर्सिंग संस्थानों के प्राचार्य और निदेशकों से कहा कि उपलब्ध सुविधाओं को पोर्टल पर अपलोड करना होगा ताकि इसकी जानकारी आम लोगों को भी मिल सके। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने पांच नर्सिंग संस्थानों के एनओसी का ऑनलाइन अनुमोदन किया और संस्थान प्रबंधन को प्रमाण पत्र दिए।

विभागीय सचिव लोकेश कुमार सिंह ने कहा कि नर्सिंग संस्थानों को मान्यता देने की दिशा में डिजिटल प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल से गुणवत्ता में सुधार होगा। इससे पारदर्शिता लागू होगी। उन्होंने सभी संस्थान प्रबंधन को गुणवत्ता सुधार, मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के पारदर्शिता लागू करने के साथ शोषणकारी व्यवस्था को खत्म करने की दिशा में मान्यता के लिए आवेदन और एनओसी देने की प्रक्रिया ऑनलाइन की गई है। इस अवसर पर राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यकारी निदेशक अमित कुमार पांडेय, विशेष सचिव शैलेष कुमार एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उर्वरक के लिए भटकना खत्म, ऐप से मिल रही नजदीकी दुकानों की सटीक जानकारी

**पटना (एनएसबी)।** बिहार सरकार किसानों को सशक्त बनाने और उनकी आय में वृद्धि करने के लिए आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दे रही है। इसी कड़ी में कृषि में डिजिटल तकनीक को प्रोत्साहित किया जा रहा है। ऐसे में बिहार कृषि ऐप राज्य के किसानों का सच्चा साथी बनकर उभरा है। यह ऐप किसानों की विभिन्न समस्याओं का समाधान कर कृषि एवं कृषि आधारित कार्यों को आसान बना रहा है। यही कारण है कि राज्य के किसान तेजी से इस ऐप को डाउनलोड कर रहे हैं।

किसानों की उर्वरक से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में यह ऐप प्रभावी उपाय सिद्ध हो रहा है। इस ऐप पर किसान अपनी नजदीकी उर्वरक दुकान को तलाश सकते हैं। यहां उन्हें अपने जिले और प्रखंड में मौजूद उर्वरक दुकानों की जानकारी मिलती है। इस ऐप पर किसान अपने आसपास की उन दुकानों पर मौजूद उर्वरक के स्टॉक को भी देख सकते हैं। इस ऐप के कारण अब दुकानदार किसानों को यह कहकर नहीं लौटा सकते हैं कि हमारे पास यह उर्वरक नहीं है।

किसान इस ऐप पर मौजूद एआई चैटबॉट (प्रश्न पूछें) के माध्यम से खेती से जुड़ी अपनी विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान भी प्राप्त कर सकते हैं। यह चैटबॉट किसानों के विभिन्न सवालों के जवाब देता है। इस ऐप के माध्यम से घर बैठे ही वे मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी ले सकते हैं। कृषि संबंधित सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी किसानों को अब एक ही मोबाइल ऐप पर मिल रही है।

**ऐप, ई-गाइड व ऑनलाइन टिकट से बदला घूमने का तरीका, पहले दिन 700 पर्यटकों ने लिया नया अनुभव**

# पटना जू में गाइड टूर की शुरूआत

**पटना (एनएसबी)।** राजधानी स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान में बुधवार से गाइड टूर की सुविधा शुरू हो गई है। पहले दिन लगभग 700 लोगों ने गाइड के साथ ई वाहन पर जू भ्रमण किया और वन्यजीवों के बारे में जानकारी प्राप्त की। बता दें कि जू गाइड की सुविधा सशुल्क उपलब्ध है। यानि पर्यटकों को इसके लिए शुल्क देना होगा। इसमें जू गाइड ई-कार्ट के साथ पर्यटकों को पूरे जू का भ्रमण कराते हैं और वन्यजीवों के बारे में जानकारी देते हैं। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए पर्यटक प्रवेश द्वार के अंदर बने गाइड काउंटर से संपर्क करते हैं। इसके अलावा जू प्रशासन की ओर से पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई डिजिटल सेवाएं शुरू की गई हैं। इससे कम समय में अधिक वन्यजीवों को देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है।

**गाइड टूर, ऐप और ई-टिकट से बदला घूमने का अंदाज :** जू प्रशासन की ओर से शुरू किया गया जू ऐप पर्यटकों के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा है। इस ऐप के माध्यम से पर्यटक ऑनलाइन टिकट बुक कर रहे हैं। इससे टिकट काउंटर पर लगने वाली लंबी कतारों से लोग बच रहे हैं। इसके साथ ही ऐप में नैविगेशन की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे पर्यटक जू परिसर में आसानी से अपने पसंदीदा वन्यजीवों तक पहुंच रहे हैं और कम समय में बेहतर भ्रमण का अनुभव ले रहे हैं।

ऐप की एक खास सुविधा यह भी है कि जब पर्यटक किसी वन्यजीव के पास पहुंचते हैं, तो उन्हें उस वन्यजीव से जुड़ी विस्तृत जानकारी पढ़ने और सुनने की सुविधा मिलती है। इससे जू भ्रमण केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि ज्ञानवर्धक अनुभव भी बन रहा है। इसके अलावा ऐप में खोया एवं पाया की सुविधा भी दी गई है, जिससे पर्यटकों को किसी सामान के खो जाने पर सहायता मिल सके।

जू परिसर में पर्यटकों के लिए फ्री वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध है। जू प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से भी ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही पर्यटक पेड़ों पर लगे क्यूआर कोड के माध्यम से जू में मौजूद वन्यजीवों और पौधों की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।

# जीएसटी कलेक्शन में रिकॉर्ड उछाल

**32,801 करोड़ जीएसटी संग्रहण के साथ 11.67% की बढ़त**

**पटना (एनएसबी)।** राज्य वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण के मामले में वाणिज्यकर विभाग ने वर्ष 2024-25 के रिकॉर्ड को काफी पीछे छोड़ दिया है। विभाग से जारी आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 32,801.35 करोड़ जीएसटी का संग्रहण किया गया। जो वर्ष 2024-25 से 11.67 फीसदी अधिक है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार आईजीएसटी समायोजन के बाद राज्य का शुद्ध जीएसटी संग्रहण 32,077.22 करोड़ रहा, जो 9.20 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

वाणिज्य कर विभाग की ओर से जारी प्रावधिक आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के कर संग्रहण में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य ने बड़े राज्यों की श्रेणी में कुल संग्रहण वृद्धि दर के आधार पर चौथा स्थान प्राप्त किया है, जो कर प्रशासन में निरंतर सुधार और प्रभावी निगरानी का परिणाम है।

आंकड़े बताते हैं कि मार्च 2026 में एसजीएसटी एवं आईजीएसटी समायोजन सहित बिहार की वृद्धि दर 13 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत 5 प्रतिशत से काफी अधिक है। संपूर्ण नकद संग्रहण के आधार पर बिहार ने 10.60 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की, जबकि राष्ट्रीय औसत 6.40 प्रतिशत रहा।

जीएसटी और गैर-जीएसटी को मिलाकर राज्य का कुल कर संग्रहण वित्तीय वर्ष 2025-26 में 43,324.79 करोड़ था। यह पिछले वर्ष की तुलना में 4.09 प्रतिशत अधिक है। राज्य सरकार की ओर से निर्धारित 46,500 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध विभाग ने 93.17 प्रतिशत संग्रहण प्राप्त किया।

अधिकारियों ने बताया कि ई-वे बिल विश्लेषण, डेटा एनालिटिक्स आधारित निगरानी, जोखिम आधारित जांच और करदाताओं के साथ संवाद को मजबूत किए जाने से कर आधार का विस्तार हुआ और राजस्व संग्रहण में स्थायी वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने आने वाले वित्तीय वर्ष में कर प्रणाली को और अधिक सरल, पारदर्शी बनाने, करदाताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ ही राजस्व संग्रहण वृद्धि की गति को बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने का दावा किया है।

# काली पट्टी लगाकर ईस्ट सेंट्रल रेलवे ईम्पलाइज युनियन ने जताया विरोध

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे ईम्पलाइज युनियन के केन्द्रीय आह्वान पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे ईम्पलाइज युनियन द्वारा समस्तीपुर मंडल के विभिन्न स्टेशन, सभी आफिस, लाबी पर चार नए श्रम कानून, न्यू पेंशन स्कीम, सरकारी संपत्ति रेलवे सहित के निजीकरण के विरोध में एवं पुरानी पेंशन बहाली एवं सभी खाली पड़े पदों पर अविलंब बहाली हेतु काली पट्टियां बांधकर रेलकर्मी ने विरोध जताया। जिसमें समस्तीपुर में मंडल उपाध्यक्ष ऋषिकेश कुमार, संगठन सचिव दीपक कुमार सिंह, आउटडोर शाखा सचिव सुबोध कुमार, आउटडोर शाखा कोषाध्यक्ष विमलेश कुमार, लोकों शेड में लोको शाखा सचिव सोहन कुमार यादव, सहरसा में मंडल अध्यक्ष मिथिलेश ठाकुर, सहरसा शाखा सचिव उमाशंकर चौपाल, सहरसा शाखा अध्यक्ष चंदन पासवान, शाखा कोषाध्यक्ष साजन कुमार, प्रवीण कुमार शाखा संगठन सचिव सोनबरसा कचहरी में सहरसा शाखा संयुक्त सचिव श्यामनंदन पासवान, सिमरी बख्तियारपुर में मंडल संगठन सचिव रविन्द्र कुमार, बनमनखी में मंडल उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार, पुर्णिया कोर्ट में जोनल वर्किंग कमिटी प्रमोद कुमार राय, सरायगढ़ में शाखा कार्यकारी उपाध्यक्ष निशांत झा, झंझारपुर में दरभंगा संयुक्त शाखा सचिव मो इम्तियाज, दरभंगा शाखा उपाध्यक्ष बैद्यनाथ भारती, संरक्षक भूषण सिंह, कृष्ण कुमार, दरभंगा में मंडल सचिव संजीव कुमार मिश्र, शाखा अध्यक्ष प्रमोद कुमार यादव, शाखा सचिव राकेश पासवान एवं सैकड़ों कर्मचारीयो ने इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

**वित्तीय वर्ष 2025-26 में खान एवं भूतत्व विभाग ने वसूला रिकॉर्ड 3592 करोड़ रु. का राजस्व : विजय सिन्हा**

# बालू खनन का लीज सरेंडर करने वाली कंपनियों की नए टेंडर में इंट्री नहीं

**पटना (एनएसबी)।** खान एवं भूतत्व विभाग ने कल मंगलवार को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड कुल 3592.60 करोड़ रुपये के राजस्व की वसूली की है, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में 56.39 करोड़ रुपये अधिक है। राज्य के उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तय कुल 3850 करोड़ रुपये के अपने राजस्व वसूली के लक्ष्य को हासिल कर लेगा।

श्री सिन्हा ने कहा कि विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 3592.60 करोड़ रुपये की वसूली की है, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 3536.21 करोड़ रुपये का राजस्व वसूला गया था। इस साल विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 56.39 करोड़ रुपये अधिक राजस्व इकट्ठा किया है। उन्होंने कहा कि विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में इस साल अधिक राजस्व हासिल किया है। वह भी तब, जब कुल 78 बालू घाट सरेंडर कर दिए गए थे। इससे सरकार को राजस्व वसूली में कुल 600 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।

खान एवं भूतत्व विभाग को वर्ष 2024-25 में अलग-अलग कार्य विभागों से कुल 511 करोड़ रुपये मिले थे, लेकिन पिछले साल के मुकाबले कल समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्य विभागों से केवल 369 करोड़ रुपये ही प्राप्त हुए हैं, जिससे राजस्व वसूली में करीब 150 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च, 2026 को काम खत्म होने के समय तकनीकी वजहों से विभाग को अलग-अलग एजेंसियों और विभागों से कुल 309 करोड़ रुपये नहीं मिल पाए हैं। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि खान एवं भूतत्व विभाग को रेलवे से 32 करोड़ रुपये, ग्रामीण कार्य विभाग से से 70 करोड़ रुपये, सीपीडब्लूडी से 20 करोड़ रुपये और पटना मेट्रो से 6.5 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है। उन्होंने भरोसा जताया कि विभाग को ये पैसे ट्रांसफर होने के बाद कुल राजस्व की वसूली 3800 करोड़ रुपये के राजस्व वसूली के अपने लक्ष्य को पार कर लेगा।

**कुल 78 कंपनियों ने भारी नुकसान का हवाला देकर बालू खनन के लीज को किया था सरेंडर**

श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य के कुल 21 जिलों ने 2025-26 में अपने राजस्व वसूली के लक्ष्य से कहीं अधिक राजस्व की वसूली की है। इसके लिए इन 21 जिलों के अपने अधिकारियों और कर्मियों को उन्होंने बधाई दी। इस संवाददाता सम्मेलन में विभाग के निदेशक मनेश कुमार मीणा, अपर सचिव भारत भूषण प्रसाद के साथ अन्य अधिकारी मौजूद थे।

श्री सिन्हा ने कहा कि बालू घाटों को सरेंडर करने वाली कंपनियों को अब नए टेंडर में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने राज्य में कुल 78 बालू घाटों को सरेंडर करने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जिन कंपनियों ने बालू के खनन की लीज सरेंडर की है, उन्हें राज्य में बालू खनन के लिए अब निकलने वाले नए टेंडर में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि दरअसल, ओवरलोडिंग और गैर-कानूनी बालू के खनन पर कड़ी निगरानी की वजह से उन्होंने ये घाट सरेंडर किये हैं। उन्होंने बताया कि विभाग ने कुल 12 बालू घाटों के ऑक्शन के लिए नए टेंडर जारी कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि ह्बिहारी खनन योद्धा पुरस्कारह् पाने वाले कुल 96 लोगों के बैंक खाते में कुल 4.90 लाख रुपये ट्रांसफर किए हैं।

श्री सिन्हा ने कहा कि राजस्व वसूली को और अधिक बढ़ाने के मकसद से खान एवं भूतत्व विभाग ने कुल 30 ब्लॉक के लिए स्टोन माइनिंग लीज की पहचान की है। जल्द ही यह जमीन पर दिखने लगेगा। सरकार के इस कदम से न केवल दूसरे राज्यों से पत्थरों के आयात पर हमारी निर्भरता कम होगी, बल्कि राज्य के लोगों के लिए रोजगार के नए मौके अवसर भी पैदा होंगे।